CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार : राष्ट्रपति पेज 2



हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय खेल टाइम्स



आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज सम्पादकीय



पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी पेज 12

# रोहिंग्या मामला: सीजेआई के समर्थन में उतरे 44 पूर्व जज

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के सपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और देशभर की हाईकोर्ट के 44 जज समर्थन में आए हैं। 9 दिसम्बर को सभी जजों के साइन वाला लेटर जारी किया गया। इसमें लिखा गया है कि हम रिटायर जज रोहिंग्या प्रवासियों के मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के खिलाफ चलाए जा रहे गलत अभियान पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।




**■ कहा: बयान का गलत मतलब निकाला, सीजेआई बोले थे- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए**

आलोचना हो सकती है, लेकिन यह अभियान न्यायपालिका की छवि खराब करने की कोशिश है। 44 जजों का ये रिएक्शन 5 दिसम्बर को रिटायर जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जारी लेटर के विरोध में आया है। इसमें कहा गया था कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ मोदी बोले: दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा**
**■ दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य सहित 15 धरोहरें शामिल**

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।

इस पर पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर- गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसम्बर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसम्बर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें। यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते, लेकिन अनुभव किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार लेकिन स्थिति अब भी 'गंभीर'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह थोड़ी बेहतर हुई, लेकिन सुबह 9:10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 दर्ज किया, जिससे यह अब भी 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार की शाम को एक्यूआई 282 दर्ज किया था, जिसमें बुधवार की सुबह गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर भी राजधानी में धुएं-कोहरे (स्मॉग) की परत बनी रही। यहां पर 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हवा और इसमें 71 प्रतिशत की नमी ने स्थिति को गंभीर बना दिया। बुधवार को यहां पीएम 2.5 का स्तर 144 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 का स्तर 187 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर मापा गया। शहर के कई हिस्सों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी।

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: चार मालिकों में से एक हिरासत में

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उसे गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा गया है।

### हिमाचल के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी, यूपी के 20 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बीच मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। उप्र में बाराबंकी, गोंडा समेत 20 जिलों में बुधवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य रही। वहीं, बिहार के 10 जिलों में भी कोहरे से विजिबिलिटी जीरो रही। हिमाचल के लाहौल स्पीति जिला के शिंकुला दर्रा में बर्फबारी हुई। शिंकुला टॉप पर 6 इंच तक बर्फ पड़ी। तापमान में 3-4 डिग्री तक की गिरावट आई है।

# हाईकोर्ट ने केंद्र को लगाई फटकार

## कहा: इंडिगो फेल हुई, तो सरकार ने क्या किया, 4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**इंडिगो संकट**



**■ आप क्या कर रहे थे, स्थिति पैदा क्यों होने दी**
**■ यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ**

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपये से बढ़कर 30,000 रुपये तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की, आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है। इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। सीईओ को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी, तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है। डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो की ऑपरेटिंग क्षमता और उसके वास्तविक विमान इस्तेमाल में बड़ा अंतर है। यानी कंपनी जितने विमान उड़ाने की क्षमता दिखा रही है, उतने विमान वह उड़ा नहीं पा रही है। डीजीसीए के मुताबिक इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6 प्रतिशत ज्यादा विंटर शेड्यूल ले लिया, लेकिन अक्टूबर में उसके 339 और नवम्बर में 344 विमान ही उड़ान भर सके। नवंबर में शेड्यूल 64,346 में से 59,438 विमान ही उड़ान भर पाए, यानी 4,900 कम। उन्होंने बताया कि सर्दियों में दबाव पहले से होता है, फिर भी कंपनी ने 26 अक्टूबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल में पिछले साल से 9.66 फीसदी ज्यादा उड़ानें लीं, जबकि वह इतनी क्षमता साबित नहीं कर सकी। इससे सिस्टम पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया।

### हवाई अड्डों पर स्थिति की निगरानी करेगा एएआई का विशेष समूह

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने इंडिगो संकट के बीच हवाई अड्डों पर निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। सूत्रों ने बताया कि यह समूह रोजाना स्थिति रिपोर्ट तैयार कर नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपेगा और जहां यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस की कोताही सामने आएगी उन मामलों में कार्रवाई भी की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित उड़ान भवन में मौजूद यह समूह एएआई द्वारा प्रबंधित सभी हवाई अड्डों के निदेशकों के साथ संपर्क में है। यात्रियों को होने वाली परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोई भी यात्री जब समस्या लेकर आता है तो उसकी बात इंडिगो के हवाई अड्डा प्रबंधक से कराई जाती है।

# घुसपैठिए तय नहीं करेंगे कौन पीएम-सीएम बनेगा: गृह मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था: शाह**

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लिया। अमित शाह ने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था है। कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ फैला रही है।

कांग्रेस की ओर से जो झूठ फैलाया गया है, मैं उसका जवाब दूंगा। अमित शाह ने विपक्ष को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री घुसपैठिये तय नहीं करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि यह अधिकार केवल भारत के नागरिकों का है। शाह ने विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया है, विपक्ष की कृपा से नहीं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की जरूरत पर भी बात की। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह-**शेष पृष्ठ दो पर**

# चलती ट्रेन से पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ नाटकीय घटनाक्रम के तहत देवरिया में जमीन धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को मंगलवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम के तहत शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर तब गिरफ्तार कर लिया गया जब वह लखनऊ से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे।

लखनऊ पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की और शाहजहांपुर पुलिस की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई अंजाम दी। सूत्रों के अनुसार, घटना करीब रात 1:15 से 1:52 बजे के बीच की है। अमिताभ ठाकुर जिस कोच में सफर कर रहे थे, पुलिस टीमें दोनों ओर से उसमें सवार हुईं। उस समय ठाकुर सो रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जगाया और ट्रेन से नीचे उतार लिया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने इस कार्रवाई को देखा, तो कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात में उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ की गई और इसके बाद विधिक कार्यवाही के लिए देवरिया भेज दिया गया। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 1999 में देवरिया में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनाती के दौरान अमिताभ ठाकुर ने कथित रूप से अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए जिला उद्योग केंद्र, देवरिया से औद्योगिक प्लॉट संख्या बी-2 को अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर आवंटित कराया। आरोप है कि उन्होंने बाद में फर्जी नाम और फर्जी पहचान के आधार पर इसे नए नामों से परिवर्तित कर कूट दस्तावेज तैयार कर प्लॉट को व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया तथा बाद में इसे लाभ कमाने के उद्देश्य से बेच दिया। शिकायत में कहा गया है कि जमीन आवंटन के लिए झूठे दस्तावेज व पहचान प्रमाण पेश किए गए। सरकारी विभागों को लंबे समय तक गुमराह कर धोखाधड़ी की गई। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं भादस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से किया इन्कार



**■ बोले-आयोजकों ने बिना पूछे नाम घोषित किया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले एनजीओ ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (एचआरडीएस) इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी ये अवार्ड देने की घोषणा की गई है।

### मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताए कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। श्री गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं, लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए। श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर कहा कि भारत की जनता ये तीन बहुत जरूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त के चयन के पैनल से क्यों हटाया गया। पिछले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग को लगभग पूरी कानूनी इम्युनिटी क्यों दी और सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने की इतनी जल्दबाजी क्यों की गई।

# दिल्ली-NCR की सुरक्षा को तैनात होगा स्वदेशी डिफेंस सिस्टम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ ड्रोन-फाइटर जेट के हमलों को नाकाम करेगा, अगस्त में सफल परीक्षण किया जा चुका**

**नई दिल्ली।** भारत अब राजधानी दिल्ली-एनसीआर को मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर जेट हमले जैसे खतरों से बचाने के लिए अपना खुद का मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम लगाने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के अनुसार नया इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) पूरी तरह देश में बने हथियारों से तैयार होगा।

इस सिस्टम का सबसे बड़ा हिस्सा डीआरडीओ की बनाई आईक्यूआरएसएएम मिसाइल और वीएसएचओआरएडीएस होगा। इनके साथ कई तरह के सेंसर, रडार और एक आधुनिक कंट्रोल सिस्टम जोड़ा जाएगा, जिससे हर खतरे पर तुरंत नजर रखी जा सके। ये पूरा सिस्टम भारतीय वायुसेना ऑपरेट करेगी। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को सफल परीक्षण भी हो चुका है। आईएडीडब्ल्यूएस का 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया गया था। आईएडीडब्ल्यूएस एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसे सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वार्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसके बाद 23 अगस्त को ओडिशा के तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का सफल परीक्षण किया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### रामगोपाल की हत्या के मामले में 10 मुख्य आरोपी दोषी करार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की हत्या के मामले में मंगलवार शाम को महत्वपूर्ण कार्रवाई हुई। एडीजे फर्स्ट पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने इस मामले में 10 मुख्य आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोषियों को सजा का ऐलान 11 दिसम्बर को किया जाएगा। लंबी सुनवाई के बाद, कोर्ट ने 10 आरोपियों को अब्दुल हमीद, फहीम, सरफराज उर्फ रिकू, मोहम्मद तालिब उर्फ सबलू, सैफ अली, जावेद खान, मोहम्मद जीशान उर्फ राज उर्फ साहिर, शोएब खान, ननकऊ और मारूफ को दोषी पाया। वहीं खुर्शीद, शकील अहमद उर्फ बबलू और मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

### राजगोपालाचारी को मोदी ने किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सी. राजगा. पालाचारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक बताया। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, विच. ारक, बुद्धिजीवी, राजनेता ये कुछ ऐसे शब्द हैं, जो सी. राजगा. पालाचारी को याद करते समय मन में आते हैं। उन्होंने कहा कि राजगोपालाचारी 20वीं सदी के सबसे तेज दिमाग वाले लोगों में से एक थे, जो मूल्यों और इंसान की गरिमा बनाए रखने में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश उनके स्थाई योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। उल्लेखनीय है कि राजगोपालाचारी को राजाजी के नाम से जाना जाता है। वह भारत के आखिरी गवर्नर-जनरल और महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी थे।

# वेस्ट यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर 400 के पार पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी के कई जिलों का प्रदूषण स्तर इन दिनों बढ़ा हुआ है। इनमें हापुड़, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ जैसे जिले शामिल है। यहां का एक्यूआई लगभग 400 तक पहुंच गया है। प्रदूषण के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मरीज जिन्हें सांस की बीमारी है, उन्हें खास दिक्कत हो रही है।

बुधवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स सुबह 338 था, वहीं दोपहर 2 बजे 210 एक्यूआई दर्ज किया गया। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया का प्रदूषण स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ में छह जगह ऐसी हैं, जहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स आमतौर पर बढ़ा रहता है। सुबह और शाम इन दिनों यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ा रहता है। बुधवार को लालबाग का एक्यूआई 280, तालकटोरा इंडस्ट्रियल



■ लखनऊ में भी बिगड़ रही आबोहवा, बचाव करना जरूरी

एरिया का 372, केंद्रीय विद्यालय का 231, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 187, गोमतीनगर का 209, कुकरैल पिकनिक स्पॉट का एक्यूआई 109 रहा। सीपीसीबी रिपोर्ट के मुताबिक कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के पार है। लगभग 400 एक्यूआई और कुछ जिलों का एक्यूआई 300 के कम है। बुधवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 338, गोरखपुर का 210, ग्रेटर नोएडा का 355, हापुड़ का 394, कानपुर 212, लखनऊ का 270, मेरठ का 271, मुरादाबाद का 170, मुजफ्फरनगर का 263, नोएडा का 377, प्रयागराज का 163, वाराणसी का 171 और वृंदावन का एक्यूआई 174 रहा। आईआईटीआर के निदेशक डा. भास्कर नारायण ने बताया कि इस समय उत्तर प्रदेश का प्रदूषण स्तर काफी बड़ा हुआ है। इससे न सिर्फ जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि जीव जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण का स्तर इस कदर है कि जो स्वस्थ व्यक्ति है, उसको भी सांस लेने में बाहर तकलीफ होती है या फिर बाहर निकलते समय खांसी आनी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग है सोच लेते हैं कि शायद इस मौसम में खांसी सर्दी जुकाम होता है। सर्दी जुकाम के अलावा खांसी की समस्या प्रदूषण के कारण भी होती है, लेकिन लोग इस बात की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

### मरीजों की ओपीडी में संख्या बढ़ी

मेरठ में चेस्ट, श्वांस, एलर्जी क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट डा. विरोत्तम तोमर ने बताया कि प्रदूषण के कारण सांस के मरीज, एलर्जी के मरीज, ऐसे मरीज जिनको लगातार छींक आना, नाक बहना, गले में खराश, दमे के रोगी, नाक बहना, सीओपीडी के मरीजों की संख्या ओपीडी में लगातार बढ़ी ही है। मरीजों की संख्या में 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया और फंगल निमोनिया के भी मामले में सामने आ रहे हैं। डा. विरोत्तम तोमर ने कहा कि अस्थमा रोगी हैं या सीओपीडी के मरीजों के लिए आवश्यक है कि जब कोहरा होता है, तो उस समय वह वॉक न करें। हो सके तो बेवजह घर के बाहर न जाएं, बीमार सदस्यों के पास छोटे बच्चे और बुजुर्ग न जाएं। घर पर आराम करें पानी ज्यादा पियें। डा. विरोत्तम तोमर कहते हैं कि अगर अस्थमा अटैक बढ़ रहा है, तो उन पर ध्यान देना होगा। जैसे कोई व्यक्ति अपनी पूरी बात एक वाक्य में नहीं कह पा रहा हो, सांय-सांय की आवाज आ रही हो या छाती में जकड़न या कसावट बढ़ती जा रही हो, सांस फूल रही है, ठीक से कोई लेट नहीं पा रहा हो, तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

# हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकारः मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रीमती मुर्मू ने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि हमने दुनिया को याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। भारत ने हमेशा इस शाश्वत सत्य का पालन किया है: न्याय के बिना शांति नहीं है।

# हम यूपी में विस चुनाव को पूरी तरह तैयारः सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनता दल नीत महागठबंधन की हार पर बड़ा बयान दिया है। अखिलेश ने कहा कि यूपी, बिहार नहीं है, हम यूपी में पूरी तरह से तैयार हैं। बिहार के संदर्भ में अखिलेश ने कहा कि मैंने खुद बिहार में प्रचार किया, लेकिन मुझे कहीं नहीं लगा कि महागठबंधन हार रहा है। मुझे लगा कि तेजस्वी सीएम बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा ही नहीं था कि तेजस्वी हार जाएंगे।

अखिलेश ने कहा कि ईवीएम में भी गड़बड़ी कई जगह सामने आई। अखिलेश ने कहा कि एक दिन ईवीएम को हटाना ही पड़ेगा। सपा मुखिया ने दावा किया कि चुनाव के दौरान जो 10 हजार रुपये दिए गए, उसका भी असर रहा। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि अब बिहार सरकार 10



■ बिहार में ईवीएम और दस हजार के चक्कर में हारा महागठबंधन

हजार रुपये नहीं दे रही है। अखिलेश ने प्रशांत किशोर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की पार्टी हार गई। जब वह जमीन पर गए होंगे, तो उन्हें पता चला होगा कि बीजेपी कैसे नैरेटिव बनाती है। गानों पर नैरेटिव बना देती है.,कोई एआई से गानाबना दे , तो उसका भी नैरेटिव बना देती है। अखिलेश ने कहा कि यूपी का चुनाव बिहार से बहुत अलग होता है। हम राज्य में चुनाव के लिए अभी से तैयार हैं। सपा नेता ने कहा कि हमारी पार्टी पूरी सावधानी से काम कर रही है।

## गोरखनाथ विवि के संस्थापक सप्ताह समारोह में बोले सीएम योगी

# स्मार्टफोन व ड्रग्स युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती

गोरखपुर, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा, इन दोनों नशों से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे।

नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। सीएम योगी बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे, जिनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा, क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकाद. मिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा, क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है, उसको हम अवसर न दें। योगी ने कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए। आवश्यक हो तभी आधा या एक घंटा तक ही आप मोबाइल फोन का इस्तेमाल करिए। समय तय करिए कि मुझे जब आवश्यक बात करनी है तभी बात करूंगा, अनावश्यक नहीं। सीएम योगी ने कहा स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग आपकी आंख की साइट को प्रभावित करेगा। मस्तिष्क को कुंद कर देगा, बुद्धि, विवेक और शारीरिक क्षमता को भी यह पूरी तरह कमजोर कर देगा।



■ मुख्यमंत्री ने कहा कि इनसे बचेंगे, तो भविष्य बचा पाएंगे

### 19 दिसम्बर से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने मंगलवार को 'बाई सर्कुलेशन' के माध्यम से सत्र की तिथियों को मंजूरी दे दी। अब इस प्रस्ताव पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति के बाद आधिकारिक अधिससूचना जारी की जाएगी। सत्र 19 से 24 दिसम्बर तक चलेगा। हालांकि बीच में 21 दिसम्बर (रविवार) को अवकाश होने के कारण प्रभावी रूप से चार कार्य दिवस ही उपलब्ध रहेंगे। संक्षिप्त अवधि को देखते हुए सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। सत्र के दौरान सरकार का प्रमुख कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट पेश करना होगा। इसमें विभिन्न विभागों की अतिरिक्त जरूरतों के लिए धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।

### नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीकः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान वही मेहनत वही, खेत वही, प्रशासन वही, अधिकारी वही, इच्छाशक्ति वही फिर क्या वजह थी कि परमात्मा एवं प्रकृति की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में किसान अपनी अपेक्षा के मुताबिक उत्पादन करने की बजाय आत्महत्या को मजबूर हो रहे थे।



सेंसेक्स 84391.27
निफ्टी 25758



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# लगातार तीसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार



**मुंबई।** रुपये में गिरावट से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक (0.32 प्रतिशत) टूटकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 81.65 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उतरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 नवम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 प्रतिशत गिरा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, बैंकिंग और वित्त क्षेत्र की कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, धातु, फार्मा और तेल एवं गैस सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग तीन फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत और भारती एयरटेल का एक प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही।

### स्पाइसजेट ने की 100 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विटर शिड्यूल के दौरान रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 'महत्वपूर्ण मार्गों पर बढ़ती मांग' के मद्देनजर उसकी योजना रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की है। नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद ए उड़ानें शुरू की जा सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि इंडिगो संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को विडर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद उसे रोजाना 210 से अधिक उड़ानें कम करनी होंगी। उनकी जगह दूसरी एयरलाइंस को मौका दिया जाएगा। स्पाइसजेट की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि पिछले दो महीने में उसके बेड़े में विमानों की संख्या में 17 की वृद्धि हुई है।

# चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड छुआ अपना ऑल-टाइम हाई

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी ने एक बार फिर अपना आल-टाइम हाई छू लिया है। एमसीएक्स पर पहली बार इसकी कीमत 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार चली गई। घरेलू वादा बाजार एमसीएक्स पर बुधवार को सुबह 9 बजे के आसपास चांदी की कीमतों में उछाल दिखा।

इसके साथ ही चांदी ने पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। आज सोने के भाव भी बढ़े हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार बुधवार 24 कैरेट सोना बुधवार सुबह 117330 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। लेबर मार्केट ठंडा पड़ रहा है और महंगाई फेड के 2 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, ऐसे में फेडरल रिज़र्व का फैसला अहम होगा। अमेरिका में 29 नवंबर को खत्म हुए हफ्ते में शुरुआती बेरोज़गारी के दावे घटकर 1,91,000 पर आ गए। ये तीन साल से ज़्यादा समय में सबसे निचला लेवल है और 2,20,000 के अनुमान से काफी कम है। कोमेरिका इकोनॉमिक्स को उम्मीद है कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बुधवार को साल की अपनी आखिरी मीटिंग में फेडरल फंड्स रेट को 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 3.50 प्रतिशत की रेंज में कर देगी। हालांकि इंटरेस्ट रेट में कटौती की उम्मीदें सोने को सपोर्ट कर रही हैं, लेकिन बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी कीमतों पर दबाव डाल रही है।

# चावल कमजोर, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,850.77 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,850.29 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की 12 रुपये बढ़ी। उड़द दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,061 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.67 प्रतिशत गिरकर में 51.36 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 152 रुपये और वनस्पति 95 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 46 रुपये और पाम ऑयल की 39 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 38 रुपये और मूंगफली तेल 30 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7860.97 रुपये, मसूर काली 8182.93 रुपये, मूंग दाल 10115.04 रुपये, उड़द दाल 10365.45 रुपये, तुअर दाल 10599.03 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.29 रुपये और चावल 3850.77 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.15 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4330.28 रुपये और गुड़ 504. 96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17735.82 रुपये, मूंगफली तेल 17735.82 रुपये, सूरजमुखी तेल 15727.41 रुपये, सोया तेल 13836. 55 रुपये, पाम ऑयल 12432.64 रुपये और वनस्पति 14507.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घुसपैठिए तय...**

का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। हम भाजपा और एनडीए के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे, चर्चा के लिए हमने न कहा कि इसके पीछे भी कारण थे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है, क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं। इस पर चर्चा होगी तो जवाब कौन देगा, जब ये चुनाव सुधार पर चर्चा के लिए तैयार हुए, हमने दो दिन चर्चा की। अमित शाह ने कहा कि चर्चा तय हुई चुनाव सुधार पर, लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने एसआईआर पर ही बोला।

जवाब तो मुझे देना पड़ेगा। मैंने पहले के भी सभी एसआईआर का गहन अध्ययन किया है और कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठ का अपने तर्कों के हिसाब से जवाब देना चाहता हूं। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। शाह ने कहा कि विपक्ष एसआईआर का मुद्दा छेड़कर बहस को भटकाना चाहता था, जबकि सरकार व्यापक चुनावी सुधारों पर सार्थक चर्चा चाहती थी। गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है, यह व्यवस्था जब बनी, तब हम थे ही नहीं। अनुच्छेद 324 में चुनाव आयुक्त को विशेष अधिकार दिए गए। अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता तय की गई है। मनीष तिवारी कह रहे थे कि एसआईआर का अधिकार चुनाव आयोग को है ही नहीं, तो उनको बताना चाहता हूं कि यह अधिकार चुनाव आयोग को अनुच्छेद 327 में है। अमित शाह ने कहा कि 2000 के बाद तीन बार एसआईआर हुआ और दो बार भाजपा-एनडीए की सरकार थी, एक बार मनमोहन सिंह की सरकार थी। तब किसी ने विरोध नहीं किया। यह चुनाव को पवित्र रखने की प्रक्रिया है। चुनाव जिस आधार पर होते हैं, वह वोटर लिस्ट ही अशुद्ध है, तो चुनाव कैसे पवित्र हो सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एसआईआर हुआ। चुनाव आयोग की ड्यूटी है यह तय करना कि कौन मतदाता है और कौन नहीं। राहुल गांधी के परमाणु बम वाले दावे पर अमित शाह ने कहा कि वह हरियाणा का एक मकान नंबर बताते हुए दावा करते हैं कि इस घर में इतने वोटर हैं। चुनाव आयोग ने वेरिफिकेशन किया, तो यह दावा ही गलत था। वोट चोरी का फर्जी नैरेटिव बनाने की कोशिश हो रही है। मैंने राहुल गांधी के चेहरे पर चिंता की लकीरें देख ली हैं। मैं आपके उकसावे में नहीं आऊंगा, लेकिन मैं अपने क्रम में ही बोलूंगा। मेरा भाषण मेरे क्रम से ही चलेगा। लेकिन वे विपक्ष के नेता हैं, तो उन्हें बोलने का अधिकार है। मैं समझ सकता हूं कि वो ऐसा क्यों बोल रहे हैं, लेकिन आपको हमारी भी सुननी चाहिए। हमने कल बीच में खड़े होकर नहीं कहा था कि आप झूठ बोल रहे हैं।

# कांग्रेस लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देगी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को लोक सभा में कहा कि सत्तारूढ़ दल संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन उनकी पार्टी 'वोट चोरी' के विरुद्ध लड़ती रहेगी और जनता के सहयोग से लोकतंत्र पर कोई आंच नहीं आने देगी।

वेणुगोपाल ने चुनाव सुधारों पर मंगलवार को अधूरी रह गई चर्चा की बुधवार को शुरुआत करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए तरह-तरह के तरीके निकाले जा रहे हैं, लेकिन वह पूरे विश्वास के साथ कह रहे हैं कि लोकतंत्र पर आंच नहीं आने दी जाएगी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता उठ खड़ी होगी और क्रांति लाएगी। उन्होंने कहा कि आज निष्पक्ष चुनाव का विचार बदल दिया गया है। चुनाव के समय प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय जांच ब्यूरो, आयकर विभाग सक्रिय हो जाते हैं और विपक्षी दलों के नेताओं और उनके दलों को निशाना बनाया जाता है। पिछले लोकसभा चुनावों के ऐन पहले कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आयकर विवरणी दाखिल करने में मात्र कुछ दिनों की देरी के लिए कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल के खाते फ्रीज कर दिए गए। यह सारे क्रियाकलाप लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

### वोट चोर, गद्दी छोड़, रैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसम्बर रविवार को होने वाली कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी नेतृत्व ने दिल्ली से सटे राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रैली में लाने पर जोर दिया है। इन राज्यों में पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियों का दौर चल रहा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन गुरुवार को जयपुर दौरे पर रहेंगे। जयपुर में गुरुवार शाम को कांग्रेस वॉर रूम में प्रदेश के प्रमुख नेताओं की बैठक कर तैयारियों पर चर्चा करेंगे। लेंगे। राजस्थान के साथ ही हरियाणा, उत्तराखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी समन्वय बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने प्रदेश से आने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं की सूची तैयार करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी को यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। दिल्ली से सटे सभी राज्यों के अध्यक्षों को ज्यादा संख्या में लोगों को लाने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली कांग्रेस ने भी रैली को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। रैली की तैयारी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

# बगैर लाइसेंस चल रहे होटल के तीन कमरे सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना नेशनल हाईवे पर दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने संचालित 'फूड महल' नामक होटल पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कमरों को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि इस होटल में लंबे समय से अनैतिक कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा था, जिसकी शिकायतें लगातार तहसील प्रशासन तक पहुंच रही थीं। कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अन्य अवैध गेस्ट हाउस संचालकों में भी डर का माहौल व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस होटल में अराजक तत्वों की लगातार आवाजाही रहती थी। देर रात तक संदिग्ध लोगों का आना-जाना होता था, जिससे आसपास के निवासियों व दुकानदारों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कई बार आपत्तिजनक परिस्थिति भी सामने आती थी, जिसके बाद



लोगों ने सामूहिक रूप से उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए। बुधवार को तहसीलदार धनराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार, लेखपाल प्रभात चौधरी, छत्रपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर प्रतिष्ठान की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने होटल संचालक से लाइसेंस व वैध दस्तावेज मांगे। लेकिन संचालक कोई भी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। अवैध रूप से होटल संचालन और संदेहास्पद गतिविधियों के चलते प्रशासन ने तीन कमरों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

सीओ अभय पांडे ने बताया कि होटल संचालक के पास न तो कोई पंजीकरण था और न ही होटल संचालन के सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। ऐसे प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में काफी राहत मिलेगी। उनका कहना है कि यदि ऐसे अवैध ठिकानों पर नकेल नहीं कसी गई तो युवा पीढ़ी बुरी गतिविधियों में फंस सकती है।

सूत्रों के अनुसार, प्रशासन अब उन सभी गेस्ट हाउसों की सूची तैयार कर रहा है जो बिना अनुमति के चल रहे हैं या जिनके खिलाफ अनैतिक कार्यों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। बहुत जल्द दूसरी बड़ी कार्रवाई भी संभव है।

# स्योहारा को जाम से मिलेगी निजात

### नूरपुर मार्ग रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** काफी समय से शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना नूरपुर मार्ग का रेलवे फाटक जल्द ही इतिहास बनने जा रहा है। रोजाना घंटों लगने वाले भारी जाम से अब स्योहारा को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जग चुकी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर रेलवे दिल्ली से उप मुख्य अभियंता सी रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट द्वारा भेजे गए पत्राचार के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। एसडीएम धामपुर द्वारा गठित चार सदस्यीय संयुक्त टीम ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट कमल किशोर के नेतृत्व में मंगलवार को स्थल सर्वे प्रारम्भ कर दिया।

टीम ने रेलवे फाटक के दोनों ओर लगभग 350-350 मीटर दूरी तक ओवरब्रिज निर्माण के लिए आवश्यक भूमि का विस्तृत निरीक्षण किया। सर्वे के दौरान टीम ने भूमि की उपलब्धता, यातायात दबाव, फाटक की मौजूदा संरचना, सड़क की चौड़ाई तथा भविष्य के यातायात





प्रेशर का भी आंकलन किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सर्वे रिपोर्ट तैयार होते ही ओवरब्रिज प्रोजेक्ट को स्वीकृति की औपचारिक प्रक्रिया तेज हो जाएगी।

स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। क्योंकि इस ओवरब्रिज के बन जाने से नूरपुर मार्ग का सबसे बड़ा जाम खत्म होगा। एंबुलेंस, स्कूल वाहनों और आम जनता की आवाजाही सुचारू होगी। शहर की यातायात व्यवस्था सुधरेगी साथ ही शहर की खूबसूरती और विकास को नया आयाम मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही यह मांग अब जमीन पर उतरती दिख रही है। जिससे स्योहारा के विकास में एक और महत्वपूर्ण कदम जुड़ने वाला है। जबकि इस नूरपुर मार्ग पर ओवर ब्रिज को लेकर नगर में क्षेत्र की आवाम की आवाज बनता हुआ शाह टाइम्स लगातार प्रमुखता से खबर छाप रहा है। ताकि नगर में क्षेत्र के लोगों को कुछ राहत मिल सके और संबंधित विभाग एवं सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियों में एक और विकास कार्य की उपलब्धि जुड़ जाए। नगरवासी इसका पूरा लाभ उठाएंगे।

## नगीना से रोहित रवि भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला लाल सराय निवासी रोहित रवि को भाजपा का प्रांतीय परिषद सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तैयारियों के तहत की गई है। प्रांतीय परिषद के सदस्य प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में मतदान करेंगे।

विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के अतिसक्रिय कार्यकर्ता रोहित कुमार रवि भाजपा उत्तर प्रदेश प्रांतीय परिषद सदस्य के चुनाव में निर्वाचित हुए। इस उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना पर उनका पटके व मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित रोहित कुमार रवि ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया एवं पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में सदस्य प्रांतीय परिषद भाजपा उ.प्र. रोहित कुमार रवि, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष पति सौरव मित्तल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पंवसचिन शर्मा, सोहन सैनी, डॉव भूपेश चौहान, लवी मित्तल, गर्वित चौधरी, कय्यूम राइन, सरदार हरमीत सिंह, मुकेश चौधरी, सभासद रोहित विश्नोई, राजकुमार विश्नोई, अर्णव चौधरी, प्रदीप कुमार, अतुल भारती, रचित कुमार, अरुण शर्मा, इमरान इदरीसी, अमन कुमार, अमूल नंदा, रोहन कुमार, रवि मालवा, डा. अशोक कुमार सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षित दिव्यांग को मिले नौकरी: पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने आज जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को अवगत कराया कि दिव्यांगों की सबसे बड़ी जरूरत इस समय रोजगार की है। उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए तथा उन्हें ऋण उपलब्ध करा जाए। जो शिक्षित दिव्यांग है उनको संविदा पर रखा जाए। दिव्यांगजनों की समस्या के निस्तारण हेतु हर थाने पर एक सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी की तैनाती की जाए तथा दिव्यांग की समस्या का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए। डूडा विभाग तीसरी मंजिल विकास भवन में कार्यरत है। उसे नीचे लाया जाए। क्योंकि ज्यादातर दिव्यांगजनों का काम डूडा विभाग में पड़ता है और दिव्यांगजन तीसरी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। डूडा विभाग में जो योजना प्रचलित हैं, उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाता कृपया डूडा विभाग नीचे शिफ्ट किया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों एवं बैंकों में रैम्प व व्हीलचेयर की सुविधा दिव्यांगों के लिए उपलब्ध कराई



18 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

जाएं। दिव्यांगजनों को सीएमओ कार्यालय में हर सोमवार को मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगजनों को सुविधा दिलाई जाए। सीएमओ कार्यालय बिजनौर में हर सोमवार को लगने वाला दिव्यांग बोर्ड जिसमें दिव्यांगजनों के सर्टिफिकेट बनते हैं, वहां पर दलाल प्रवृत्ति के लोग दिव्यांगों से अवैध वसूली करते हैं तथा उनसे पैसे आते हैं। वहां पर असामाजिक दलाल प्रवृत्ति के लोगों पर रोक लगाई जाए, जो दिव्यांगजन सर्टिफिकेट बनवाता है, केवल वहीं सीएमओ कार्यालय अंदर प्रवेश करें। अन्य व्यक्ति उस दिन कोई प्रवेश न करें। सीएमओ कार्यालय में दलाली बंद कराई जाए तथा दिव्यांगों का उत्पीड़न रुकवाया जाए। सभी गरीब दिव्यांगजनों के सरकारी आवास, अंतोदय कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और राशन की दुकान भी आवंटन की जाए। सभी जिला उद्योग केंद्र एवं खादी ग्रामोद्योग पर दिव्यांगों की ऋण आवेदन मंजूर कर बैंकों को भेजे जाएं।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने डीएम मैम से मांग कि की जनपद बिजनौर में दिव्यांगजनों की बहुत सारी समस्याएं हैं। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों को बुलाकर बैठक का आयोजन किया जाए। जिसमें सभी दिव्यांग जनों एवं गरीबों की सभी समस्याओं का निस्तारण हो सके।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मांग कि की दिव्यांग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो शिक्षित ग्रेजुएट दिव्यांग है। उन्हें संविदा पर भर्ती किया जाए और जिस दिव्यांग की कम एजुकेटेड है उन्हें शुगर मिल एवं फैक्ट्रियां पर नौकरियां दिलाई जाए। जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन यापन कर सकें।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मांग कि की दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए हर सोमवार को सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का कैंप का आयोजन किया जाता है। वहां पर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं आते है।

मानसिक रोग विशेषज्ञ न होने के कारण दिव्यांगजनों को मेरठ या मुरादाबाद जाना पड़ता है। आने जाने में उनको काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कृपया यहां पर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती की जाएं।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित

### राजकीय बालिका कन्या इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** राजकीय बालिका कन्या इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एलिम्को उपकरण वितरण कैंप आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों को 207 उपकरण वितरित किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित एलिम्को उपकरण वितरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनमानस की समस्याओं के प्रति गंभीर है। समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए समय-समय पर समस्याओं का समाधान करती चली आ रही है। उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बालक-बालिकाओं को उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण देकर उन्हें अपने क्षेत्र में अपने कार्य करने के लिए होने वाली हीन भावना से दूर किया है। इन उपकरणों के माध्यम से वह अपना काम स्वयं कर सकेंगे। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से



जानकारी दी। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने कहा इस योजना में लगभग 207 बालक बालिकाओं को उपकरण वितरण किए जाएंगे। इस अवसर पर दिव्यांग 207 बालक बालिकाओं को उपकरण वितरित किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया। हाई साइकिल 10, व्हीलचेयर 39, सीपी चेयर छह, बैसाखी 26, रोलेटर 15, बेल किट 11, टीएलएम किट 73, केन पांच, हिमगि ऐंड 22, कुल 207 उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला समन्वयक लियाकत अली, स्पेशल एजुकेटर चंद्रशेखर व अयूब अली, हितेश सिंह, देवराज सिंह, श्रीमती दीपमाला, मुजफ्फर अली, श्रीमती आसमा, डॉ. सैयद फरहत अली, अध्यक्ष वैभव गोयल, उर्मिला पाल राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बबीता रानी, सिद्धांत जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने की।

## रामोद कुमार बने व्यापार मंडल बिजनौर के जिला अध्यक्ष

### मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी पद से दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए नजीबाबाद के ग्राम जगदीशपुर निवासी रामोद कुमार को व्यापार मंडल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान की संतुष्टि पर की गई है।

बताया गया कि इससे पहले रामोद कुमार मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने हाल ही में इस पद से इस्तीफा देकर संगठन के प्रति और व्यापक स्तर पर कार्य करने की इच्छा जताई थी। उनकी सक्रियता एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह



जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित संपूर्ण संगठन का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिले के व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और उनके हितों की सुरक्षा के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के समर्थकों सहित जिले भर के व्यापारियों में खुशी की लहर है। सभी ने उम्मीद जताई है कि संगठन उनके नेतृत्व में और अधिक सशक्त व मजबूत होगा।

# भूमि को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

### एक पक्ष कोर्ट आदेश के आधार पर कब्जे को पहुंचा, दूसरे पक्ष ने नगीना कोर्ट से स्टे ऑर्डर दिखाया







### ड्रोन कैमरे उड़ा कर पुलिस ने की निगरानी

घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ और बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में ड्रोन कैमरे उड़ाकर निगरानी की। इससे गलियों, छतों और भीड़ वाले हिस्सों पर ऊपर से नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ड्रोन से मिली विजुअल मॉनिटरिंग के कारण स्थिति को नियंत्रित रखने में मदद मिली।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा क्षेत्र में बुधवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब 190 वर्ग गज भूमि को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कोर्ट आदेश पर कब्जा लेने पहुंचे एक पक्ष और भूमि को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताने वाले दूसरे पक्ष के बीच लगभग डेढ़ घंटे तक नोकझोंक होती रही। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार नगर निवासी रईस अहमद के भतीजे अनवर अहमद ने कोर्ट के आदेश पर 30 जुलाई 2025 को उक्त भूमि का बैनामा कराया था। बुधवार को वे बैनामा के आधार पर भूमि पर कब्जा लेने के लिए पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।जैसे ही टीम ने कब्जा लेने की प्रक्रिया शुरू की, उसी दौरान दूसरे पक्ष के फैज चौधरी एडवोकेट नगीना कोर्ट से यथास्थिति का स्टे ऑर्डर लेकर मौके पर आ गए। उन्होंने स्टे की प्रति पुलिस व प्रशासनिक टीम को सौंपी और कब्जा प्रक्रिया रोकने की मांग की। स्टे ऑर्डर दिखाए जाने के बाद दोनों पक्षों में बहस तेज हो गई और भीड़ भी मौके पर एकत्र हो गई।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार स्थिति कई बार ऐसी बनी मानो तनाव बढ़ सकता है। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की और भीड़ को दूर रखने के निर्देश दिए। करीब डेढ़ घंटे की बातचीत, बहस और दस्तावेजों की जांच के बाद बिजनौर से आई टीम ने कब्जा प्रक्रिया रोक दी और बिना कार्रवाई किए वापस लौट गई।

उधर, पुलिस ने बढ़ती भीड़ को हटाने और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल बुलाया। क्षेत्रवासियों में पूरे घटनाक्रम को लेकर दिनभर चर्चा बनी रही। इस दौरान कोतवाल मृदुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसे में कार सवार पांच घायल



**हल्दौर।** नगर में बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच युवक-युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गए। मौहल्ला खेड़ा निवासी यशमीत, प्रीत, कसक, शानू और सीरत कौर कार से नूरपुर की ओर जा रहे थे। हल्दौर के राकेश बैंक्ट हॉल के निकट उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया जा है।

### दस माह से रुके अंडरपास का काम शुरू



**नगीना।** कालाखेड़ी रेलवे फाटक नंबर 470 पर रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। जिससे नगीना और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। फरवरी में शुरू हुए अंडरपास के निर्माण कार्य के शुरू होने के लगभग 15 दिन बाद स्थानीय लोगों द्वारा अंडरपास की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग को लेकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। तभी से इस अंडरपास का निर्माण कार्य विभिन्न कारणों से आंशिक निर्माण के बाद पिछले दस माह से बंद पड़ा था। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कई जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने लगातार प्रयास किए, जिसके बाद अब यह काम दोबारा शुरू हुआ है। साइट इंजीनियरों के अनुसार यदि निर्माण कार्य निर्बाध चलता रहा तो अंडरपास लगभग 2 से 3 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इस अंडरपास के बन जाने से आस-पास के कई गांवों और नगर क्षेत्र के मुख्य रूप से आजाद कॉलोनी के लोगों को राहत मिलेगी। लाइन पार स्थित कई स्कूलों के बच्चों को आने-जाने में सुविधा होगी। इसके अलावा जिला मुख्यालय, कोतवाली देहात, मंडी समिति, औद्योगिक क्षेत्र आदि स्थानों तक पहुंचने और सामान ले जाने में भी अब परेशानी नहीं होगी।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**नजीबाबाद।** नगर में नमो फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय विकास संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर बैठक कर अनेक पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और महत्व विषय पर विचार विमर्श किया गया और बैठक के माध्यम से सभी को पर्यावरण और पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। बैठक में सभी की सहमति से रमपुरा मंदिर का कार्य पूर्ण होने के पश्चात महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पर्यावरण पार्क बनाने के लिए अन्य स्थान का चयन भी किया गया। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक रणवीर एवं विभागीय संयोजक सुशील कुमार ने बताया कि प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना, प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना, जिसमें वायु, जल, भूमि, पेड़-पौधे और जीव जंतु शामिल हैं। यह प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इस दौरान पवन शर्मा, मनोज कुमार, सोमपाल राठी, हेमेंद्र राणा, अमल सिंह, रामनाथ सिंह, बहन वंदना, दिनेश खन्ना, बलराम सिंह, अनुराग राजौरा सहित अनेक संख्या में राष्ट्रीय विकास संगठन एवं नमो फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे। कई पर्यावरण संरक्षक शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कच्ची शराब पीने से युवक की मौत

## खुलेआम बिक रही कच्ची शराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के गांव गढ़वावाला के ग्राम पूर्व प्रधान रामशरण का 32 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार कच्ची शराब की भेंट चढ़ गया।

पूर्व प्रधान रामशरण सिंह ने बताया कि उसका पुत्र राजीव कुमार शराब पीने का आदी था। सोमवार को भी राजीव ने गांव में ही खुलेआम बिक रही कच्ची शराब पी थी। शराब पीने के बाद अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए काशीपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। राजीव की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आज सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में बिक रही कच्ची शराब की बिक्री को लेकर ग्रामीणों में तीव्र रोष व्याप्त है। ग्रामीण मनोज कुमार, नरेश कुमार, महेंद्र सिंह, संजीव कुमार आदि का कहना है कि गांव में खुलेआम अवैध कच्ची शराब की बिक्री हो रही है, जिससे गांव के युवा शराब के आदी हो रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में बिक रही कच्ची शराब की बिक्री बंद करने की मांग की है।

# नाइजीरियन खिलाड़ियों के खेल के दीवाने हुए दर्शक

## फुटबॉल टूर्नामेंट में नोएडा नाइजीरियन टीम पेनल्टी शूटआउट से जीती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में हिन्दू इंटर कॉलेज के पास मैदान में चल रहे याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के तेरहवें दिन खेले गए मैच में नोएडा नाइजीरियन व देहरादून के बीच खेला गया। एकमात्र दूसरा सेमीफाइनल मैच नोएडा नाइजी. रियन की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में जीत लिया। इस मैच में भी नाइजीरिया के खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र रहे।

देहरादून को भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। तेरहवें दिन दूसरे सेमीफाइनल का दोबारा खेला गया यह मैच नोएडा नाइजीरियन व देहरादून के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें दूसरे हाफ के बाद भी 2-2 के स्कोर से बराबर पर रहीं। इसके बाद मैच को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, परन्तु फिर भी दोनों टीमों का स्कोर 2-2 से बराबर ही रहा। अंत में पेनल्टी शूटआउट कराया गया। जिसमें नॉएडा नाइजीरियन की टीम 5-4 के स्कोर से विजयी घोषित हुई। इस प्रकार फाइनल मैच बृहस्पतिवार की दोपहर दो बजे गढ़वाल रायफल व नोएडा नाइजीरियन के बीच खेला जाएगा।



इस मैच में रेफरी कुशाल रावत, असिस्टेंट रेफरी दीपक पोखरियाल व दीपक सैनी, चौथे रेफरी सुभाष कपूर उर्फ पप्पी तथा कमैन्ट्रेटर मास्टर शहजाद, आजम मुल्तानी व इरफान अंसारी रहे।

इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील जिलाध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर, अब्दुल समद, शाहिद अली गोहर, सिद्दीक मुल्तानी, शानू मालिक, ताहिर मुल्तानी, जाहिद अंसारी, हाशिम इस्लाम, शेख नौशाद परवेज, निसार मुल्तानी, नासिर मुल्तानी, मोहसिन चाँद, शाकिर उस्मानी, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, कुंवर अमरजीत, अजीम मुल्तानी, मोहसिन उर्फ चाँद भाई, नूर मौहम्मद, बहार आलम मुल्तानी, शेख मौहम्मद जमशेद, शिब्ली निसार, काका अंसारी, आबिद मुल्तानी, जाहिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों से बाल-बाल बचे वन क्षेत्राधिकारी

## कोई भी अंजान ऐप या APK फाइल इंस्टॉल न करें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम साइबर ठगों के जाल में फंसते-फंसते बच गए। ठगों ने उन्हें डॉक्टर का नंबर बताकर पहले भरोसा जीता और फिर अपॉइंटमेंट के नाम पर खतरनाक ऐप भेज दी। श्री महेश गौतम की साइबर जालसाजी के प्रति पहले से जागरूक थे। इसलिए उन्होंने ऐप इंस्टॉल नहीं की और ठगी का शिकार होने से बच गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम को किसी चिकित्सकीय परामर्श की जरूरत पड़ी। उन्होंने गूगल पर 'डॉक्टर अरोड़ा' सर्च किया और जो सबसे ऊपर नंबर आया, उसे कॉल कर दिया। दूसरी तरफ से किसी व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर अरोड़ा का सहायक बताया और कहा कि डॉक्टर साहब अभी व्यस्त हैं, अपॉइंटमेंट के लिए एक ऐप डाउनलोड कर लें। इसके बाद ठगों ने एक APK फाइल व्हाट्सएप पर भेज दी। महेश गौतम ने बताया, 'मैंने जैसे ही APK फाइल देखी, मुझे तुरंत शक हुआ। आजकल साइबर ठग इसी तरह फर्जी ऐप के जरिए फोन हैक कर रहे हैं। मैंने ऐप डाउनलोड नहीं की और नंबर को ब्लॉक कर दिया। महेश गौतम का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में बिजनौर और आसपास के क्षेत्रों में ठग गूगल सर्च में फर्जी नंबर सबसे ऊपर लाकर डॉक्टर, वकील, बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ठग रहे हैं। अपॉइंटमेंट, केस सेटलमेंट या लोन के नाम पर भेजी जाने वाली APK फाइल फोन में घुसते ही पूरा डेटा चुरा लेती है और बैंक खातों से पैसे भी काट लेती है। वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम की जागरूकता से एक बार फिर साबित हुआ कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता ही है। वन क्षेत्राधिकारी ने लोगों से अपील की है कि गूगल से कोई भी नंबर लेकर सीधे भरोसा न करें और कोई भी अनजान ऐप या APK फाइल कभी इंस्टॉल न करें।

# दहेज मुक्त समाज समय की मांग

## शादी-ब्याह में बढ़ती फिजूलखर्ची वाली रस्मों पर रोक लगाने के लिए बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसा जामिउल उलूम में दहेज मुक्त समाज बनाने और शादी-ब्याह में बढ़ती नई व फिजूल खर्ची वाली रस्मों पर रोक लगाने को लेकर एक महत्वपूर्ण व विस्तारित बैठक का आयोजन किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक में शहर के जिम्मेदार, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उलेमा-ए-किराम, इमामों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। बैठक का उद्देश्य समाज में फैल रही दहेज प्रथा और नई रस्मों के कारण पैदा हो रही आर्थिक व सामाजिक समस्याओं पर गंभीरता से मंथन करना था। वक्ताओं ने कहा कि दहेज और अनावश्यक रस्में समाज की जड़ों को खोखला कर रही हैं। कई गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी के समय कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। इसलिए सामूहिक रूप से इस कुरीति को समाप्त करने का समय आ गया है। दहेज प्रथा समाज पर एक कलंक है। इसे मिटाने के लिए केवल भाषण नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अफजलगढ़ की धरती ने हमेशा सामाजिक सुधार की मिसाल कायम की है और उम्मीद है कि यह मुहिम पूरे जनपद में एक उदाहरण बनेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई। हर काबिले के जिम्मेदार लोगों से मौहल्ले में एक अहम बैठक कर नई रस्मों को खत्म कराने को लेकर अपना समर्थन अफजलगढ़ युवा टीम को दिया। बैठक में कई लोगों ने सुझाव देते हुए कहा कि शादी-ब्याह को सरल बनाया जाए। अनावश्यक रस्में जैसे भारी भरकम दावतें, महंगे तोहफे आदि को बंद किया जाए। ताकि गरीब परिवार भी सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों की शादी कर सकें। उलेमा ने धार्मिक दृष्टिकोण से दहेज प्रथा को गलत ठहराते हुए लोगों से इस कुरीति के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। सभी जिम्मेदार लोगों ने दुल्हन पक्ष के यहां बारात को सुन्नत तरीका से समय पर लाने व ले जाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना शफीक अहमद कासमी व मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने कहा कि समाज की बेहतरी आपसी सहयोग और जागरूकता से ही संभव है। आने वाले दिनों में इस अभियान को गांव-गांव और मस्जिदों में चलाया जाएगा, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और बदलाव महसूस किया जा सके। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों पर जल्द ही अमल शुरू करने की भी घोषणा की गई। वहीं महाराष्ट्र की शान युवाओं की दिलों की धड़कन जावेद अमान व मौहम्मद कैफ का नेतृत्व कर रहे युवा टीम अफजलगढ़ के साथी समाजसेवी शुऐब कुरैशी व फईम कस्सार ने सभी शहर के जिम्मेदार लोगों से दहेज मुक्ति अभियान की नई रस्मों को बन्द कराने में उनका समर्थन मांगा। सभी शहर के जिम्मेदार लोगों ने युवा अफजलगढ़ टीम को अपना समर्थन दिया। नई रस्मों को खत्म कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम की सर परस्ती मौलाना शफीक अहमद कासमी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने की तथा संचालन मुफ्ती सईदुर्रहमान ने किया।

कार्यक्रम में मौलाना शफीक अहमद कासमी, मौलाना शौकत अली मजाहिरी, मौलाना मुख्तयार अहमद, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, सभासद कलवा कुरैशी, समीम अंसारी भट्टे वाले, मास्टर समीम अंसारी, हाजी नजाकत हुसैन सिद्दीकी, जाहिद अली खान, सभासद मुकीब खां सूरी एड., समाजसेवी लईक सिद्दीकी, पूर्व सभासद सलीम अंसारी, अब्दुल रज्जाक चाचा, सूफी कदीरा, फारूख हानी, मेम्बर रिजवान हसन, डॉ. मो. हसिन रजा, वरिष्ठ पत्रकार अख्तर सिद्दीकी, समाजसेवी कासिफ अंसारी, अफजाल ठेकेदार, भोले चौधरी, शेख निजाम, डॉ. गुलशन अंसारी, पत्रकार अब्दुल बारी, हाफिज शकील अहमद, पत्रकार हाजी रिजवान कुरैशी, पत्रकार एमएस असलम, समाजसेवी दिलशाद अंसारी गारमेंट वाले, सभासद कादिर अंसारी, हकीम अनीश, मौलाना इस्माईल नदवी, इमरान भंडारी, इसरार कस्सार, दिलशाद कुरैशी, रिजवान अंसारी, नदीम हानी, वाजिद अल्वी सहित तमाम मौजूदा सभासद पूर्व सभासद सभी बिरादरी के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल वाहनों की जांच, पांच सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में स्कूल वाहनों की सुरक्षा जांच अभियान के दौरान पांच वाहनों को सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

उप संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्कूल वाहनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में वाहनों के परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, बीमा दस्तावेज और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। कई वाहन आवश्यक मानकों के बिना संचालित पाए गए। इनमें से पांच वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त पाई गई। इन वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत सीज कर नगीना थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स अनुपस्थित पाया गया, जिस पर उन्हें तुरंत लगवाने के आदेश दिए गए। साथ ही, चालक और परिचालक को निर्धारित वर्दी में रहने, वाहन में सभी अनिवार्य दस्तावेज पूरे रखने और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए गए।

उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे।

# छात्र को धमकाने का आरोप

**धामपुर।** एक छात्र ने चार युवकों पर गाली-गलौज करने, धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्र ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। 8 दिसंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे छात्र कुलदीप पाल कक्षा समाप्त कर कॉलेज गेट के बाहर पहुंचा, जहां उसे चार युवक मिले। आरोप है कि युवकों ने बिना किसी कारण के उससे अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और घमंड दिखाने का आरोप लगाते हुए धमकाया। छात्र ने बताया कि वह तो युवकों को जानता भी नहीं था। पीड़ित छात्र के अनुसार विरोध करने पर युवकों ने उसे धमकी दी कि अगर वह इस कॉलेज में पढ़ना चाहता है तो उनकी बताई 'तरकीब' से चलना होगा, अन्यथा जान से मार देंगे। छात्र ने बताया कि वह डर के कारण अपनी जान बचाकर मौके से घर चला गया और भय के चलते उसी दिन रिपोर्ट नहीं लिखवा सका। पीड़ित ने जिन युवकों पर आरोप लगाया है, उनके नाम अभिषेक, तरुण, देव और एक अन्य बताया गया है। छात्र ने पुलिस से घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ करवाई की मांग की है।

## एक नजर

### मुतवल्लियों को मिली काफी राहत



**किरतपुर।** संपत्तियों के मुतवल्लियों को भारत सरकार ने एक बड़ी राहत देते हुए तीन माह का रजिस्ट्रेशन करने के लिए और समय दे दिया है। समाजसेवी एड. सीएम सुलेमान अंसारी ने कहा कि उन्होंने भारत सरकार से समय बढ़ाने की मांग की थी। मांग में कहा गया था कि उम्मीद सेंट्रल पोर्टल रजिस्ट्रेशन 2025 पर वक्फ संपत्तियों को दर्ज करने के लिए वेबसाइट हैंग होने के कारण कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा था। जिस कारण मुतवल्लियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । एड. सीएम सुलेमान अंसारी ने समस्या का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। सरकार ने उनकी मांग का समर्थन किया और समय सीमा उन मुतवल्लियों के लिए जिन्होंने उम्मीद केंद्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का आवेदन पत्र दर्ज करने के लिए कंप्यूटर में दर्ज कर रखा था, परंतु वेबसाइट हैंग होने के कारण वक्फ दस्तावेज रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे थे। एड. सुलेमान अंसारी ने इस संबंध में मुतवल्लियों की परेशानियों को देखते हुए महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री से इस समस्या के समाधान की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए भारत सरकार ने वक्फ दस्तावेज उम्मीद केंद्र पोर्टल पर दर्ज करने के लिए तीन माह का और समय दे दिया है। जिससे मुतवल्लियों को काफी राहत मिली है। इसके लिए एड. सीएम सुलेमान अंसारी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू तथा सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर की एक आवश्यक मीटिंग संदीप कुमार अध्यक्ष एडवोकेट की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार एडवोकेट के संचालन में संपन्न हुई। मीटिंग में गत 8 दिसंबर को उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया द्वारा कुछ अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने पर रोष जताते हुए घोर निंदा की और विरोध स्वरूप सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आज सभी अधिवक्तागण पूर्णतया न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर की बार मिटिंग हॉल मे हुई मीटिंग में समस्त पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्यों से विरत रहने पर दूरदराज से आने वाले वादकारियों को भी परेशानी हुई।

## एक नजर

### शीतल कुमारी ने किया जनसम्पर्क



**नगीना।** विधान सभा की संभावित प्रत्याशी शीतल कुमारी ने नगीना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के पखनपुर, कालूवाला, गगवाली गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गांव के लोगों ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। सभी जगहों पर शीतल कुमारी का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से अभिनंदन किया। ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं व मांगों को उन्होंने गंभीरतापूर्वक सुना और पूरा कराने के प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न गांवों में विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। लोगों के बीच संभावित प्रत्याशी शीतल कुमारी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में हमारे द्वारा जो विकास कार्य होगा। वह कार्य आप लोगों के बीच धरातल पर दिखेगा। इस दौरान तरुण कुमार, आसिफ मंसूरी, रहसूद्दीन मंसूरी, मतलूब मंसूरी, ललित कुमार, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### शहीदी यात्रा भव्य स्वागत



**नगीना।** श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित यात्रा के नगीना पहुंचने पर नगीना की संगत द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा श्री आनंदपुर साहिब से आरंभ होकर सचखंड श्री पटना साहिब एवं गुरुद्वारा धुबरी साहिब असम तक निकाली जा रही है। जिसका नगीना पहुंचने पर संगत द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा क यहां पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सभी संगतों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत धामपुर रोड स्थित भूपेंद्र ट्रांसपोर्ट कंपनी पर किया गया। यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर एवं अकाल सहाय सेवा समिति जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। यात्रा के आयोजकों ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा आठ दिसंबर को श्री आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर 24 दिसंबर तक चलेगी और गुरुद्वारा श्री धुबरी साहिब असम तक जाएगी। यात्रा में सबसे आगे चल रही मिनी बस में पंच प्यारे सवार थे और उनके पीछे फूलों से सुसज्जित बस पर गुरु महाराज की सवारी थी। यात्रा में शामिल अन्य बसों में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोग एवं संगत सवार थी। संगतों द्वारा किए जा रहे भजन कीर्तन से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा यात्रा के सभी आयोजकों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया तथा यात्रा में शामिल सभी संगतों को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा चाय, पानी एवं प्रसाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई ज्ञानपाल सिंह, हरमीत मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, एड. हरदयाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपक मल्होत्रा, अजीत कौर, रमिंद्र कौर, अवनीत कौर, मनप्रीत कौर, तरबिद्र कौर, सोनिया सचदेवा, पम्मी मल्होत्रा आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाकियू की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

## शुगर मिल ने की प्रेसमड खाद पर पिछले वर्ष की तुलना में पांच रुपए कुंतल की कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में गन्ना समिति स्योहारा में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया।



शुगर मिल के गन्ना प्रबंधक ने जानकारी दी कि किसानों की मांग पर प्रेसमड खाद पर पिछले वर्ष की तुलना में पांच रुपये प्रति कुंतल की कमी की गई है। साथ ही तत्काल प्रभाव से किसानों के 20 कुंतल के टोकन कटवाना शुरू कर दिए गए है। बैठक में ब्लॉक क्षेत्र से संबंधित अन्य समस्याएं भी उठाई गई। वीडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि छुट्टा पशुओं को जल्द ही गौशाला भेजा जाएगा। वहीं एमडीओ ने बिजली संबंधित मुद्दों पर कहा कि जिन किसानों के घरेलू बिल गलत हैं। वे कार्यालय में आकर सही करवा लें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू कनेक्शन पर छूट का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। गन्ना विशेष सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं उनके स्तर की हैं। उनका समाधान तत्काल कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर का गन्ना भुगतान बैंकों में भेज दिया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की सभी समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर समाधान होना चाहिए। अन्यथा भाकियू आंदोलन करने को मजबूर होगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

बैठक में देवराज सिंह, गजराम सिंह, मलखान सिंह गुर्जर, आलोक सिंह, अनुज बालियान, हरिओम यादव, पोखर सिंह, दीपक चौहान, सत्यवीर सिंह, अमित कुमार, इस्लामुद्दीन, भूपेंद्र त्यागी, सुखवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, बबली सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# नाला बनी नहर की सफाई

## दुकानदार फेंक रहे कूड़ा, नालियों का गंदा पानी भी मिल रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मध्य से होकर गुजरने वाली अफजलगढ़ सिंचाई उपखंड की नहर गंभीर समस्या से जूझ रही है। नहर की स्थिति बढ़ते समय के साथ और भी चिंताजनक होती जा रही है। प्लास्टिक और अन्य कचरे से नहर पट गई है। आसपास के घरों की नालियां भी सीधे नहर में गिर रही हैं।

इससे जहां नहर के किनारे बसे आधा दर्जन मोहल्लों के लोगों को गंदगी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस दूषित पानी से किसानों की फसलों को नुकसान होने का खतरा है। स्थानीय दुकानदार और निवासी लगातार नहर में कूड़ा फेंक रहे हैं। नहर किनारे के ठेले और खोमचे वाले भी अपना कचरा नहर में डाल रहे हैं। कचरे में मौजूद जहरीले रसायन फसलों और लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इस संबंध में पुरैनी शाखा नहर के जूनियर इंजीनियर देवेन्द्र कुमार शर्मा से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अंतर्गत नगीना तहसील कोतवाली विकास खंड में आने वाली समस्त नहरों की फसल रबी 1433 फसली की सिल्ट सफाई का कार्य प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपखंड प्रथम नगीना के द्वारा संबंधित ठेकेदारों के माध्यम से बहुत अच्छी तरह से सम्पादित कराये जाने के फलस्वरूप नहरों में पानी चल रहा है। जिससे कृषकों को सिंचाई हेतु पानी समय से मिलने पर उनकी फसलों को फायदा हो रहा है। नगीना नहर से होकर जाने वाली पुरैनी शाखा में भरपूर मात्रा में पानी चल रहा है, जिससे नहर सभी क्षेत्रों से पूर्ण गति से प्रवाहित हो रही है। नहर की टेल तक पानी पहुंच चुका है, जिसका पूरा फायदा किसानों को मिल रहा है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली नहर में नहर के दोनों तरफ निवासियों द्वारा अपने घरों का कूड़ा-करकट, मलवा, पॉलीथीन इत्यादि को नहर में प्रतिदिन डाला जाता है, जिसकी रोकथाम हेतु नगर पालिका परिषद नगीना को चाहिए कि वह नहर के दोनों ओर प्रत्येक 50-50 मीटर की दूरी के अंतराल पर कूड़े दान की व्यवस्था करे जिससे नहर में गंदगी नहीं होगी और पानी निर्बाध रूप से पुल पुलिया साइफन आदि से पूर्ण गति के साथ प्रवाहित होता रहेगा। कूड़ा, करकट, मलवा, पोलीथीन इत्यादि के कारण पानी प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होने की सम्भावना बनती है।

संबंधित सहायक अभियंता पवन कुमार चौधरी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में होकर जाने वाली पुरैनी शाखा की इस नहर में निवासीगण द्वारा डाले जाने वाले कूड़े की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के लिए पूर्व में प्रेषित पत्रों के क्रम में संबंधित को शीघ्र ही अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जायेगा ताकि नहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने में नगर पालिका परिषद नगीना का सहयोग प्राप्त हो सके।

नगर पालिका परिषद नगीना के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज लिए एसडीएम आशुतोष रामप्यारे जायसवाल से इस संबंध में वार्ता करने पर उन्होंने जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही।

**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) नगीना**

85/2025

अब्दुर्रऊफ बनाम अ. कादिर आदि

1. अब्दुर्रऊफ पुत्र अशरफ निवासी ग्राम नींदडू खास, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**-प्रार्थी**

**बनाम**

1. अ. कादिर 2. अ. खालिद 3. आरिफ पुत्रगण स्व. अशरफ 4. रूबीना 5. नसरा परवीन पुत्रीगण स्व. अशरफ निवासी नींदडू खास, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थी वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा अब्दुर्रऊफ मुसबफा अ. कादिर आदि अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा प्रार्थी ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 13 मास 12 सन 2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त प्रार्थी के उज्र हो तो या असालत या वकालत वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. नगीना में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 13.12.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

## बैनामा ( दस्तावेज ) गुम होने की सूचना

प्रार्थी मौ. अय्यूब पुत्र श्री मौ. इस्हाक व मौ. इस्हाक पुत्र श्री हाजी मुमताज हुसैन निवासी मौहल्ला सबनीग्रान नजीबाबाद (जनपद बिजनौर) की प्रॉपर्टी के पिछले बैनामे कहीं गुम हो गये है। जो कि नजीबाबाद रजिस्ट्रार में अंकित दिनांक 20.07.2015 को बही सं. 1 जिल्द सं. 7283 के पृष्ठ सं. 185/208 दस्तावेज सं. 10808 व दूसरा बैनामा 15-10-2010 को बही सं. 1 जिल्द सं. 4769 पृष्ठ सं. 377/398 व दस्तावेज सं. 11161 है अगर ये बैनामे किसी को मिले, तो निम्न पते पर सम्पर्क करने की कृपा करें। **पता: मौ. अय्यूब पुत्र श्री मौ. इस्हाक निवासी मौहल्ला सबनीग्रान नजीबाबाद। मो. 9319369255**

**न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. ) बिजनौर**

निष्पादन वाद सं. 09/2019

प्रभाष चन्द गर्ग पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी मौ. साहूवान, कस्बा परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

बाबू सिंह पुत्र केवल सिंह निवासी ग्राम शाहपुर भसौड़ी, परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

**इश्तहार नीलाम**

उपरोक्त निष्पादन वाद में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदयून डिक्री की निम्न लिखित सम्पत्ति मौके पर दिनांक 14-12-2025 को 10.00 बजे से सायं 4:00 बजे तक नीलाम होगी।

अत: जो व्यक्ति नीलाम खरीदना चाहे वह नियत दिनांक 14-12-2025 को समय व स्थान पर पहुंच कर बोली बोल सकते हैं। नीलामी न्यायालय के नियमानुसार होगी। नीलाम किसी भी सक्षम न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावी होगा।

**विवरण सम्पत्ति मदयून नीलाम तलब**

| खसरा नं. | रकबा |
|---|---|
| 129 | 0.1070 है0 |
| 179 | 0.2810 है0 |
| कुल 2 खेत | 0.3880 है0 |

नियत दिनांक:- 14.12.2025

**सिविल जज ( सी.डि. )**
**बिजनौर**

## शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इन्तेजार अहमद पुत्र श्री यूनुस अहमद द्वारा संस्था नूरानी जामा मस्जिद कमेटी, ग्राम नसीरपुर नैन सिंह पोस्ट हल्दौर, तहसील व जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. इन्तेजार अहमद - अध्यक्ष 2 शमीम अहमद सिद्दीक अन्सारी - सचिव / मोहतमिम, 3. मौहम्मद इसरार- कोषाध्यक्ष/खजांची 4 तसलीम, 5 अरशद अली, 6. महमूद हसन, 7. मौ0 हसन-सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

एक नजर

## भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चौधरी घसीटा सिंह ने की और संचालन सुधीर शर्मा ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने बताया कि झीरन पुरैना के किसानों को खाद नूरपुर समिति से मिलता था, लेकिन यहां से हटाकर गोहावर समिति से जोड़ दिया गया। जिसका किसानों ने विरोध करते हुए नूरपुर समिति से ही खाद उपलब्ध कराने की मांग की। पंचायत में समिति के चेयरमैन अमित चौधरी उर्फ बॉबी को बुलाकर खाद से संबंधित समस्या से अवगत कराया गया। पंचायत में पहुंचे चेयरमैन अमित चौधरी ने झीरन पुरैना के किसानों को नूरपुर समिति से ही खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल ने मोहित चौहान को संगठन की टोपी पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत में प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम राही, डॉ. इशरत अली वारसी, नगर अध्यक्ष कफील सैफी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी, सुभम चौधरी, सुमित चौधरी, धर्मपाल सिंह, दुष्यंत यादव, कावेंद्र मलिक, ललित चौधरी, रामकुमार सिंह, इरफान अली, सुनील कुमार, दिनेश चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, भोपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ताजपुर में बंदरों का आतंक




**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जोशीयान में एसआई एक मकान की छजली के नीचे खड़े होकर मौहल्ले वालों से जानकारी जुटा रहे थे। तभी मकान पर बैठे एक बंदर ने कूद-फांद करते हुए मकान की छजली को तेजी से हिला दिया। बंदर के हिलाने से छजली टूट कर नीचे खड़े चौकी प्रभारी के सिर पर ईंट गिरने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। वहां पर खड़े ग्रामीणों ने उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। उनके सिर में कई टांके आए हैं। अब उनकी हालत में सुधार है। ताजपुर में बंदरों का काफी आतंक है, जो काफी उत्पात मचाते रहते है। ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। महिलाओं ने बंदरों के भय से मकान की छतों पर कपड़े सुखाने बंद कर दिये है। अमित कुमार, प्रिंस आर्य, अलीशा हुसैन सिद्दीकी, ममता शर्मा, चंद्रप्रकाश त्यागी, नसीम सिद्दीकी, कुमार पाल सैनी, सुनील शर्मा आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इन बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाए। अब तक कई स्कूली बच्चों को बंदरों ने घायल कर दिया। आये दिन छतों पर महिलाओं ने कपड़े सुखाने बंद कर दिए है।

## दहेज मुक्ति अभियान से जुड़ने की अपील



**अफजलगढ़।** यूथ विंग के नेतृत्व में भारत से दहेज मुक्त अभियान की शुरुआत एक सेमिनार के द्वारा किया जाएगा। जिसको सफल बनाने के लिए यूथ विंग के कार्यकर्ता डोर टू डोर जा रहे हैं। मौहम्मद फईम ने बताया कि पूरे जिले से लोग इस प्रोग्राम में पहुंचेंगे। फईम अहमद ने आम जनता से दहेज मुक्ति अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। वहीं वार्ड नंबर 25 के सभासद मौहम्मद शाहिद से मिलकर इस अभियान से जुड़ने के लिए जगह-जगह बैठक एवं अपना संदेश लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सभासद इकरार कुरैशी, पूर्व सभासद सलीम अहमद अंसारी, फईम अहमद, मौहम्मद वाजिद, शमीम अहमद, इकरार अहमद, मौहम्मद शाहिद, मोहसिन, मौहम्मद सलमान आदि सहयोग में शामिल रहे।

## शोक संतप्त परिवारों से मिले अशोक चौधरी



**चांदपुर।** नूरपुर मार्ग पर गत दिवस हुए भीषण सड़क हादसे में मलकपुर मैंडयो निवासी मोनू कश्यप और नाईपुरा उर्फ जुझारपुरा निवासी यशपाल सैनी की दर्दनाक मृत्यु से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। चांदपुर मे चूना फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मारी, जिसमें मोनू कश्यप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल यशपाल सैनी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दु:खद घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी आज दोनों ग्राम मलकपुर मैंडयो और नाईपुरा उर्फ जुझारपुरा में पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। परिवारों के दुख में शामिल हुए और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूरे क्षेत्र में वातावरण अत्यंत गमगीन रहा। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति दें। युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, पूर्व जिलाध्यक्ष महासचिव गजेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह आदि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। अशोक चौधरी ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र की सर्वसमाज की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़ा हूँ। क्षेत्र की सर्वसमाज की जनता मेरा अपना परिवार है।

## मसीत का वारंटी महमूद गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** आर्म्स एक्ट के वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। बता दें कि अपराध की रोकथाम और वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मसीत निवासी 38 वर्षीय महमूद पुत्र महबूब को वाद संख्या 44424/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# जन जागृति यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत

## गुरमुख परिवारों को सरोपा भेंट कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तख्त सच खंड श्री केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब और गुरुद्वारा धुबड़ी साहिब (असम) तक पहुंचने वाली विशाल जन जागृति यात्रा का धामपुर में ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

स्वागत स्थल पर बोले सो निहाल सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में और पंज प्यारों की अगुवाई में निकाली जा रही यह यात्रा आगामी 26 दिसंबर को निर्धारित स्थान पानीपत में पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री अकाल सहाय सेवा समिति प्रधान सरदार सज्जन सिंह खालसा ने बताया कि यह यात्रा नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहीदी शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य संगत और आमजन को गुरु तेग बहादुर जी तथा भाई मतीदास, भाई सतिदास और भाई दयाला जी की शहादतों के संदेश से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि धामपुर में संगत द्वारा किया गया स्वागत अविस्मरणीय और ऐतिहासिक रहा। यात्रा में शामिल संगत बसंती, केसरी और नीले रंग की पगड़ियों एवं दुपट्टों में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। फूलों से सुसज्जित वाहन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज विराजमान थे, जिनके दर्शन व आशीर्वाद का सौभाग्य बड़ी संख्या में संगत ने प्राप्त किया। उनके आगे चल रहे पंज प्यारे वाहन में गुरु साहिब की अगुवाई कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर एसपी सलूजा के प्रतिष्ठान पर आयोजित स्वागत समारोह में पंज प्यारों ने प्रतिष्ठान के स्वामी वरिष्ठ रोटेरियन एस.पी. सलूजा, पूजा रानी सलूजा, पवन सलूजा एडवोकेट, काजल सलूजा, जैविन सलूजा सहित कर्नाटक सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार ओंकार सिंह भाटिया, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जिला मीडिया प्रभारी सरदार महेंद्र सिंह सलूजा और अन्य गुरमुख परिवारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला तथा अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गुरमुख संगत, स्त्री सत्संग सभा और बेबे नानकी दल की सेविकाएं स्वागत में शामिल रहीं। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत यात्रा अपने आगे के गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

## ग्राहकों को गुमराह करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान के नेतृत्व में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अफजलगढ़ शाखा प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पीएनबी मेटलाइफ बीमा कंपनी पर कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राहकों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन के अनुसार ग्राम मीरपुर घासी निवासी छिंदर कौर ने 30 सितंबर 2019 को पीएनबी मेटलाइफ की एक पॉलिसी शुरू की थी। एजेंट द्वारा उन्हें बताया गया था कि पांच वर्षों तक प्रति वर्ष एक लाख रुपये जमा करने पर छठे वर्ष 7 लाख रुपये वापस मिलेंगे तथा 31 वर्ष तक बीमा कवरेज जारी रहेगा। छिंदर कौर का आरोप है कि पॉलिसी अवधि के दौरान कई बार मेडिकल जांच के नाम पर बिजनौर, धामपुर और घर पर स्वास्थ जांच कराई गई, जबकि वह पूर्णत: स्वस्थ थीं। पॉलिसी दस्तावेज में दर्ज मोबाइल नंबर गलत होने के कारण संशोधन हेतु कई बार आवेदन करना पड़ा। उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में कुल 5,00,000 जमा किए जा चुके हैं, लेकिन पीएनबी मेटलाइफ प्रबंधन शेयर मार्केट का हवाला देते हुए मात्र 5,05,800 की राशि बताकर भुगतान देने से इंकार कर रहा है। जबकि नियमानुसार पॉलिसी की राशि लगभग 8,50000/ होनी चाहिए। पीड़िता का केसीसी लोन 10 लाख रुपये का पीएनबी शाखा से चल रहा है, जिस पर वह लाखों रुपये ब्याज के रूप में जमा कर चुकी हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 20 जनवरी 2026 तक पीड़िता को पॉलिसी की पूर्ण राशि नहीं दी गई तो पीएनबी अफजलगढ़ शाखा के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी बैंक पीएनबी मेटलाइफ प्रबंधन की होगी।

## मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी



**बिजनौर।** मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर एक गोष्ठी का आयोजन कृष्णा ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व एवं संरक्षण तथा उससे जुड़ी हुई चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे समानता न्याय और स्वतंत्रता सभी के लिए आवश्यक है। साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों का उल्लंघन एक सार्वभौमिक समस्या हैं, जिसका समाधान नागारिकों को मानव अधिकारों के बारे में जागरूक करके ही किया जा सकता है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया है जो भारतीय नागरिकों के मानवीय अधिकारों को सुनिश्चित करते हैं। मानव अधिकारों का उल्लंघन कहीं भी हो हम सबको मिलकर उसका विरोध करना चाहिये, मानव अधिकार सभी जाति, वर्गो के लिए एक समान हैं। समाज कार्य विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, दासता और यातना से मुक्ति, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, रोजगार परक काम करने और शिक्षा का अधिकार, और अन्य अनेक अधिकार शामिल हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, देशों की सरकारों पर यह जिम्मेदारी तय करता है कि वे मानवाधिकारों और व्यक्तियों या समूहों की मूल स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए, कुछ निश्चित कार्य करें या कुछ कृत्यों से बचें।कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता मनदीप चिकारा, प्रियंका अग्रवाल, दीपांशु जैन का विशेष योगदान रहा।

# रेडियो संदेश टीम ने किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा जीवनपुरी स्थित कन्या गुरुकुल का भ्रमण किया। टीम ने पाया कि गुरुकुल में पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को संस्कार और वैदिक ज्ञान का भी विशेष रूप से प्रदान किया जाता है।

गुरुकुल संचालक सुशील त्यागी, सुश्री सविता आर्य तथा अन्य शिक्षकों द्वारा छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।

गुरुकुल की संचालिका सुश्री सविता आर्य ने बताया कि यहां प्रदेश के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के बाहर से भी अनेक छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। यह गुरुकुल प्रबंधन की सफलता और उत्कृष्ट व्यवस्था का परिचायक है। रेडियो टीम द्वारा 'सेहत सही-लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी बीमारी के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।.

## धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत

### समर्थकों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत हुए है। समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ी। कस्बे के मौहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत हुए। उनके मनोनयन से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें बधाई दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर धर्मेन्द्र जोशी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो दायित्व दिया है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। बधाई देने वालों में सन्दीप जोशी, रालोद नेता अजयवीर सिंह एड., संजीव जोशी, मुकुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कासमपुरगढ़ी में अजीमुश्शान जलसा





## आठ तलबाओं की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी में एक अजीमुश्शान जलसा हुआ, जिसमें आठ तलबा की दस्तारबंदी हुई। मौहम्मद अनस, मौहम्मद रिहान, मौहम्मद शुएब, मौहम्मद अल्फैज, मौहम्मद फुरकान, मौहम्मद नाजिम, मौहम्मद उवैस, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद जैद, कुल आठ तलबा की दस्तारबंदी हुई। जिसकी सदारत हजरत मौलाना अल हज मौहम्मद याकूब हाशमी नक्शबंदी ने फरमाई। निजामत हजरत मौलाना मुफ्ती जुबैर उदयपुरी ने की। तिलावत ए कलाम पाक हजरत कारी मौहम्मद जाफर और कारी हसीबुर्रहमान ने की। नाते पाक मुफ्ती मौहम्मद सलमान कारी, मौहम्मद अशरफ ने पेश की। मेहमान ग्राम अमरोहा से तशरीफ लाएं मुफ्ती मुजाहिद उल इस्लाम ने लोगों को बताया कि अल्लाह ताला ने इंसान को सबसे अफजल क्यों बनाया और इसी चीज पर रोशनी डाली। आखिर में मेहमान हजरत मुफ्ती मौहम्मद शाहिद, शेख उल हदीस जमा मस्जिद अमरोहा ने अपनी नसीहतों से नवाजा और जलसे में दुआ फरमाकर इखतताम हुआ। मौलाना मौहम्मद असद नाबकवि ने तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। जलसे में कारी अब्दुल हलीम बिजनौर, कारी अली हुसैन, कारी मौहम्मद आरिफ कारी, जावेद इकबाल हलीमी, मदरसे के उस्ताद मौलाना जीशान, मौलाना नईम कारी, अब्दुल्लाह, मौलाना सऊद, मौलाना आसिफ और तमाम ही जिम्मेदारों की निगरानी में प्रोग्राम कामयाब रहा।

एक नजर

## एसआईआर फार्म जमा कराने पर जोर



**नगीना।** एसआईआर के काम में लगे बीएलओ के साथ जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत फार्म भरवाने में में प्रयासरत हैं। हालांकि फॉर्म भरने व जमा करने के लिए अब तीन दिन शेष हैं, लेकिन इस सबके बावजूद अब भी प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम 100 मतदाताओं ने फॉर्म जमा नहीं किये है। भाजपा नेता रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 324 मौहल्ला लाल सराय नगीना में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार कुल 1106 में से 904 फार्म वितरित किए गए थे, जिसमें से 890 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 204 नाम काटे गए हैं। लगभग 12 लोग जो अभी घर पर नहीं मिले हैं। उनके फॉर्म जमा करने शेष हैं अन्यथा बूथ पर एसआईआर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता रोहित रवि, बीएलओ अलका सिंह, राजपाल सिंह, हिमांशु कुमार, संदीप कुमार, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, सरला देवी, रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व आजीवन अध्यक्ष स्व. कुंवर महीपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से पधारी आचार्या डॉ. प्रियंवदा एवं छात्राओं ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्व. कुंवर महीपाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध के उप-प्रबंधक नवनीश कुमार ने कॉलेज के सभी लोगों से कहा कि यह सबका कर्तव्य है कि वे दिवंगत महीपाल सिंह के बताए अच्छे रास्ते और सिद्धांतों पर चलें। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से कहा कि आपकी जिम्मेदारी है कि आप देश को अच्छे नागरिक दें, इसलिए आपको खुद भी एक आदर्श जीवन जीना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी अनिल पांडे ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र के अस्तित्व में ही हमारा अस्तित्व निहित है। हमें सदैव राष्ट्र सेवा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्राचार्या प्रोफेसर डा. साधना ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा तथा अन्य क्षेत्रों से आए अतिथियों संजय कुमार, अवनीश राठी, प्रियांशु एवं मौहम्मद गुलिस्तान के अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

## कन्या इंटर कॉलेज में कंबल वितरण



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद छात्राओं को कंबलों का वितरण किया गया। जिसमें कुल 100 कम्बल जरूरतमंद छात्राओं को वितरित किए गए। यह सेवा कार्य नरेंद्र गुप्ता तथा उनकी पत्नी मधु श्री गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या रेखा देवी तथा शिक्षिका मिथलेश अंजलि कुमारी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों से जुड़े सौरभ अग्रवाल, गौरव माहेश्वरी एवं नरेंद्र कुमार अग्रवाल अंजलि अग्रवाल, सुनीता गोयल, लवी अग्रवाल मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद छात्राओं को कम्बल वितरण करना मानवता की सर्वोत्तम सेवा है।

## बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। इंदिरा नगर कॉलोनी में नरेश कुमार दीवान के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुरेश कुमार, राकेश कुमार, जागेश कुमार, नरेश कुमार, नेहा देवी, अनिका, गीता शर्मा, यशी शर्मा, विनीता, प्रीति आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, सुधीर सक्सेना, नीरज वर्मा, आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## दिसम्बर में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं स्थगित

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन में जनपद बिजनौर में माह दिसम्बर-2025 में आयोजित की जाने वाली सभी प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं खराब वायु गुणवत्ता एवं बढ़ते वायु प्रदूषण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित की जाती हैं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, खेल संघों के पदाधिकारी, सभी शिक्षण संस्थान सरकारी व गैर-सरकारी को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्तर के विद्यालय, महाविद्यालय, संस्थान, क्लब, संघ पर कोई भी खेल प्रतियोगिता आयोजित न की जाए। यदि पूर्व में कोई कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, तो तत्काल प्रभाव से उसे स्थगित करते हुए सूचनाएं संबंधित प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देशित किया कि इन निर्देशों का पालन सभी स्तरों पर अनिवार्य रूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आदेशों के उल्लंघन की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारी व प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# सिस्टम की लापरवाही से पिता ने खोया बेटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस विभाग हो या स्वास्थ्य विभाग हादसो में घायल मिलने वालों के साथ कैसी जिम्मेदारी का निर्वहन करता है इसका जीता जागता प्रमाण उस समय सामने आया जब आठ दिन से गायब युवक की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे परिजनों को उसके मौत की सूचना मिली।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सिहावली गांव निवासी गरीब परिवार का बेटा स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग की लापरवाही के चलते लावारिस के साथ खत्म हो गया। बाइक लेकर 8 दिन से गायक पिता इधर-उधर तलाशते रहे और मंगलवार को कैला देवी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो उन्हें कुछ देर बाद मौत की सूचना मिल गई। बुधवार को मुरादाबाद से पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर आया तो चीख पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम छा गया। जहां हर कोई स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग की लापरवाही की चर्चा करते नजर आया। बताते हैं गजराज सिंह का 20 वर्षीय बेटा सुरेंद्र मजदूरी करता था। एक दिसंबर की देर रात वह बाइक से रिश्तेदारी में गया था। वह वहां भी नहीं पहुंचा और उसके पिता ,भाई तथा अन्य परिजन इधर-उधर ोन के जरिए तलाशते रहे लेकिन कहीं पता नहीं चला। बीते मंगलवार को अंत में उसके पिता अपने दूसरे बेटे तथा रिश्तेदार के साथ कैला देवी थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। जहां कुछ देर बाद उन्हें मौत की खबर पुलिस के जरिए मिली।



सम्भल- सिस्टम की लापरवाही से लावारिस मरे युवक का शव पहुंचने पर बिलखते परिजन।

# निजि स्कूलों के शिक्षकों की योग्यता की होगी जॉच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** प्रदेश भर के निजि स्कूलों में शिक्षक बने शिक्षकों की योग्यता की जॉच कराए जाने के आदेश से कहीं खुश्खी,कहीं गम का माहौल बन रहा है।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन सी टी ई) ने मानकों के विपरीत शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। माध्यमिक शिक्षा विभाग अब सभी जिलों में निजि स्कूलों के शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता की जांच करेगा। निजि स्कूलों के शिक्षकों की योग्यता किसी से छिपी नहीं है। लगभग सभी निजि विषलयों में शिक्षक अन्ट्रैंड व अनुभवहीन ही सर बने हुए हैं। अनेक स्कूल ऊंची दुकान-फीका पकवान की तर्ज पर संचालित किए जा रहे हैं। कई विद्यालय ऐंसे भी हैं

**0आदेश से कहीं खुशी कहीं गम का माहौल**

**0माध्यमिक शिक्षा विभाग करेगा जिले के निजि स्कूलों की जॉच**

जहा एक ही परिवार के सदस्य व करीबी रिश्तेदार शिक्षण कार्य में लगे हैं। कस्बे के साथ ही आसपास ग्रामीण अंचलो में स्कूलों को आमदनी का अच्छा व्यापार समझकर संचालित किया जा रहा है। जिनमें शासन/प्रशासन की पाबन्दी के बावजूद कोर्स, ड्रैस आदि स्कूलों में ही बै-खौफ होकर मनचाहे दामों पर बेचा जा रहा है। शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता की जांच से एक ओर जहां स्कूल संचालकों में हड़कम्प मचा हुआ है वहीं दूसरी ओर अभिावकों को उम्मीद है कि योग्य शिक्षकों की भर्ती से सकूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि आदेया से कहीं खुशी-कहीं गम का माहौल है। इधर कुछ लोगों का कहना है कि जॉच का आदेश ठोस परिणाम तक पहुंचेगा। इसमें संदेह है।

# आखिर क्यों बनी रही डायल 112 की लापरवाही

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जब-जब कोई हादसा होता है और उसमें मिलने वाले घायलों की चिंता जनक हालत को देखते हुए उन्हे अस्पताल पहुंचाया जाता है। ऐंसा एक आम नागरिक भी अपने कर्तव्य का निर्वहन कर गुड सेमेरिटन कहलाया जाता है। एक दिसम्बर को घायल मिले युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे रैफर भी किया गया लेकिन उसके परिजनों की तलाश करने का कोई प्रयास क्यों नहीं किया गया फिलहाल समझ से परे है। अब आखिर ऐंसी लापरवाही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की क्यों और कैसे रही इसे लेकर अंगुलियां उठना लाजमी है।

एक दिसम्बर को कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम सिहावली निवासी सुरेन्द्र (20) पुत्र गजराज सिंह का बेटा एक दिसम्बर की रात्रि बाइक से घर से निकला सुरेंद्र कुछ ही दूरी पर थाना क्षेत्र के ही संभल गवां मार्ग पर शकरपुर लखनपुर के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जहां से आसपास के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी तो मौके पर डायल 112 पहुंची। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। जहां युवक का मोबाइल स्विच ऑफ पड़ा था और बाइक भी थी, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन कोई भी पुलिस कर्मी साथ नहीं गया। सुरेंद्र का मोबाइल भी जिला अस्पताल पहुंच गया। घायल अवस्था में इलाज शुरू किया तो गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। इसकी सूचना जिला अस्पताल द्वारा न तो थाना पुलिस को दी गई और न ही परिजनों के बारे में कोई जानकारी करने का कोई प्रयास किया गया। जबकि लावारिस के रूप में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया, जहां इलाज चलता रहा और उधर पिता अपने बेटे को इधर-उधर खोजता रहा। अंत में लावारिस के रूप में अस्पताल में भर्ती सुरेंद्र जिंदगी से हार गया और उसकी मंगलवार शाम को मौत हो गई। इसके बाद मुरादाबाद चिकित्सकों द्वारा शव को सौंपने के लिए पुलिस को जानकारी दी गई उसके बाद कैला देवी थाना पुलिस को सूचना आई। आखिर सुरेंद्र की जिंदगी हादसे के बाद लावारिस के रूप में बनकर सिमट गई। अब सवाल यही पैदा होता है कि आखिर डायल 112 पुलिस द्वारा थाना पुलिस की सूचना क्यों नहीं दी गई? या घायल के साथ जिला अस्पताल तक क्यों नही पहुंची? पुलिस। जबकि डायल 112 पुलिस मृतक युवक की बाइक के नंबर से भी युवक के

**0 बंद मिले मोबाईल और बाइक के नम्बरों से ली जा सकती थी नाम व पते की जानकारी, स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी थाना पुलिस को नहीं दी गई सूचना**

परिजनों तक पहुंच सकती थी। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा थाना पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई? आखिर स्विच ऑफ मोबाइल को खोलकर उसके मोबाइल में डायल नंबरों पर संपर्क करने का भी प्रयास क्यों नहीं किया गया? या फिर स्विच ऑफ मोबाइल को खोल लिया जाता तो लगातार परिजन भी संपर्क कर रहे थे, हो सकता था किसी का फोन आ जाए और सुरेंद्र की पहचान हो सकती थी? बहरहाल इसी लापरवाही के चलते एक गरीब परिवार ने अपना बेटा खो दिया।

# जर्जर सड़क पर चलना हुआ दुश्वार

**0कागज़ों में सीमित होकर रह गई मांग**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**गवॉ।** केन्द्र व प्रदेश सरकार भले ही बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने का फरमान क्यों न दिया हो लेकिन अफसरों की कार्यशैली से उसकी मंशा परवान नहीं चढ़ सकी।

कस्बे के बीच से होकर गुजर रही अनूपशहर अलीगढ़ बुलंदशहर को जाने वाली मुख्य सड़क गवां विद्युत उपकेंद्र के नजदीक करीब एक किलोमीटर की जर्जर खस्ताहाल है प्रत्येक दिन कई हजार लोग इध र से उधर को निकलते हैं, परंतु विभाग की ओर से इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई वर्षों से जर्जर सड़क में जगह जगह गहरे गडढे बने है ओर धूल उड़ती है। लेकिन जिम्मेदार सड़कों की मरम्मत करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिससे राहगीरों की पीड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जर्जर सड़क समस्या पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधि कारियों से इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की, लेकिन उनकी मांग केवल आश्वासनों तक कागजों में धाराशायी होकर रह गई। जबकि बारिश होने पर मार्ग पर कीचड़ जम जाती है। जब कीचड़ सूखता है और भारी वाहनों का आवागमन होता है तो खूब धूल उड़ती है। अनूपशहर सहित अलीगढ़ बुलंदशहर आदि मार्ग के साथ अन्य शहरों को जोड़ती है।



सम्भल-अनूपशह अलीगढ़ जर्जर मार्ग अपनी बदहाली पर ऑसू बहाता।



जगह-जगह गडढे और टूटी सड़क से आवागमन मुश्किल हो रहा है। कई बार सही कराने की गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन सुनवायी नहीं हुई।

**चेतन राघव सभासद**



गवां नगर पंचायत का एकमात्र मुख्य मार्ग है। सरकार व प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराए।

**पंकज कुमार सभासद**



बरसात के दिनों में भी और ज्यादा समस्या होती है आए दिन राहगीर इसमें गिरकर हादसे का शिकार हो रहे हैं।

**चंद्रपाल सैनी**



सड़कें बदहाली की तस्वीर पेश कर रही हैंविभागीय अफसरों की उदासीनता ने सड़क को उपेक्षा का शिकार बना दिया है।

**विराग गौड़**

# कूड़े के ढेर में लगी आग के धुंअे से रोडवेज की बस कन्टेनर से टकराई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कूड़े के ढेर में लगी आग से धुंआ मार्ग पर फैल गया। धुंअे के बीच पहुंची रोडवेज की बस की कनंटेनर से टक्कर हो गय। हादसे में कंटेनर का सराइड का शीश टूट गया जबकि बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया।

कसबा नरौली के बस अडडे के निकट किसी ने कूड़े में आग लगा ी। जिससे उसमें से काफी मात्रा में धुंआ होने लगा। धुंआ चारों और के साथ मुख्य मार्ग पर भी फैल गया। इसी बीच दिल्ली से बिसौली वजीरगंज जा रही रोडवेज की बस वहां आ गयी। ध ुआ अधिक होने से रोडवेज की बस की कंटेनर से टक्कर हो गयभ हादसे में कन्टेनर का साइड का शीशा चकनाचूर हो गया जबकि बड़ा हादसा होते-हाते बाल-बल बच गया। हादसे की सूचना पर कस्बा इंचाज पहुंच गए। उन्होने बस चालक और कन्डक्टर से जानकारी ली। बस में करीब 50 से अधिक सवारियां सवार थीं। सवारियों को दूसरी बस में बैठाकर गंतव्य को रवाना कराया।

# शोहरत की भूख शांत करने को कालिज के चपरासी को बताया संस्थापक सदस्य

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** शोहर कैसे भी और किसी रूप में मिले लोगों ने अपना शगल बना लिया है। ऐंसे ही एक मामले में एक झोलाछाप ने अपनी शोहरत की भूख को शांत करने के लिए चपरासी पिता को कालिज का संस्थापक सदस्य बताकर भ्रम फैला दिया। समाचार प्रकाशित होते ही सभी की ऑखे खुली रह गयीं। जिसकी कस्बे भर में आलोचना की जा रही है।

चौ. हसन आरिफ ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे दादा चौ. अबजद हुसैन जवाहर लाल इन्टर कालिज के संस्थापक थे। कालिज में समय-समय पर प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं में अशफाक अहमद का पद चपरासी लिखा हुआ है,जबकि एक झोलाछाप व संगठन बनाकर राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय अध्यक्ष स्वयं को घोषित कर समाज सेवा का नाटक करता रहता है। इसी व्यक्ति ने अब अशफाक अहमद को इन्टर कालिज का संस्थापक सदस्य बताकर मीडिया व युवा वर्ग को भ्रमित करने का प्रयास किया है। चौ. सन आरिफ का कहना है किउक्त व्यक्ति ने अगर भविष्य में दुबारा इस तरह का प्रयास किया तब इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए व खुद जिम्मेदार होगा। चपरासी को इन्अर कालिज का संस्थापक सदस्य बताए जाने की कस्बे के अनेक लोगो ने निन्दा करते हुए कहा कि उक्त को सस्ती शोहरत का बुखार चढ़ा ह रहता है और बन्द कमरे में बैठकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय स्तर की फर्जी बैठके दिखाकर भ्रमित करने का प्रयास करता रहता है। जिसे किसी भी हालत में ठीक नहीं कहा जा सकता। उधर तकनीकी रूप से शासन के नियमों के अनुसार किसी संस्था का कर्मचारी प्रबंधन समिति में नहीं हो सकता, इसलिए शिक्षा संस्थान के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उस संस्था का संथापक सदस्य लिखना शासकीय नियमों के नितांत विपरीत है। यह बात भ्रम फैलाने वाले को समझनी चाहिए।

**0भ्रम फैलाकर प्रसिद्धि पाने के प्रयासों की हो रही निंदा**

# सीएम के नाम पर अफसरों को धमकाने का आरोपी नागा साधु लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस हिरासत में नागा रूपी साधू को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी साध ू पर सीएम योगी के नाम पर अधि कारियों को धमकाने का भी आरोप है। साइबर सेल ने थाना रायसत्ती ने हिरासत में पूछताछ की

भुवनेश्वर तीर्थ पर कथित नागा साधु के रूप में रह रहे उमाशंकर जूना अखाड़ा का नाम लेकर पहचान छिपाने, तीर्थ भूमि के निजीकरण का प्रयास करने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर अधि कारियों को धामकाने का गंभीर आरोप है। पुलिस ने एक महंत की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। महंत बाल योगी दीनानाथ ने आरोप लगाया कि उमाशंकर किसी झूठे नाम से रह रहा है, क्योंकि उमाशंकर किसी संत का नाम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि वह खुद को जूना अखाड़े से बताता है, लेकिन यदि वह अखाड़े से होता तो अपने नाम के आगे गिरि या पुरीश्जैसे उपनाम लगाता। महंत ने कहा कि जूना अखाड़ा अत्यंत सम्माननीय है और उसके सदस्य को त्याग व तपस्या से रहना चाहिए। उमाशंकर अखाड़े के नाम का दुरुपयोग कर तीर्थ की संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। महंत दीनानाथ ने बताया कि नागा साधु उमाशंकर के संबंध मुस्लिम व्यक्तियों से अधिक हैं। खानपुर खुम्भार में जो भूमि निकली है। उसका उपयोग कोई हिंदू व्यक्ति नहीं कर रहा, बल्कि मुस्लिम समाज के लोग कर रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस जगह की जांच करने की मांग की। महंत ने कहा कि यह सार्वजनिक भूमि है और इसका उपयोग किसी एक व्यक्ति के निजी स्वरूप में नहीं, बल्कि सार्वजनिक रूप से होना चाहिए।

**0जूना अखाड़े का नाम लेकर पहचान छिपाने की आशंका, बाल योगी दीनानाथ ने की शिकायत**

# मारपीट का वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक स्थित एक दुकान में बेल्टों से की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में 3-4 किशोर दुकान से हाथ में बेल्ट लिए बाहर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पबसरा निवासी पीड़ित राजकुमार ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर करीब 3 बजे वह बैंक के पास रेडीमेड की दुकान पर बैठा था। तभी अलग-अलग गांव के चार किशोर दुकान में आए और बेल्टों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हालांकि वायरल वीडियो की हम पुष्टि नहीं कर रहे लेकिन तेज से वायरल हुए मारपीट में राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने उसे रजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेजा। पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**0पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी**

# श्रीअन्न मिलेटस जागरूकता कार्यक्रम 12 दिसम्बर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अन्न (मिलेटस) पुनरूद्वार कार्यक्रम (राज्य सैक्टर) योजना के तहत श्री अन्न उत्पादन एवं उपयोग में वृद्धि के मददेनजर श्रीअन्न रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 12 दिसम्बर को किया जायेगा। जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर शुक्रवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र, पल्था, मिठनपुर, चन्दौसी (सम्भल) में किया जाना निर्धारित हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी व जिला पंचायत अध्यक्षा डा. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। उन्होने जनमनास से कार्यक्रम में पहुंचकर इसका लाभ उठाने का आहवान किया।

# समाज के प्रत्येक वर्ग को समानता दिलाना हमारी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमेली।** ग्राम असमोली में सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानवाधि कार केवल कानून की बात नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता से जुड़ा मौलिक अधिकार है। समाज के प्रत्येक वर्ग/विशेषकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को न्याय और समानता दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने, पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक स्तर पर मजबूती लाने पर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि लोग अपने अधिकारों को जान सकें और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। अंत में मानवाधि कार संरक्षण का संकल्प लिया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। मानवाधि ाकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण जिला सम्भल की पूरी टीम प्रमोद कुमार यादव महासचिव, जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार त्यागी, गौरव कुमार यादव प्रांत उपाध्यक्ष, समय सिंह जिला सचिव, ओमवीर शर्मा महामंत्री, विक्रम सिंह यादव कोषाध्यक्ष, शिव कुमार मीडिया प्रभारी, चंद्रभान सिंह यादव जिला कानूनी सलाहकार आदि लोग उपस्थित रहे।



## एक नज़र इधर भी

### राहत योजना में बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं को होगा लाभ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** प्रदेश में चल रही बिजली बिल राहत योजना में कनेक्शन लेने के बाद कभी भी भुगतान न करने वाले (नेवर पेड) उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुविधा दी जाएगी। 31 मार्च तक नेवर पेड रहने के बाद एक अप्रैल से 30 नवंबर 2025 के बीच जिन लोगों ने पहली बार भुगतान कर दिया है उन्हें भी योजना में छूट मिलेगी। प्रदेश में एक दिसंबर से बिजली बिल राहत योजना शुरू की गई है। इसमें घरेलू अधिकतम दो किलोवाट भार और वाणिज्यिक एक किलोवाट भार के उन उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है, जो कनेक्शन लेने के बाद कभी भी भुगतान (नेवर पेड) नहीं किए हैं। इसी तरह लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले (लांग अनपेड) को भी योजना में शामिल किया गया है। विद्युत विभाग प्रत्येक दिन गांवों में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं के बिल जमा करने में लगा है।

### सहायक विकास अधिकारी ने मुख्य मार्ग पर कराई सफाई

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बहजोई मुख्य मार्ग पर सहायक विकास अधिकारी ने साफ सफाई कराते हुए दोनों और पड़ी धूल और मिटटी को उठवाया। मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशों पर सम्भल बहजोई मुख्य मार्ग पर ग्राम मुजफ्फरपुर में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे जमी मिटटी और पटरियों पर 2 दिन से वृहद स्तर पर साफ सफाई कार्य किया जा रहा है, विकास खंड पवासा के 25 कर्मचारियों की टीम कार्य में लगे हुए हैं सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवांसा अशोक कुमार त्यागी द्वारा अवगत कराया कि पवासा विकास खंड क्षेत्र में मुख्य मार्ग को पूर्णतः साफ सुथरा बनाने को यह अभियान चलाया जा रहा है।

### फरार चल रहे वांछितों को दबोचा

**गवॉ ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार चल रहे दो वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाही अमल में लायी गई। क्षेत्र के गांव भैंसरौली के जंगल में छिपे होने की मिली सूचना पर उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने दोपहर करीब तीन बजे दबिश दी मौके से जसवंत और अमरपाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त काफी समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। पुलिस का कहना है कि इनके विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज था। स्थानीय स्तर पर इनकी लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन दोनों गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। मुखबिर से मिली जानकारी के आधाार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की गई और उसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया थाना प्रभारी निशांत राठी ने बताया कि फरार चल रहे आरोपियों पर संबंधित धाराओं के तहत पुलिस ने दबोच दिया जिन पर कार्यवाही की जा रही

# चुनाव से पूर्व मस्जिद की नींव दाल में कुछ काला: नूरी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



**सम्भल।** पश्चिम बंगाल में बाबरर के नाम पर मस्जिद के निर्माण को लेकर जहां राजनीति गर्म है वहीं इसे लेकर धर्म गुरू भी सामने आकर बाबर के नाम पर ही मस्जिद के निर्माण पर सवाल खड़े किए हैं।

सिरसी निवासी धर्मगुरू मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कहा कि मस्जिद अल्लाह का घर है, इबादत का पवित्र स्थान है, जबकि जहाँ जरूरत हो, वहां मस्जिद बननी भी चाहिए। उन्होने सवाल खड़े करते हुए कहा कि मस्जिद की नींव 6 दिसंबर के दिन और बाबर के नाम पर ही क्यों रखी गई। उन्होने कहा कि बाबर मुसलमानों का धार्मिक मार्ग दर्शक नहीं था। वह एक मुस्लिम योद्धा और बादशाह था, जिसे राणा सांगा ने अपने राजनीतिक हितों के लिए बुलाया था। बाबर ने इस्लाम के लिए कोई बड़ा कारनामा अंजाम नहीं दिया। उसके नाम पर मस्जिद की नींव रखना और वह भी राज्य चुनाव से चार महीने पहले, अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। उन्होने इसे कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है और कोई राजनीतिक दल हमायूँ कबीर का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होने कहा कि खुद को पश्चिम बंगाल का औवेसी होने का दावा करने को भी गलत बताते हुए कहा कि असदुद्दीन ओवैसी अपनी पार्टी के सदर हैं मुसलमानों के सियासी रहनुमा हैं। हाई एजुकेशन, दीनी-मजहबी इल्म और कानूनी तालीम के साथ वह संविधान की रोशनी में मुसलमानों के मसाइल को ताकत के साथ रखते हैं। हमायूँ कबीर का उनसे कोई मुकाबला नहीं है। उनका राजनीतिक कैरियर तो एक दल-बदलू नेता के तौर पर ही जाना जाता है। उन्होने कहा कि मस्जिद के नाम पर राजनीति करना इस्लाम की शिक्षा के विरूद्ध है। साथ ही कहा कि राजनीति करना अच्छी बात है, लेकिन मस्जिद और मुस्लिम कौम को बदनाम करके राजनीति चमकाना सही नहीं है। खुदा के नाम और मस्जिद को टारगेट करके राजनीति करना इस्लाम इजाजत नहीं देता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ना सभी का संवैधानिक अधि कार है, लेकिन धर्म का इस्तेमाल कर राजनीतिक फायदा उठाने की हरकत नहीं करनी चाहिए।

# नया शिगूफा छोड़ने वाले हुमायूं कबीर पर हो कार्रवाई: अशरफ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तुर्णमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान और 6 दिसंबर को नींव रखने से गर्म हुई राजनीति पर धर्मगुरू कारी वसी अशरफ ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और भारत सरकार से हुमायूं कबीर पर कठोर कार्रवाई की मांग की।उन्होने प्रेस को जारी बयान में सवाल खड़े करते हुए कहा कि बाबरी मस्जिद 1992 में ढहाई गई थी, लेकिन तब से अब तक हुमायूं कबीर कहां थे? उन्होंने इसे एक राजनैतिक स्टंट करार देते हुए बताया कि कबीर मुस्लिम समाज की भावनाओं के साथ खेलकर उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। मुस्लिम समाज का एक बड़ा हिस्सा सीधा-सादा और कम पढ़ा-लिखा है, जिससे उनके जज्बात का गलत प्रयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने हुमायूँ कबीर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उन्हे राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं पूरी होती नहीं दिखायी दे रही हैं बाबरी मस्जिद निर्माण का नया शिगूफा छोड़कर सुर्खियां बटोरने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि ऐसे बयान देश के माहौल में नफरत फैलाते हैं, जबकि देश में आज भी बड़ी संख्या में हिंदू-मुस्लिम आपसी भाईचारे के साथ रहना चाहते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से हुमायूं कबीर की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर जेल भेजे जाने की मांग करते हुए कहा कि बाबरी मस्जिद का कोई मामला नहीं है। यदि मस्जिद बनानी है तो खुदा के नाम पर इबादत के लिए बनाई जाए, न कि राजनीति के लिए। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अमन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ज़रूरी है।

**0अमन को नुकसान पहुंचाने वालों को भेजे जेल**

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा भाई सलमान हुसैन गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृत्ति क लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है। मेरे व मेरे अन्य भाईयों के साथ गाली गलौंच कर आमादा फसाद रहता है। मैने अपने भाई सलमान हुसैन को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने व मेरे सभी भाईयों ने सलमान हुसैन से अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए है। अब मेरा व मेरे अन्य भाईयों का सलमान हुसैन से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा। उसके किसी भी कृत्य की मेरी या मेरे भाईयों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मौ. फैज अशरफी पुत्र मौहम्मद हुसैन**
नि. चमन सराय, तह. व जिला सम्भल।

# पेड़ों की छटाई करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की हुई मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसरोवर कॉलोनी में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां पेड़ों की छटाई कर रहे एक मजदूर की हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सड़क पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर की पहचान इरफान निवासी पाकबड़ा के रूप में हुई है। इरफान मजदूरी का काम करता था। बुधवार सुबह एक व्यक्ति उन्हें पेड़ काटने का काम दिलाने के बहाने मानसरा. वर कॉलोनी लेकर आया था। कोठी के सामने लगे बड़े पेड़ की छटाई के दौरान इरफान जैसे ही ऊपर चढ़ा, पास से गुजर रही हाई-टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह चीख भी नहीं सका और देखते ही देखते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।करंट लगने के बाद इरफान का शरीर घंटों तक पेड़ पर लटका रहा।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया और कड़ी मशक्कत के बाद शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। मृतक के भाई फुरकान ने बताया कि इरफान को पेड़ काटने के लिए एक व्यक्ति लेकर आया था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार में इरफान की मौत से कोहराम मचा हुआ है।

# रास्ते में रोक कर हमला करने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित इस्लाम नगर में बुधवार दोपहर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब नमाज अदा करके घर लौट रहे दो युवको पर अचानक कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित मोहम्मद उमर पुत्र हाजी अशफाक हुसैन, निवासी इस्लाम नगर ने थाना कटघर में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को लगभग दोपहर 2 बजे उसके भाई हाजी कमर और भतीजे समद पर मोहल्ले के ही जुनैद, जावेद, कैफ, फैज पुत्रगण सलीम उर्फ कलुआ तथा सलीम उर्फ कलुआ पुत्र रहीसुद्दीन ने हमला कर दिया। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, मोती मस्जिद के सामने आरोपियों ने दोनों का रास्ता रोककर गाली-गलौज



शुरू कर दी। विरोध करने पर कैफ पुत्र कलुआ ने समद पर चाकू से हमला किया, जिसमें उसके बाएँ हाथ में गंभीर चोट आई, इसके बाद अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हाजी कमर और समद पर प्रहार किए, जिससे दोनों के शरीर पर कई गहरी चोटें आ गईं।शोरगुल सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल हाजी कमर और समद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।पीड़ित मौ0 उमर ने थाने पहुँचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### कार पलटने से एक की मौत, तीन घायल



**मूंढापांडे ( शाह टाइम्स संवाददाता )** थाना क्षेत्र के दिल्ली - लखनऊ नेशनल हाईवे स्थित दलपतपुर साईं ढाबे के बराबर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें बैठे चार दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, चारों को मूंढापांडे पुलिस ने कार से निकालकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मोहसिन 22 वर्ष पुत्र महबूब निवासी मिलक लक्ष्मीपुर कट्टई थाना मूंढापांडे की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अस्पताल ले जाते समय मोहसिन ने दम तोड़ दिया, मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया, मृतक के परिवार में एक भाई छोटा नाजिम और एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है,मां , पिता महबूब का रो रो कर बुरा हाल है, जबकि उसके दोस्त शमीम,फहीम, उस्मान का अस्पताल में इलाज चल रहा है, मृतक के परिवार वालों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही से साफ इन्कार कर दिया।

### शैक्षिक भ्रमण के दौरान द मिल्लत स्कूल के बच्चों ने की नवीनतम जानकारियां हासिल



**कांठ ( शाह टाइम्स )** दा मिल्लत स्कूल की ओर से आज विद्यार्थियों को बरेली का शैक्षिक भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने ऐतिहासिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन कर जानकारियां हासिल की विद्यार्थियों ने बरेली के प्रमुख स्थानों पर जाकर ऐतिहासिक तकनीक पर्यावरण व संस्कृति से जुड़ी जानकारी के बारे में गहनता से जाना। बच्चों ने मॉडल प्रदर्शनिया और संग्रहालयो को देखकर कई प्रश्न पूछते हुए उन्हें समझाने का प्रयास किया। बताया गया की यात्रा के दौरान शिक्षक और छात्रों के बीच बेहतर संवाद और सीखने का बातावरण देखने को मिला। प्रधानाचार्य इति बंसल ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान अनुशासन टीमवर्क और अन्य नई चीजों के बारे में जानकारियां हासिल करने की इच्छा और प्रबल हो जाती है। भ्रमण के लिए प्रधानाचार्य इति बंसल ने सभी सहयोगी स्टाफ का धन्यवाद किया और आगे भी इसी तरह के यात्राओं का आयोजन किए जाने का भरोसा दिलाया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान पुनीत बिश्नोई अजहर गोविंद अलीना सदा तानिया कनिका चौधरी प्रिंसी रानी साद वजीहा एवं तरन्नुम आदि मौजूद रहे।

### शिकायत के बाद भी नहीं रुका खनन, किसानों में नाराजगी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** शिकायत किए जाने के बाद भी सरकारी ट्यूबवेल के रकवे में किया जा रहा खनन नहीं रुक पाया है। किसानों में इसे लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है खनन करने वालों और किसानों के बीच बढ़ रही नाराजगी से किसी अप्रिय घटना के घटित होने की भी आशंका बढ़ गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया गया कि माननगर के दो गाटो में खनन कार्य किया जा रहा है किसानों का कहना है कि नियम अनुसार सरकारी भवन एवं सरकारी संपत्ति से 50- 50 मीटर की दूरी तक खनन की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि इन गाटा संख्याओं में सरकारी ट्यूबवेल स्थित है और उसकी चारों ओर को पाइपलाइन दबी हुई है खनन किए जाने से सरकारी संपत्ति के नुकसान होने और इसके बाद किसानों की सिंचाई बाधित होने की पूरी पूरी संभावना बन गई है।

इस बात को लेकर किसानों ने तहसील दिवस सहित मुख्यमंत्री पोर्टल आदि पर शिकायत कर इन घाटों में परमिशन न दिए जाने की मांग की थी लेकिन इसके बावजूद भी वहां पर कुछ लोग खनन कार्य करने में लगे हैं आज किसान निपेंद्र सिंह हरीश कुमार राजपाल सिंह मिश्री सिंह हेमराज सिंह ओम प्रकाश सिंह आदि ने मौके पर जाकर विरोध भी जताया है।

# वीरेंद्र चौधरी ने सभी शिक्षकों से जंतर मंतर पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन में भाग लेने का किया आह्वान

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सुप्रीम कोर्ट के एक सितंबर 2025 के टीईटी की अनिवार्यता को लेकर दिये गए आदेश के खिलाफ अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का आंदोलन तेज हो गया है पिछले तीन महीनों में संगठन द्वारा सर्व प्रथम जन प्रति. निधियों को ज्ञापन दिया गया उसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है , जिला मुख्यालयों पर जिला अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया जिसके परिणामस्वरूप अनेक पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों ने संसद में भी यह मुद्दा उठाया है विरोध प्रदर्शन के अंतर्गत अब राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर 11दिसम्बर को एक विशाल धरना प्रदर्शन होना है। जिसमें देश भर के सभी राज्यो से शिक्षक अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करेंगे। जंतर मंतर पर होने वाले प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट मुरादाबाद के



ब्लॉक अध्यक्ष व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कार्य समिति के साथ बैठक कर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की और कहा कि आंदोलन अब निर्णायक चरण में है। शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में भाग लेकर इसे सफल बनाएं । संसद में टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के लिए सां. सदों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुरेंद्र विश्नोई ,मंत्री पंकज दिवाकर उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह , संयुक्त मंत्री सुजाउलहक , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे ।

# कहीं उधार के रुपये तो कहीं पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, दर्जनों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कहीं उधार के रुपए तो कहीं पुराने विवाद को लेकर की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्जनों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना छजलैट के गांव नकसन्दबाद निवासी मुन्नी पत्नी चमन सिंह का कहना है कि 7 दिसंबर की शाम को वह और उसका पुत्र राजकुमार घर पर थे तभी गांव के लक्ष्मण पुत्र राजू व् इसकी पत्नी गुड्डी होरीलाल पुत्र मंगल अरविंद व गुड्डू पुत्रगण हरपाल उसके घर के सामने आ गए और पुराने विवाद को लेकर गाड़ी गलौज करनी शुरू कर दी उसके बेटे ने गाली देने को मना किया तो उन्होंने लात घूंसो और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उसके व उसके परिवार के लोगों के काफी चोट आई हमलावर मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़िता कहना है कि यह लोग आए दिन उनके साथ झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। जबकि दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के गांव बैरमपुर की है वहां के नरेश कुमार पुत्र रघुवीर का आरोप है कि गांव में हैप्पी पुत्र कमल वीर की पुत्री का नामकरण हुआ था जिसमें हैप्पी ने उसे 30 हजार रुपए उधार लिए थे और एक माह में वापस करने को कहा था उसके मांगने पर उसने पैसे वापस नहीं किए एक साल बाद वह अपने पैसों का तकाजा करने हैप्पी के घर गया तो वह नाराज हो गया और उसे गाली देकर भगा दिया उसके घर आने के बाद हैप्पी, पवन, कमल सिंह आदि उसके घर में घुस गए और लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया हैप्पी का कहना था कि तू बहुत पैसे मांगता है आज तेरा काम खत्म कर देंगे बचाने आई पत्नी बबीता व पुत्र निशांत को भी उन्होंने मारपीट करते हुए बदतमीजी करनी शुरू कर दी और बाद में धमकी देकर चले गए। पीड़ित थाने पहुंचा और उन्होंने सभी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# आग लगाने का आरोप लगाकर की मारपीट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पड़ोसी द्वारा दूसरे के घर में आग लगाए जाने का आरोप लगाकर मारपीट कर दी



गई पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके एक आरोपी का चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी निवासी रवि कुमार पुत्र किशोरी सिंह का कहना है कि उसके पड़ोसी जागेश पुत्र रघुवीर के घर पर बनी दुकान में रखे भूसे में आग लग गई थी जिसको बुझाने के लिए वह और उसके परिवार के लोग वहां पहुंचे लेकिन वहां मौजूद चंद्रपाल जागेश किशन पुत्रगण रघुवीर तथा शिवानी पत्नी चंद्रपाल ने उन्ही पर आग लगाने का आरोप लगाकर गाली गलौज करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो चंद्रपाल ने जान से मारने की नीयत से सिर पर डंडे से बार कर दिया जिसमें उसकी मां को गंभीर चोटे आई पीड़ित थाने पहुंचा और चंद्रपाल के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर चालान किया है।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध हुआ घायल

**कांठ( शाह टाइम्स )** बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार बृद्ध घायल हो गया जिसकी अस्पताल में हालत नाजुक बनी हुई है। थाना छजलैट के गांव भेंडी फरीदपुर निवासी करतार पुत्र जबर सिंह का कहना है कि उसके पिता जबर सिंह पुत्र हजारी वीबीपुर का बाजार करके साइकिल से घर को वापस लौट रहे थे जैसे ही मानपुर रोड पर देसी शराब की दुकान के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही बाइक ने उनके पिता की साइकिल में टक्कर मार दी टक्कर लगने से उनके काफी चोट आई साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर उसने पिता को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एसआईआर में पात्र का नाम छूटना नहीं चाहिए, अपात्र का नाम सूची में बचना नहीं चाहिए: कुंदरकी विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** बुधवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसआईआर अभियान को लेकर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अभियान की जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्राम दौलारी में घर-घर जाकर निरीक्षण किया। विधायक ने लोगों के घरों के दरवाजे खटखटाकर उनसे एसआईआर फॉर्म भरने के बारे में जानकारी ली। इसके बाद विधायक पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय में बने सेंटर पर पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ संख्या 62 ,63,64,व 65 के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से बात की। बीएलओ ने विधायक को अभियान से जुड़ी कुछ समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने उन्हें शांत मन और तनाव रहित होकर प्रक्रिया पूरी करने का निवेदन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान किया जाएगा और किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। यह अभियान 2003 की मतदाता सूची से मिलान करके फॉर्म भरने से संबंधित है। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर का शत-प्रतिशत काम जल्द ही पूरा हो जायेगा।

पात्र का नाम किसी भी कीमत पर छूटना नहीं चाहिए और अपात्र का नाम सूची में बचना नहीं चाहिए। मजबूत लोकतंत्र के लिए एसआईआर सबसे बुनियादी और अहम कार्य है।

# कुंदरकी बाईपास पर बाइक को बचाने के चक्कर में हाईवे पर भिड़ी दो कार, बाइक सवार गंभीर घायल

- **नगर पालिका के सभासद अभिषेक पांडे भी चोटिल, सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने घायलों को एंबुलेंस से भिजवाया अस्पताल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद आगरा नेशनल हाईवे पर बुधवार को बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दो कार आपस में टकरा गई। हादसे में बाइक सवार चंदौसी निवासी जावेद गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा हादसे में बिलारी नगर पालिका के सभासद अभिषेक पांडे भी चोटिल हो गए गनीमत रही कि उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी थी जिस कारण गुम चोट आई है। उनके साथ भतीजा गोपेश भी साथ था, गोपेश के भी गुम चोट आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सभासद एडवोकेट अभिषेक पांडे मुरादाबाद से बिलारी लौट रहे थे। बिलारी की ओर से आ



रही हाईवे पर कार ने पहले बाइक में टक्कर मारी उसके बाद सभासद अभिषेक पांडे की कार से टकरा गई। जब हादसा हुआ उसके कुछ इस समय बाद सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मुरादाबाद की ओर रवाना हो रहे थे, उन्होंने हादसा देखते ही अपनी गाड़ी रूकवाई और घायलों का हाल-चाल जाना जहां, जहां उन्होंने गंभीर घायल चंदौसी निवासी जावेद को एंबुलेंस में बैठाकर अस्पताल को रवाना कराया। इसके बाद अन्य सभी घायलों को भी अस्पताल पहुंचवाया।

सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि एनएच हाईवे पर हादसों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है इस संबंध में एनएच के अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए और हादसों पर लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। कहा कि हाईवे पर अत्यधिक स्पीड से वाहन गुजरते है।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र संजीव कुमार शर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। होरीलाल पुत्र भागीरथ निवासी ग्राम करहट उर्फ रामहठ पोस्ट कैलसा जिला अमरोहा हाल निवासी एकता कालोनी निकट प्रेम गत्ता फैक्ट्री थाना मझोला जिला मुरादाबाद। मोबाईल नं0-8057445512

## खोया-पाया सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक मूल बयनामा स्थित संपत्ति बागात रुस्तमखानी, अमलारूफ, दौलत बाग मुस्तहकम, तहसील व जिला मुरादाबाद, जिसका बही नंबर-1, जिल्द सव 800, पृष्ठ 150 से 152 क्रमांक 154, दिनांक 20.5.1949 है जो श्रीमती लीलावती पत्नी राजकुमार सिंह के नाम पंजीकृत है वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। **हर्ष कुमार पुत्र राजकुमार सिंह निवासी मौहल्ला दौलत बाग मुस्तहकम, मालती नगर, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।**


# भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के अंबेडकर पार्क परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया यहां पर उन्होंने ठगी पीड़ित लोगों का जमाधान वापस कराने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। बुधवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कासिम पाशा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सोंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि मुरादाबाद मंडल में अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 (वड्स एक्ट 2019) और उत्तर प्रदेश के वित्तीय संस्थानों में जमा करता हित संरक्षण अधिनियम 2016 का उल्लंघन करके विभिन्न कंपनी एवं क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी वगैरा फौजी स्कीम चल रही थी, जिन्हें भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने लाइसेंस दिया था, जिन्हें प्रतिबंधित कर



दिया था तथा कंपनी की संपत्ति भारत सरकार ने अपने कब्जे में कर ली है और जमा कर्ताओं के जमाधन की वापसी का दायित्व आवेदन लेकर वड्स एक्ट 2019 के तहत नियुक्त सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारियों को दिया था। ठगी पीड़ितों से आवेदन लेकर 180 दिन में उनके जमाधान के दो से तीन गुना भुगतान की व्यवस्था की है। भुगतान कानून की अनुपालना करवाने के लिए हमारे संगठन लगातार सत्याग्रह कर रहा है लेकिन अभी तक उनकी मांगे पूरी नहीं की गई है। इसके अलावा बिलारी स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक के वर्तमान मैनेजर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान द्वारा कम उधमी योजना के अंतर्गत पात्र मजदूर युवाओं का संबंधित योजना का लोन पास नहीं कर रहे हैं, लोन पास होने के बाद भी 8 महीने तक भी लोन की रकम खाते में नहीं भेज रहे हैं। पात्र मजदूर युवाओं को संबंधित बैंक द्वारा लगातार गुमराह किया जा रहा है। इसके समाधान की मांग की गई।

इस दौरान मुख्य रूप से मोहम्मद इंतखाब पाशा, फरहत अली खान, मोहम्मद रफी एडवोकेट, मोहम्मद सलीम खान, रिजवानुद्दीन बंजारा, अकबर अली, रियाज, सिराजुद्दीन खान, आलम, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद निसार, डॉ यासीन, रकाबुल, सिराज पाशा आदि सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में चिकित्सक का चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने महिला के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार किए जाने के आरोप में एक चिकित्सक को गिरफ्तार कर उसका चालान किया है। मुरादाबाद जनपद के बंगला गांव निवासी महिला का आरोप है की हाल नगर निवासी चिकित्सक राहुल कुमार आर्य पुत्र राजेश कुमार निवासी सदरपुर मतलबपुर कांठ में चिकित्सा व्यवसाय करता है वह कुछ समय पहले उसके संपर्क में आई उक्त चिकित्सक ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ संबंध बना लिए महिला के बार-बार कहने पर भी जब राहुल ने शादी नहीं की तो उसने उच्च अधिकारियों के यहां अपनी शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की आज चिकित्सक को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र विनोद कुमार व पुत्रवधू श्रीमती कमाक्षी कुमारी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती रामदेई पत्नी स्वर्गीय गिरधारी निवासी मौहल्ला भदौरा निकट होली चौक थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ0 आसिम को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ0 आसिम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा। मौ0 कासिम पुत्र श्री नजीर अहमद निवासी मियां कालौनी जमालिया मस्जिद के पास जयंतीपुर करूला तहसील व जिला मुरादाबाद।

## बैटरी चोरी गिरोह पर शिंकजा कसने में पुलिस नाकाम

**ठाकुरद्वारा।** पुलिसस की निष्क्रियता के चलते नगर क्षेत्र मे लगातार हो रही चोरी की वारदातें कम होने का नाम नही ले रही हैं। ताजा मामला रतुपूरा रोड का है जहां सड़क किनारे खड़ी हुई बस से अज्ञात चोर दो बैटरी एक लोहे की रॉड व दो स्पीकर चुरा ले गए। बस स्वामी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुशाहिद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बस रजि नंबर यूपी 20 ए .टी 7130 ठाकुरद्वारा - स्योहारा मार्ग पर चलती है।मंगलवार की शाम लगभग 6.40 बजे के नंबर के बाद बस का स्टाफ गाड़ी को रतुपूरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी करके चला गया,इस दौरान मौका पाकर अज्ञात चोरों ने बस मे चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। बस स्टाफ के मुताबिक बस के बराबर मे एक ट्रक आकर खड़ा हुआ था जिसकी आड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। बता दें कि इससे पूर्व भी अज्ञातह चोर एक अखबार के दफ्तर पर भी ट्रक लगाकर दो बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था,हालांकि ताजा चोरी का मामला जुड़ने के बाद नगर मे एक सप्ताह के भीतर हुई चोरी की चारों वारदातों मे पुलिस के हाथ खाली हैं।

# किसान की बाइक चोरी में 15 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** 15 दिन पूर्व चकबंदी कार्यालय के बाहर खड़ी किसान की मोटर साइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। किसान ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक बरामदगी की गुहार लगाई थी। पुलिस ने किसान की बाइक तलाश करना तो दूर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज नही की। लगातार 15 दिन से अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रति चक्कर लगाने के बाद आखिर कार कोतवाली पुलिस ने किसान की तहरीर के आधार अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक कहावत है कि पुलिस है अपनी मस्ती में आग लगे चाहे बस्ती में,। बतादें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव वंदेवाली मंडैया निवासी किसान महावीर सिंह पुत्र मितजान सिंह 26 नवबंर 2025 को चंकबंदी कार्यालय बाइक से आए थे। किसान अपनी मोटरसाइकिल चकबंदी कार्यालय के बाहर खड़ी करके किसी काम से कार्यालय में चले गए। इसी बीच अज्ञात चोर किसान की बाइक चोरी कर फरार हो गए । किसान ने वापस आकर देखा तो उनकी बाइक गायव थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई पता नही चल सका। किसान ने डायल 112 पुलिस को सूचना दर्ज कराई। इसके बाद किसान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए बाइक बरामदगी गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस इतनी व्यस्त है कि नगर में चोरी हो या अन्य घटना पर वह अपने कामो में है। यह कारण कि किसान के द्वारा दी गई तहरीर के 15 दिन बाद किसान की तहरीर पर अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखने की याद आई और तब पुलिस ने बीती रात अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाली पुलिस की कार्यशैली हठधर्मी कहे या मनमानी। बतादें कि 05 दिसम्बर की रात अज्ञात चोर एक अखबार कार्यालय से ट्रक लगाकर दो बेट्रे चोरी कर ले गए। चोरी सीसी टीवी फुटेज में अज्ञात चोर साफ चोरी करते नजर आ रहे है कि लेकिन कोतवाली पुलिस को अज्ञात ट्रक की जानकारी करने का समय नही है। जब कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार और नगर दरोगा बलराम दीक्षित जी से कहा तो उन्हे साफ शब्दो मे यह कहे दिया है कि पुलिस अभी अपने कामो मे व्यस्त है। चोरिया तो होती रही है। इसका जीता जागता उदाहरण किसान द्वारा बाइक चोर की 15 दिन बाद दी गई तहरीर में मुकदमा आज हुआ है। वास्तव मे पुलिस व्यस्त है ।

## सरप्राइज टेस्ट प्रतियोगिता में अंशिका फैजान और सूर्यांश आए प्रथम

■ जीवन में असफलता से सबक लेने की दी गई हिदायत

**ठाकुरद्वारा।** एमएल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनपुर में बुधवार को सरप्राइज टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंशिका शर्मा मोहम्मद फैजान और सूर्यांश चौहान प्रथम रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि असफलता से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि सबक लेना चाहिए और नई ताकत और जोश के साथ सफलता की सीढ़ियां चढ़नी चाहिए। बुधवार को एमएल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनपुर में सरप्राइज टेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें कक्षा 11 में अंशिका शर्मा, कक्षा 10 में मोहम्मद फैजान और कक्षा 9 में सूर्यवंश चौहान प्रथम रहे। कक्षा 8 में आदित्य शर्मा, कक्षा 7 में इशिका सिंह प्रथम रहे। जबकि कक्षा 8 में विवेक कुमार कक्षा 9 में विराज कक्षा 10 में कुशाग्र कक्षा 11 में रिया यादव द्वितीय रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि असफलता से निराश होने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। असफलता हमें सीख देती है और हम नए जोश और उत्साह के साथ सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले जाते हैं। हमेशा प्रसन्न रहे और इतनी भी परेशानी क्यों ना आए हंसते मुस्कुराते रहें। हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीटू चौहान , आचार्य गजेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह विद्यालय के डायरेक्टर सुनील यादव और विद्यालय प्रबंधक कुलदीप कुमार यादव, भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य सतपाल सिंह , सचिन राणा, अर्चना चौहान और राजपाल यादव, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### थाना अध्यक्ष ने जनसेवाकेंद्र संचालको और सिम विक्रेताओं के साथ गोष्ठी कर किया जागरूक



**भगतपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए वुधवार को थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने क्षेत्र के जनसेवा केंद्र संचालको एंव सिमविक्रेताओ के साथ थाना प्रांगण में गोष्ठी कर साइवर ठगी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइवर अपराध तेजी से बढ़ रहा है ठग फोन कॉल, मैसेज, या शोसल मीडिया के माध्यम से बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी कर खाते से रुपये उड़ा लेते हैं कोई आपसे बैंक की जानकारी एटीएम कार्ड पिन या ओटीपी की जानकारी मांगता है तो उसे बिल्कुल भी ना बताएं ओर अपने आसपास के लोगों को भी साइबर ठगी से संबंधित जानकारी साझा करें और खुद भी साइबर ठगी से सतर्क रहें ओर साथ ही थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने जनसेवा केंद्र के संचालको ओर सिम विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा है कि अगर आप किसी के खाते में रुपये ट्रांजेक्शन कर रहे है या सिम कार्ड बेच रहे हैं तो पहले उसकी वेरिफिकेशन कर ले नही तो आपकी मेहनत की कमाई पर कोई ठगी कर सकता है इसलिए आप सभी सावधान रहे ओर सतर्क रहे।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को पुलिस में गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खाबरी अव्वल में जानलेवा हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गांव के पप्पू पुत्र प्रकाश ने 14 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया कि सभी लोग एक राय होकर घर में घुस आए और उसे व उसके भाई डब्लू के अलावा राजवीर, सूरजमुखी, नीरज, अरुण को बुरी तरह से मारा पीटा। जान से मारने के लिए जानलेवा हमला बोल दिया। घर में रखे जेवर और 35 हजार रुपए लूट ले गए। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इसके अलावा पुलिस से अब मनु उर्फ मोनू पुत्र छुट्टन के अलावा करण सिंह पुत्र झुंडा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग से लगी आग विधुत तार टूट कर गिरा

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव बिचौटा में बुधवार की शाम साढ़े छः बजे गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में विधुत स्पार्किंग होने से आग लग गई तथा ट्रांसफार्मर से हाई वोल्टेज विधुत तार टूट कर जमीन पर गिर गया। तार के गिरते ही पास में पड़े घूरे में भी आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण एकत्र हो गए और बिजलीघर को फोन पर सूचना देकर विधुत आपूर्ति बंद कराई। उसके बाद ग्रामीणों ने आग बुझाई।

### शादी करने का झांसा देकर बनाए संबंध अब वीडियो वायरल करने की धमकी

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी बेटी को गांव के ही लड़के जबर सिंह ने ससुराल में फोन करके शादी को तुड़वा दिया और उससे शादी करने का वादा किया और उसके साथ रेप भी किया। डेढ़ महीने पहले जबर सिंह की बहन सोनम ने घर बुलाकर कहा कि तेरे पेट में जो बच्चा है उसे गिरवाने की बात कहीं, वहीं अस्पताल में ले जाकर अबॉर्शन कर दिया। अब वह शादी करने को मना कर रहा है। उसके फोटो व वीडियो जबर सिंह के मोबाइल में है। जिसे वह वायरल करने की धमकी दे रहा है। अब मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### पति की मौत के बाद देवर ने किया शारीरिक शोषण अब शादी करने से इंकार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पति की मृत्यु 2022 में हो चुकी है। पति की मौत होने के बाद उसका चचेरा देवर सुमनेश जो अप्रत्यक्ष रूप से उसके पति की मौत में शामिल था। उसकी पति की मौत बिजली के करंट से हुई। इस कारण कोई कार्रवाई न करने के लिए माफी मांगी, कहा कि वह उसे पत्नी बनाकर रखेगा। 4 साल बीतने पर भी उसने शादी नहीं की और 4 साल तक शारीरिक शोषण किया। तीन बार गर्भपात भी कर दिया। अब वह दूसरी शादी करने जा रहा है। इस मामले में अब तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चन्दौसी में जिलास्तरीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल डॉ. विदुषी सिंह के आदेश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानवाधिकारों की मूल अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से प्राप्त मूलभूत अधिकार हैं, जिनका संरक्षण समाज और शासन की साझा जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती असमानता, भेदभाव, हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है, ताकि अन्याय और अत्याचार का विरोध किया जा सके। जागरूकता सत्र में मौलिक अधिकार व कर्तव्य, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता एवं प्रक्रिया, लोक अदालतों के लाभ आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। साथ ही विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार, प्रभारी प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन गौरीशंकर चौधरी, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मयंक गोयल, लिपिक अमित कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, असलम, पराविधिक स्वयंसेवक अतुल कुमार चौहान, अंशुन्न, रमाकांत शर्मा तथा प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने अपने कार्यकाल में कराये महत्वपूर्ण कार्य

■ पेयजल व्यवस्था, पुराना भुगतान व कर्मचारियों की समस्याओं एवं सफाई पर किया फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका चन्दौसी में वर्ष 2025 के छह माह के कार्यकाल में वर्तमान अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए, जिनसे नगरपालिका की कार्यप्रणाली अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनी। वर्षों से लंबित कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मियों के भुगतान का मुद्दा नगरपालिका पर दबाव बनाए हुए था। अधिशासी अधिकारी ने इस दिशा में विशेष ध्यान देते हुए लंबित



भुगतान को लगभग शून्य स्तर पर पहुँचा दिया, जिससे पेंशनधारक कर्मचारी अब संतुष्ट हैं। नगर में पेयजल समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। अमृत योजना के तहत शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए इस समस्या में उल्लेखनीय सुधार किया गया। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातःकाल सफाई निरीक्षकों के साथ वार्डों व मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को मजबूत किया गया और सफाईकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अतिक्रमण हटाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ में विरोध के बावजूद सफल रही।

प्रबुद्ध नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर सहयोग किया, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हुई। शक्तिनगर, बदायूं चुंगी, स्टेशन रोड और मालगोदाम रोड स्थित रेलवे फाटक पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य उनके कार्यकाल में पूरा हुआ, जो स्वतंत्रता के बाद पहली बार हुआ। साथ ही कब्रिस्तान और पेट्रोल पंप क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाकर मार्ग सुगम बनाए गए। अधिशासी अधिकारी के इन प्रयासों से शहर में स्वच्छता, पेयजल और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार महसूस किया जा रहा है।

# शिव मंदिर ईधनपुर नगला के सौंदर्यीकरण के लिए 1.04 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**कुंदरकी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिव मंदिर ईधनपुर नगला को सौंदर्यीकरण एवं विकास हेतु एक करोड़ चार लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करने पर आज कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का ग्राम ईधनपुर नगला में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति की ओर से विधायक को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देते हुए भगवान शंकर की मूर्ति भी भेंट की गई। इस अवसर पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य के प्राचीन शिव मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए व्यापक योजनाएँ चला रहा है, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों का जीर्णोद्धार, आधुनिक सुविधाओं का विकास, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है, जिसके लिए विभिन्न मंदिरों के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, ताकि उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जा सके और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। इसी कड़ी में



सबसे पहले कुंदरकी विधानसभा में शिव मंदिर ईधनपुर नगला को मेरे प्रस्ताव पर चयनित किया गया। इसके अलावा कई अन्य मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल सौंदर्यीकरण और विकास के लिए चयनित कराये हैं। विधायक ने आगे कहा की शिव मंदिर ईधनपुर नगला जिसे झारखंड मोटेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है, एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह मंदिर पुरे क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए सौंदर्यकरण का हर काम उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना चाहिए। सावन माह और महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक के लिए आने वाले हजारों कांवरियों और क्षेत्रवासियों को मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास के पश्चात सुखद अनुभूति होगी। महाशिवरात्रि पर लगने वाले विशाल मेले को और अधिक भव्यता मिलेगी। मेले में पहले से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन होगा और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर ओर कार्यक्रम संयोजक राजदीप सिंह, मंदिर समिति प्रबंधक शिवलाल सैनी, सचिव धर्मेंद्र लाठर, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष जाट महासभा भूरे सिंह फौजी, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, विजयपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, चरण सिंह, विवेक कश्यप, विपिन वाल्मीकि, ऋषभ चौधरी, सतीश चौधरी, सुनील लाठर, राकेश कश्यप, ज्योति वाल्मीकि, नन्हे सिंह, जयपाल सिंह, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में जनपद मुरादाबाद को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

**मुरादाबाद।** जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर नवंबर 2025 की आई.जी.आर.एस. मासिक रैंकिंग में जनपद मुरादाबाद ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद की पुलिस टीम द्वारा लगातार किए जा रहे गंभीर प्रयासों का परिणाम है।एसएसपी ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि थानों पर आने वाले पीड़ितों एवं शिकायतकर्ताओं से संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि हर प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर दोनों पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार एवं निष्पक्ष विधिक कार्रवाई की जाए, ताकि शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके।आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के लिए निश्चित समयावधि निर्धारित होती है, जिसमें प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण अनिवार्य होता है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए संबंधित जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर तथ्यों की पड़ताल करते हैं और गुणवत्तापरक आख्या प्रस्तुत करते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा इन जांच आख्या का भी गहन परीक्षण किया जाता है। यदि जांच संतोषजनक न पाई जाए तो संबंधित अधिकारी को प्रकरण पुनः जांच हेतु कड़े निर्देशों के साथ लौटाया जाता है।उल्लेखनीय है कि नवंबर माह की रैंकिंग में थाना मुगलपुरा, नागफनी, कटघर, गलशहीद, सिविल लाइन्स, मझोला, पाकबड़ा, कुन्दरकी, कांठ, छजलैट, डिलारी, भगतपुर, बिलारी, भोजपुर, मैनाठेर, सोनकपुर एवं महिला थाना को भी प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जनपद मुरादाबाद की पुलिस व्यवस्था की पारदर्शिता, तत्परता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्रगण इस्तेकार अहमद व जुल्फेकार व सरफराज व उनकी पत्नियों को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **हनीफ पुत्र श्री रोशन अली व श्रीमती परवीन बेगम पत्नी श्री हनीफ निवासीगण मौहल्ला कायस्थान कस्बा कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी कोर्ट महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**विविध सि० वाद सं०:** 27/2024
**तारीख पेशी:** 23.12.2025
**जिनस पेपर एण्ड बोर्ड लिमिटेट बनाम राजीव गुप्ता आदि।**
**बनाम**
1. संजीव गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता, 2. श्रीमती अनुराधा पत्नी संजीव गुप्ता निवासीगण कस्बा अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. सरजीत सिंह पुत्र स्व. भब्बू सिंह निवासी काजीपुरा वार्ड नम्बर-10 तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 12 के दिवस 23 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 10 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/ एफ०टी०सी०, जनपद-मुरादाबाद।**

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में विवाद निस्तारण की बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** बुधवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पिंक चौकी, गौशाला रोड चन्दौसी में परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य चल रहे आपसी विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल 20 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 03 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। वहीं 02 परिवारों को आपसी बातचीत एवं समझाइश के माध्यम से मिलाया गया। इसके अलावा एक पत्रावली को आवेदक द्वारा उपस्थित न होने अथवा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि सुधारानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

निविदा संख्या 23/2025 दिनांक : 09.12.2025

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी (रु.) | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा/2025: कोचिंग डिपो में विद्युत परिसंपत्तियों के रखरखाव और तकनीकी अवसंरचना का विस्तार तथा प्री-कूलिंग और चार्जिंग पॉइंट्स के लिए विद्युत कार्य एवं डाउन यार्ड मुरादाबाद में फ्रेट लोड के लिए लाइन संख्या 13 एवं 14 पर अंडर गियर जांच के लिए प्रकाश व्यवस्था एवं वेल्डिंग सुविधाओं का प्रावधान। | 17630839.11 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 238200.00 | 6 (छः) महीने | निविदायें दिनांक 31.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ मुरादाबाद। |
| 2 | 28/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा/2025: एबीएसएस के लिए विद्युत कार्य: परिसंचारी क्षेत्र का उन्नयन, प्लेटफार्म संख्या 1 और 2/3 का उन्नयन, विस्तार और सीओपी, द्वितीय प्रवेश का विकास और धामपुर में एफओबी का विस्तार। | 1852066.60 (जीएसटी सहित) | | 37100.00 | 6 (छः) महीने | | |
| 3 | 29/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा/2025: एमबी के मौजूदा रनिंग रूम में प्रति कमरा दो बेड वाले 30 नए कमरों के निर्माण/संवर्द्धन में शेष विद्युत कार्य। | 1754536.20 (जीएसटी सहित) | | 35100.00 | 6 (छः) महीने | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3813/25

# 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में 17 दिसंबर 2025 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को तहसील सदर मुरादाबाद के सभागार में पूर्वाहन 11:00 से आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस में पेंशनर्स की समस्याओं एवं शिकायतों को चिन्हित करते हुए उनका समाधान कराया जाएगा।उन्होंने जिले के सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भी पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे ताकि उनके कार्यालय से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

## खोया-पाया सूचना

श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी स्व श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी प्लाट न0-ई-138 फेस-1 अशोक विहार नई दिल्ली-52. , सम्पत्ति सी-2/166 मानसरोवर कालोनी दिल्ली रोड मुरादाबाद के स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 25.06.2010 का जिल्द संख्या 7552, के क्रमांक 9039, उपनिबन्धक मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति को बलराम सिंह पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी सी-2/170 मानसरोवर कालोनी मुरादाबाद द्वारा एग्रीमेन्ट दिनांक 28/11/25 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिए भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर सिविल लाइन मुरादाबाद द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाना है। उक्त सम्पत्ति का मूल आवंटन पत्र दिनांक 27.9.1994 व मूल कब्जा पत्र दिनांक 06.03.2000 तथा प्रथम आवंटी श्रीमति सीमा जैन जी द्वारा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से कराया व बयनामा जिल्द संख्या-4898 पृष्ठ 387/410 क्रमांक 7003 दिनांक 28.7. 2005 की मूल प्रतियां कही खो गयी है। जिस संबन्ध में मझोला थाना मुरादाबाद में 20.12.2024 को FIR दर्ज है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो सूचित करने की कृपा करें। **इस नम्बर पर सम्पर्क करे। मो० न० 9319321334 बलराम सिंह।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत माधोवाला
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 10.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत माधोवाला में पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम कालेवाला में धर्मपाल के मकान से सोमपाल के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 18.12.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प. /डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम कालेवाला में धर्मपाल के मकान से सोमपाल के घर तक सी सी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 165528/- | 3311/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-माधोवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# आईएफटीएम में 'फ्रेशर्स पार्टी' का हुआ भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज में एम. एससी. (जूलॉजी), अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु ''फ्रेशर्स पार्टी'' का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रेरक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉलेज जीवन आत्म-विकास और कॅरियर निर्माण का महत्वपूर्ण चरण होता है, अतः सभी को समर्पण और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नव-प्रवेशित विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें शिक्षक और सीनियर्स जिस दिशा में ढालते हैं, वे उसी रूप में विकसित होते चले जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी का दायित्व है कि वे नए विद्यार्थियों को संस्कारवान, जिम्मेदार और लक्ष्य-केन्द्रित बनाएं। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नए प्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए, जिनमें एकल एवं समूह नृत्य, गायन, लघु नाटिका और फैशन शो जैसी विविध रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर फ्रेशर' और 'मिस फ्रेशर' प्रतियोगिता रही। विभिन्न राउंड्स के आधार पर अमन सिंह को मिस्टर फ्रेशर तथा सिदरा शहजाद को मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन भव्य भोज एवं संगीत संध्या के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खूब मस्ती की। स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि यह आयोजन नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए कॉलेज जीवन का एक यादगार और ऊर्जा से भरपूर आरंभ सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ.संजना तिवारी, डॉ. तृप्ति पांडे तथा डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. सूर्य प्रकाश पांडे, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. प्रशंसा बछवान, मिस पायल सिंह, मिसेज रुचि चौधरी समेत अन्य सभी फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। फ्रेशर्स पार्टी में स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा 40 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# ICC वनडे रैंकिंग में रो-को का जलवा

**● रोहित नंबर-1, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 शतक लगाने वाले विराट नंबर-2 दोनों में सिर्फ 8 पाइंट्स का अंतर**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में एक बार फिर रो-को यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली का जलवा बरक. रार है। नंबर-1 पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार लगातार दो शतक और एक अ(शतक लगाने वाले विराट कोहली नंबर-2 पर आ गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को वीकली रैंकिंग जारी की। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 302 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विराट ने दो स्थान की बढ़त हासिल की है। रोहित उनसे सिर्फ आठ रेटिंग पाइंट आगे हैं।

रोहित ने सीरीज में 146 रन बनाए थे। भारत अब अगला वनडे टूर्नामेंट न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से खेला जाना है। तब सबकी नजरें कोहली-रोहित की नंबर-1 की रेस पर होंगी। केएल राहुल को भी फायदा कोहली के अलावा केएल राहुल को भी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गए। बालर्स में कुलदीप यादव तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकाक (13वें), ऐडन मार्करम (25वें) और टेम्बा बावुमा (37वें) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की। टी-20 रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के यंग बैटर डेवाल्ड ब्रेविस अपने पहले मैच में शानदार अ(शतक लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की ओर से गेंदबाज अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज की पहली दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट झटके। उन्होंने दोनों मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता। वे तीन पायदान की छलांग के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दो स्थान नीचे खिसककर चौथे नंबर पर आ गए। वहीं न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच क्राइस्टचर्च टेस्ट ड्रा रहा, जिसके बाद रचिन रवींद्र नौ स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गए। टाम लैथम ने भी बढ़त दर्ज की, जबकि वेस्टइंडीज के शाई होप, जस्टिन ग्रीव्स और तेज गेंदबाज केमार रोच की रैंकिंग में सुधार हुआ।

## डीसी स्कूल कप: लक्ष्मण पब्लिक स्कूल और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीसी स्कूल कप के तीसरे दिन लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार को 10 विकेट से और अमेरिकन एडु ग्लोबल स्कूल ने सेंट मार्क स्कूल को 42 रनों से जीत दर्ज की। पहले मैच में, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल ने जीडी गोयनका वसंत विहार के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। नई पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का फायदा उठाया और जीडी गोयनका को सिर्फ 62 रनों पर ढेर कर दिया। शौर्य ने 6 रन देकर 4 विकेट लेकर बॉलिंग की कमान संभाली, जिसमें कप्तान आर्यन व रुविक ने 2-2 विकेट लिए।

# भारत अगले साल मार्च में पहले कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**● इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेगें**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जाएगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है।

इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नई दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जाएगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा कि हम वेन्यू को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं। अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले, हमें उम्मीद है कि यह चैंपियनशिप दोहा एशियन गेम्स (2030), कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) और ब्रिस्बेन ओलंपिक्स (2032) में खो खो को शामिल करने की दिशा में एक कदम साबित होगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप में स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी के तौर पर भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला 17 साल की अनाहत ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को से हराया।

### काजुमा अंडर-19 वर्ल्ड कप में जापान की करेंगे कप्तानी

**टोक्यो, वार्ता।** कजुमा काटो-स्टैफोर्ड जनवरी-फरवरी 2026 में नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप के लिए जापान के कप्तान बने रहेंगे। हाल ही में एशियन क्रिकेट काउंसिल प्रीमियर कप में नहीं खेलने वाले पूर्व कप्तान निखिल व टिमोथी मूर की टीम में वापसी हुई हैं। प्रीमियर कप में, जापान का प्रदर्शन मालदीव के खिलाफ अच्छा रहा। उन्होंने मलेशिया और कतर को हराया, लेकिन ओमान से हारने के कारण वे सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाए थे। निहार ने मालदीव के खिलाफ 132 गेंदों में 156 रन बनाए और काइसेई ने कतर के खिलाफ 73 गेंदों में 106 रन बनाए, दोनों विश्व कप टीम में हैं। अपने डेब्यू विश्व कप में जापान को ग्रुप एक में डिफेंडिग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, श्रीलंका, तंजानिया व विंडीज एक ग्रप में।

# हार्दिक टी-20 में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे इंडिया



**● बुमराह ने विकेट की सेंचुरी लगाई द. अफ्रीका का सबसे छोटा टी-20 स्कोर**

**कटक, वार्ता।** भारत ने कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 101 रन से हरा दिया। टीम ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी की मदद से 20 ओवर में 175 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम सिर्फ 74 रन पर आलआउट हो गई। यह टी-20 में टीम का सबसे छोटा स्कोर भी रहा। मुकाबला पूरी तरह हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा के नाम रहा। हार्दिक ने छक्का लगाकर टी-20 में अपने 100 छक्के पूरे किए, वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बने। वहीं जसप्रीत बुम. राह ने अपने 100 टी-20 विकेट पूरे कर लिए, वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।

हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 सिक्स लगाने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस रिकॉर्ड में रोहित शर्मा सबसे आगे हैं, जिनके नाम 205 सिक्स दर्ज हैं। जसप्रीत बुमराह टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करके यह माइलस्टोन हासिल किया। बुमराह से पहले अर्शदीप सिंह इस उपलब्धि तक पहुंच चुके हैं। बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फार्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउदी, शाकिब अल हसन और शाहीन अफरीदी ही इस एलीट क्लब में शामिल थे। पहले टी-20 में 2 विकेट लेने के साथ ही अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए पावरप्ले (ओवर 1-6) में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। उनके नाम अब 47 विकेट हो गए हैं। तिलक वर्मा ने पहले टी-20 में शानदार छक्का लगाकर अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में 1000 रन पूरे कर लिए। वे सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचने वाले भारत के 5वें बल्लेबाज बने। तिलक ने यह उपलब्धि सिर्फ 34 पारियों में हासिल की। इस मामले में विराट कोहली 27 पारियों के साथ पहले और अभिषेक शर्मा 28 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ सिर्फ 74 रन पर ऑलआउट होकर साउथ अफ्रीका ने अपने टी-20 इतिहास का सबसे कम स्कोर बनाया।

इससे पहले उनका न्यूनतम स्कोर 87 रन था, जो भारत के खिलाफ ही राजकोट में बना था। कटक के स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को पहली बार ही भारत के खिलाफ टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम 2 टी-20 जीत चुकी थी। भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रन से हराकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। रनों के अंतर से यह भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी टी-20 जीत रही। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम ही था, जब 2022 में राजकोट में भारत ने साउथ अफ्रीका को 82 रन से हराया था।

# आईएलटी: वाइपर्स ने अपने बल्लेबाज होल्डेन को रिटायर्ड आउट करार दिया

**अबू धाबी, वार्ता।** आईएलटी-20 में डेजर्ट वाइपर्स की एमआई एमिरेट्स पर एक रन से जीत में एक नाटकीय घटनाक्रम में निकोलस पूरन द्वारा स्टंप न करने के बाद वाइपर्स ने अपने ही बल्लेबाज मैक्स होल्डेन (42) को रिटायर आउट करार दिया। मंगलवार रात टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए वाइपर्स ने 16वें ओवर की शुरुआत से पहले एक विकेट पर 110 रन बना लिए थे। होल्डेन और सैम करन पिच पर मौजूद थे लेकिन वाइपर्स की पारी को लय प्रदान नहीं कर पा रहे थे। पिछले चार ओवर में मात्र 20 रन आए थे और शिमरॉन हेटमायर और डैन लॉरेंस जैसे बल्लेबाजों का आना अभी भी शेष था। वाइपर्स को पारी की गति बढ़ाने की दरकार थी और 16वां ओवर करने आए राशिद खान की पहली गेंद पर करन ने चौका जड़ने और दूसरी गेंद पर एक रन लेने के बाद वाइपर्स की ओर से पारी के सर्वोच्च स्कोरर होल्डेन स्ट्राइक पर थे। तीसरी और चौथी गेंद पर एक भी रन नहीं आया और चौथी गेंद पर एमिरेट्स ने रिव्यू भी गंवा दिया। पूरन को लगा कि गेंद ने होल्डेन के बल्ले का किनारा लिया था लेकिन गेंद पैड्स पर लगकर गई थी। पांचवीं गेंद पर दो रन आए। और अब नाटकीय घटनाक्रम की शुरुआत हुई। होल्डेन ने राशिद के खिलाफ स्टेप आउट किया लेकिन राशिद ने गेंद को वाइड रखा और होल्डेन पूरी तरह से गच्चा खा गए। होल्डेन आगे निकल आए थे और उन्होंने बल्ले को वापस क्रीज में रखने का भी प्रयास नहीं किया। हालांकि स्टंप्स के पीछे खड़े पूरन ने भी स्टंप करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई और जैसे ही होल्डेन को इस बात का एहसास हुआ उन्होंने क्रीज में अपना बल्ला रख दिया। ब्रॉडकास्ट पर कॉमेंटेटर यह कहते सुनाई दिए कि ओह, पूरन ने स्टंप नहीं किया, स्टंप नहीं किया। गेंद को वाइड करार दिया गया है, वह स्टंप कर सकते थे क्योंकि बल्लेबाज बेहद दूर थे। हालांकि राशिद की अगली गेंद पर भी होल्डेन कुछ खास नहीं कर पाए और इसके ठीक बाद वाइपर्स की ओर से बड़ा निर्णय लिया गया। वाइपर्स ने तुरंत रणनीतिक फैसला लेते हुए होल्डेन को रिटायर आउट कर दिया। एमिरेट्स के दृष्टिकोण से धीमी रफ्तार से चल रहे होल्डेन का क्रीज पर बरकरार रहना ही ठीक था जबकि वाइपर्स को अपनी पारी की रफ्तार को तेज करना था। ऐसे में वाइपर्स के लिए होल्डेन को वापस बुलाना ही बेहतर विकल्प था। हालांकि करन की मौजूदगी ने भी वाइपर्स की अधिक मदद नहीं की लेकिन होल्डेन के बाद बल्लेबाजी के लिए आए हेटमायर और लॉरेंस

# लंदन स्पिरिट ने डीके को मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने द हंड्रेड में पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को अपनी पुरुष टीम का मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच बनाया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए भी 2025 में मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा चुके कार्तिक ने स्पिरिट के साथ जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन स्पिरिट से जुड़कर मैं काफी उत्साहित हूं। जब मुझे मो, एमसीसी और टेक टाइटंस की योजनाओं के बारे में पता चला तो मैं काफी उत्सुकता से भर गया। इंग्लिश समर को लॉर्ड्स में काम करते हुए बिताना एक सपने के सच होने जैसा है। यही वो मैदान है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और यहीं मैंने अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था।



लॉर्ड्स मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं अगले साल टीम और विश्व के कुछ असाधारण क्रिकेटरों के साथ काम करने को बेहद उत्सुक हूं और मैं इसका अधिक इंतजार नहीं कर सकता। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबट जो कि आरसीबी के भी क्रिकेट निदेशक हैं, ने कहा कि कार्तिक का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना सम्मान की बात है। छोटे प्रारूप और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में उनका अपार अनुभव हमारे लिए बहुमूल्य होगा। उनके साथ काम करने में मजा आता है और वह अपने साथ बहुत ऊर्जा लेकर आते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक के पास 400 से भी अधिक टी-20 खेलने का अनुभव है और विशेषकर उनके पास आईपीएल में छह अलग-अलग टीमों के लिए 257 मैच खेलने का अनुभव भी है। उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 22 अर्धशतक और 135-36 के स्ट्राइक रेट के साथ 4842 रन भी बनाए थे। कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद क्रिकेट से सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद वह आरस. ीबी के साथ कोचिग स्टाफ में जुड़ गए। कार्तिक ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी-20 मैच खेले। कार्तिक बतौर खिलाड़ी एसए20 और आईएलटी20 भी खेल रहे हैं। वह एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलते हैं तथा आईएलटी20 में इस सीजन पहली बार खेल रहे हैं।

# भारत ने शूटआउट में उरुग्वे को हराया

**चिली, वार्ता।** भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया, जिसके बाद जस्टिना अर्रेंगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सर्कल में एंट्री की। हालांकि, उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे उसे भुना नहीं पाए। भारत ने 18वें मिनट में एक अच्छे पेनल्टी-कॉर्नर वेरिएशन के साथ जवाब दिया, लेकिन साक्षी राणा का शॉट ब्लॉक हो गया। अगले ही मिनट में मनीषा ने दूर से एक जोरदार गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारतीयों ने 11 सर्कल पेनिट्रेशन किए, जबकि उरुग्वे ने डिफेंसिव शेल में गहरी पकड़ बना ली थी। ब्रेक के बाद भी यही पैटर्न जारी रहा, भारत ने हाई लाइन बनाए रखी और उरुग्वे को पीछे धकेल दिया, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद वे



बढ़त नहीं बना पाए। आखिरी क्वार्टर के 49वें मिनट में उरुग्वे ने आगे बढ़ने का प्रयास किया लेकिन गोलकीपर निधि ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करके भारत की बढ़त बनाए रखी। उरुग्वे ने आखिरी मिनटों में अपने गोल. कीपर को हटाकर एक एक्स्ट्रा आउटफील्ड प्लेयर को शामिल किया, और यह कदम बहुत फायदेमंद रहा। दो सेकंड बाकी रहते, उन्हें एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अर्रेंगुई ने शांति से गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। शूटआउट में भारत ने हिम्मत नहीं हारी। पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे को तीन बार गोल करने से रोका, जिससे 3-1 से जीत पक्की हो गई और भारत 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया।

# ब्लेयर-माइकल ने विंडीज को 205 पर समेटा



**● ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट हासिल किए, न्यूजीलैंड ने स्टपंस के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए**

**वेलिंगटन, वार्ता।** ब्लेयर टिकनर (चार विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 205 के स्कोर पर समेटने के बाद स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के गेंदबाज ब्लेयर और माइकल के कहर का सामना करना पड़ा और उसकी पूरी टीम 75 ओवर में 205 रन के स्कोर पर सिमट गई। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 17वें ओवर में ब्लेयर टिकनर ने ब्रैंडन किग (33) को पगबाधा इस साझेदारी का अंत किया। 19वें ओवर में टिकनर ने केवम हॉज (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 29वें ओवर में जॉन कैंपबेल (44) माइकल रे का शिकार बने। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। शाई होप ने 80 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 48 रन बनाए। कप्तान रॉस्टन चेज (29), जस्टिन ग्रीव्स (13), केमार रोच (शून्य),टेविन (16) रन बनाकर आउट हुए। 75वें ओवर में जेकब डफी ने ओजे शील्ड्स (शून्य) को आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी का 205 के स्कोर पर अंत किया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट लिए। फिलिप्स और जैकब डफी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिए है।

# भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा। यह टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले दो सालों में भी हर साल चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट आयोजित किए थे। आने वाले साल के लिए इनमें से दो स्टॉप को डाउनग्रेड कर दिया गया है, चेन्नई एटीपी 100 से एटीपी 50 इवेंट में आ गया है, जबकि पुणे का महा ओपन एटीपी 100 से 75 हो गया है। बेंगलुरु ओपन के साथ पांच जनवरी को सीजन की शुरुआत होगी। चेन्नई ओपन नौ फरवरी को होगा, इसके बाद 16 फरवरी को दिल्ली ओपन (एटीपी 75) तथा 23 फरवरी को पुणे में महा ओपन होगा। भारत सात से आठ फरवरी को बेंगलुरु में डेविस कप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स का भी सामना करेगा और इस साल आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया 16 फरवरी 2026 से होगी शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल 16 फरवरी से शुरु होने वाली बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले साल 16 से शुरु होगी। यहां आईएसएसएफ के 2026 के कैलेंडर के अनुसार 16 से 26 फरवरी तक चलने वाली लीग की तीरीखों की बुधवार को घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में पिस्टल (10मी, 25मी), राइफल (10मी, 50मी थ्री पोजीशन), और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) कैटेगरी में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होगी। फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में बांटा गया है: एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस, और जूनियर और यूथ, जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है - फ्रेंचाइजी-आधारित, एथलीट-फर्स्ट, और अधिक से अधिक भागीदारी के लिए ग्लोबल कैलेंडर के साथ तालमेल बिठाया गया है। मिश्रित टीम प्रारुप, दिलचस्प कहानियों और प्रीमियम ब्रॉडकास्ट के साथ, हम एक वर्ल्ड-क्लास ओपनिग सीजन देने के लिए तैयार हैं जो अंतर्राष्ट्रीय सितारों का स्वागत करेगा और भारत की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल पवनकुमार सिंह ने कहा कि हम उत्साहित हैं कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला एडिशन अगले साल की शुरुआत में होगा। भारत और विदेश के शीर्ष एथलीटों के साथ, हम करीबी और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद करते हैं। यह लीग शूटिंग को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने और फैंस को फॉलो करने के लिए एक रोमांचक नया फॉर्मेट देने का एक शानदार मौका देती है।

# एटीएम लूट की घटना का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में हाल ही में हुई एटीएम लूट की सनसनीखेज वारदात का समयबद्ध खुलासा करने पर संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के कार्यालय पहुँचकर पूरी पुलिस टीम को सम्मानित किया।



व्यापारियों ने पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता और प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का यह प्रयास शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने वाला है। संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जोनी) और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी सिटी से मिला। व्यापारियों ने कहा कि एटीएम उखाड़कर ले जाने जैसी संगठित वारदातें व्यापारियों और आम जनता में भय का वातावरण पैदा करती हैं, लेकिन पुलिस ने मामले का शीघ्रता से पर्दाफाश कर अपराधियों को गिरफ्तार करके प्रशंसनीय उदाहरण पेश किया है।

इससे व्यापारिक समुदाय का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने प्रतिनिधिमंडल का धन्यवाद करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुरादाबाद पुलिस भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ शहर के सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिए कार्य करती रहेगी।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एटीएम लूट का भंडाफोड़ करने वाली टीम को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक अनुज कुमार, उप निरीक्षक विपिन पुंडीर,थाना सिविल लाइंस। सर्विलांस टीम के हेड कांस्टेबल अंकुल, कांस्टेबल टिंकू और कांस्टेबल कुलदीप शामिल रहे।

व्यापारियों ने कहा कि पुलिस टीम का साहसिक और तत्परता से किया गया कार्य पूरे विभाग के मनोबल को बढ़ाने वाला है। साथ ही उम्मीद जताई कि पुलिस और व्यापारी समुदाय के बीच यह सहयोग भविष्य में भी इसी तरह कायम रहेगा, जिससे शहर में सुरक्षित व्यापारिक माहौल बना रहेगा।इस दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की सराहना की।

# उर्से बरकती में शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के सीलपुर रोड स्थित दरगाह खघनकाहे बरकती में मोलाना बरकत अली शाह के चौदहवें उर्स के मौके पर मुशायरा नाअतो मंकघ्बत का आयोजन किया गया जिसमें शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर खघूब वाह वाही लूटी महफिल का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कघरी कौसर अली अशरफी ने किया और हम्दे पाक पेश की। उस्ताद शायर जमीर सालकी अदीबी ने कहा वल्लाह मेरे ख्वाब में कुत्बे मदार आ गए। जलवा मुझे दिखा गए किस्मत मेरी बना गए, अली जमाल जमीरी ने कहा तसव्वुर में आते हैं बरकत अली शाह मुकद्दर जगाते हैं बरकत अली शाह, डॉ नाजिम कुन्दरकीवी ने कहा बाबे खैबर की बात करते हैं। जब भी हैदर की बात करते हैं। अब्दुल कुद्दूस बिलारवी ने कहा दरबारे हक में शाफए महशर की बात हैं। किसको क्या मिला यह मुकद्दर की बात है, इकरार इमरतपुरी ने कहा दर बदर की भीक से तो हो नहीं सकता भला मांग जाकर रोजाऐ खैरुल वरा के सामने,आकघ्लि जेतपुरी ने कहा हिंद में जब मदार आते है। गम के मारे सुकून पाते हैं, गुलाम नबी अत्तारी ने कहा



आ गए हैं जो मदीना यह करम है उनका वरना हम जेसे तो धुत्कार दिए जाते हैं, हसन जमाल जमीरी निगाहो दिल में नबी को बसाइये साहिब निगाहो दिल को मदीना बनाइए साहिब, हाफिज अरकान मदारी ने कहा हर तरफ क्यों है रोशनी शायद नाते सरकार हो गई शायद , अब्दुल वकील मोअज्जमी ने कहा मुझे ना छेड़ो दरे पंजेतन का मैं हूं गुलाम चिराग मेरा चलेगा हवा के होते हुए, इन्तजार रजवी ने कहा खघुदा एक पर हो और एक पर मुहम्मद अगर कघ्ल्ब अपना दोपारा करूं में, आजम हनफी ने कहा ऊंचा किया है रब ने दखो रुतबा मदारे आजम का दम दम दम दमक रहा है रोजा मदारे आजम का, मुशायरे का संचालन कघ्मर अली कुन्दरकीवी किया। बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे कुल शरीफ की रस्म अदायगी की गई मकनपुर से तशरीफ लाए पीरे तरीकघ्त सय्यद तहसीन मियां मदारी ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा कायम रहने और देश की तरक्की के लिए दुआ कराई, सज्जादा नशीन शराफत अली उर्फ बब्बू मियां मदारी ने सब का शुक्रिया अदा किया इस अवसर पर हाफिज कौसर अली मुहब्बत अली धूम अली चाहत अली इस्तेकार अली हाफिज तजम्मुल रियासत अली आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली झंडेवालान पूजा स्थल पर हुई तोड़फोड़ के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**चन्दौसी।** श्रीसनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर की ओर से बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन राज्यमंत्री गुलाब देवी को सौंपा गया। ज्ञापन में दिल्ली के झंडेवालान स्थित पूजा स्थल पर दिल्ली शासन/प्रशासन द्वारा की गई कथित कार्यवाही को धार्मिक आस्था पर प्रहार बताया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर पूजा स्थल में की गई तोड़-फोड़ से समाज में भारी आक्रोश है तथा लोगों की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल के साथ इस प्रकार की घटना न हो। प्रतिनिधियों ने कहा कि देश में सभी धार्मिक स्थलों का सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसी घटनाएँ न केवल समाज में असंतोष पैदा करती हैं, बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द को भी प्रभावित करती हैं। सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों न बुद्धिश छावड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, राजू कालड़ा, सावन शर्मा, गगन अरोरा, यश मदान सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# कुष्ठ रोग से डरें नहीं, बीमारी को समझें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लैबोरेटरी तकनीक विभाग में सत्य का पर्दाफाश-कुष्ठ रोग को समझना पर जागरूकता कार्यक्रम में सासाकावा-इंडिया लेप्रसी फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक बतौर विशेषज्ञ वक्ता श्री तंजील खान ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक होने योग्य बीमारी है, खासकर जब इसे समय पर पहचान लिया जाए। कुष्ठ रोग डरने की बीमारी नहीं, समझने की बीमारी है। सबसे बड़ी चुनौती बैक्टीरिया नहीं, बल्कि इसके इर्द-गिर्द लगे कलंक हैं। इससे पूर्व विशेषज्ञ वक्ता श्री तंजील खान, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, मेडिकल लैबोराटरी तकनीक की एचओडी डॉ. रुचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सासाकावा के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री खान ने कहा, आप स्वास्थ्य प्रणाली



का भविष्य हैं। आपकी जागरूकता, सहानुभूति और समाज को शिक्षित करने की इच्छा विकलांगता और भेदभाव को रोक सकती है। सत्र में प्रारंभिक पहचान, प्रयोगशाला निदान और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता रणनीतियों में पैरामेडिकल पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट किया। दो दिनी जागरूकता कार्यक्रम में स्टुडेंट्स को कुष्ठ रोग के वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं के बारे में लंबे समय से चली आ रही गलत धारणाओं और कलंक से जुड़ी धारणाओं के बारे में अवेयर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवशरण सिंह, श्रीमती शिखा पालीवाल, श्री बैजनाथ दास, डॉ. वर्षा राजपूत, सुश्री साक्षी बिष्ट, श्री शिवम अग्रवाल, सुश्री विवेचना, डॉ. पिनाकी अदक, श्री सौरभ सिंह बिष्ट, श्री दीपक कटियार और सुश्री आंशिका श्रीवास्तव के संग-संग बीएमएलटी, बीऑप्टम, बीआरआईटी, बीएफएस के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का



आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## एक नजर

### महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की टीम ने मारी बाजी



**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में बुधवार को अंतरमहाविद्यालयी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. सीमा रानी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कुल पाँच टीमों ने भाग लिया, जिनमें से तीन महाविद्यालय ट्रायल मैचों के लिए उपस्थित हुए।प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि संतोष रानी गुप्ता विशेष अतिथि रहीं। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. अनिल चौहान ने पर्यवेक्षक के रूप में आयोजन की मॉनिटरिंग की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला बास्केटबॉल संघ से विशेषज्ञ मोहित चौधरी तथा निर्णायक मंडल ने मैच संचालन की जिम्मेदारी निभाई।पहले चरण में ट्रायल मैचों का आयोजन किया गया, जिसके बाद फाइनल मुकाबला हिन्दू कॉलेज और दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक प्रदर्शन में दयानंद कॉलेज की टीम ने बेहतरीन पासिंग, सशक्त डिफेंस और प्रभावी स्कोरिंग के दम पर 34ख्8 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों की ऊर्जावान खेल भावना ने पूरे आयोजन को विशेष बनाया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि और विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने की शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता का संचालन आयोजक सचिव अनीता ने किया, जबकि संयोजिका डॉ. नीतू सिंह ने सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला बास्केटबॉल संघ के प्रति आभार व्यक्त किया। खेल समिति की सदस्या प्रो. संतोष सिंह, डॉ. छाया रानी और डॉ. कंचन सिंह का आयोजन में विशेष योगदान रहा।

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर केजीके महाविद्यालय में आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**मुरादाबाद।** के.जी.के. महाविद्यालय में रुक्मणी देवी ऑडिटोरियम में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणपति एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी ने की, जबकि संचालन सांस्कृतिक समिति के प्रभारी डॉ. शिव पूजन सिंह यादव ने किया।प्रतियोगिता का विषय "कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवाधिकार के लिए खतरा है" रखा गया। प्रतियोगिता में पक्ष और विपक्ष दोनों वर्गों में प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए। पक्ष एवं विपक्ष में क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त निदेशक अभियोजन अवधेश कुमार पांडेय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में संयुक्त निदेशक अभियोजन चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी तथा प्रो. अरुण कुमार गुप्ता, पूर्व प्राचार्य वार्ष्णेय कॉलेज अलीगढ़ शामिल रहे। मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश चंद्र पांडेय ने विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में प्रो. सुधीर अरोरा, डॉ. प्रेमलता कश्यप और डॉ. आशा दुबे शामिल थीं।कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार सिंह, डॉ. राजकुमार सोनकर, प्रो. गुरमीत सिंह सहित अनेक प्राध्यापक मौजूद रहे। राधिका, मानसी शर्मा, चित्रा सिंह और मनी शर्मा द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य संयोजक डॉ. मोहम्मद रशीद ने सभी अतिथियों का वाचिक स्वागत किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### तीन मंजिल से गिरा मासूम, हालत गंभीर, आनन फानन में जिला अस्पताल किया गया रेफर

**कुन्दरकी।** नगर के सैफियों वाली पुलिया स्थित नई बस्ती में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तीन वर्षीय मासूम बच्चा अचानक मकान की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई



और आसपास के लोग तुरंत जुट गए। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्चे के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। फिलहाल बच्चे का जिला अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सड़क हादसे में मोबाइल शॉप संचालक की दर्दनाक मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को घर से काम पर निकले युवक की वापसी के समय दर्दनाक दुर्घटना में मौत हो गई। जानक. ारी के अनुसार गणेश कॉलोनी निवासी सचिन सक्सैना पुत्र यशपाल सक्सैना की एम.जी. कॉम्प्लेक्स में मोबाइल एसेसरीज की दुकान थी। वह बुधवार को किसी काम से रामपुर जनपद के शाहबाद गया था। वापस लौटते समय भगतपुर पहली के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी और सचिन के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। लगभग एक घंटे तक वह सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। बाद में एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची कुढ़फतेहगढ़ थाना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने



उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुँचे। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया गया कि सचिन को कोई खुली चोट नहीं आई थी, लेकिन सिर पर गंभीर आघात उसकी मौत का कारण बना। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गया है। पिता वृद्ध हैं और दुकान की पूरी जिम्मेदारी सचिन ही संभालता था। अचानक हुई इस दुर्घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कृषि विद्यार्थियों ने एफसीआई धमोरा, रामपुर का किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के बी.एससी. कृषि के 67 विद्यार्थियों ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), धमोरा, जिला-रामपुर में शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों में वास्तविक कार्यप्रणाली की समझ को विकसित करते हैं, जिससे उनकी व्यावहारिक रूप से सीखने की क्षमता मजबूत होती है। वहीं कृषि संकाय के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने एफसीआई भ्रमण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्यान्न भंडारण, मूल्य संवर्धन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट को समझने के लिए यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने




बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्यान्न प्रबंधन और आधुनिक कृषि-आधारित तकनीकों की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि एफसीआई के आधुनिक साइलो प्रणाली किस प्रकार खाद्यान्न को सुरक्षित, स्वच्छ और वैज्ञानिक तरीके से लंबे समय तक संरक्षित रखती है। साथ ही, उन्होंने अनाज में कीट लगने की स्थिति में फ्यूमिगेशन प्रक्रिया के माध्यम से कीट नियंत्रण और उपचार के तरीकों की भी जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार तापमान, नमी और गुणवत्ता नियंत्रण के मानकों का पालन करते हुए अनाज का भंडारण किया जाता है तथा सरकार की खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला में एफसीआई की क्या भूमिका होती है। भ्रमण के दौरान भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), धमोरा के श्री सुनील कुमार, श्री ओम प्रकाश और श्री वशिष्ठ ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और एफसीआई गोदाम की संपूर्ण व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भ्रमण के अंत में डॉ. ए.एन. चौबे, डॉ. सचिन कुमार यादव एवं डॉ. शिवानी ने एफसीआई अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस अनुभव से विद्यार्थियों को खाद्यान्न प्रबंधन और भंडारण की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई, जो कि भविष्य में उन्हें कृषि-शैक्षणिक, आधुनिक भंडारण प्रणालियों और व्यावसायिक जीवन में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के दिए निर्देश

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मुरादाबाद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को डाटा अपडेशन पर विशेष ध्यान देते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डाटा अपडेशन से रैकिंग में सुधार आता है और जनपद की स्थिति अच्छी बनी रहती है। उन्होंने सभी कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण परियोजनाओं को हैण्डओवर करने से पूर्व ही समस्त कार्य दुरस्त हों, इसको सुनिश्चित भी किया जाये। कार्यदायीं संस्था यूपी सीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौण्डा के सुदृढ़ीकरण में भौतिक प्रगति मात्र 53 प्रतिशत होने पर तथा पेड़ों की



कटाई की प्रक्रिया धीमी गति पर होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में पेड़ कटाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय पौधशाला फहेतउल्लागंज निर्माण परियोजना के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उ.प्र. जल निगम ग्रामीण द्वारा रुस्तमनगर सहसपुर में सोलर पैनल एवं मिट्टी भराव का कार्य कैम्पस में शेष रहने पर जिलाधिकारी ने जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम द्वारा गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र मुरादाबाद के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उ.प्र. जल निगम नगरीय, यूपी सिडको, सीएनडीएस, उ.प्र. पर्यटन विकास निगम, उ.प्र. राज्य सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग,प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड प्रथम लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग, उ.प्र. वक्फ विकास निगम लिमिटेड, पैकफेड आदि कार्यदायीं संस्थाओं द्वारा जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के साथ साथ अपर नगर आयुक्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक उपस्थित रहें।

# जनकल्याण सेवा समिति ने की मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मानवाधिकारों के महत्व तथा समाज में इनके प्रति जागरूकता पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान समिति के आगामी सामाजिक प्रोजेक्ट्स पर भी विचार-विमर्श किया गया। इनमें जनवरी में मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण, शीत ऋतु में गरीबों को कंबल वितरित करने तथा विभिन्न विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के आयोजन जैसे प्रस्ताव शामिल रहे। गोष्ठी में समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने मानवाधिकारों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता और सुरक्षा का अधिकार जन्म से प्राप्त है, और इन अधिकारों की रक्षा करना समाज का दायित्व है। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी एवं सचिव भावना गुप्ता ने भी मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। गोष्ठी का संचालन समिति की सचिव भावना गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, मीनू फैंसी, पूर्णिमा, अंशु वार्ष्णेय, अना. मिका, सीमा सिंह, साधना श्रीवास्तव, सोनी रस्तोगी, पूनम वार्ष्णेय, रचना आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही की पराकाष्ठा

पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट कई सवाल खड़े कर रही है, हालांकि गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक अजय गुप्ता को हिरासत में लिया गया है और गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसी बीच अजय गुप्ता ने मीडिया के सवालों पर कहा कि मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता। दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने अग्रिम जमानत नहीं दी, बताते चलें के दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसम्बर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इसी बीच पणजी स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय की एक तकनीकी रिपोर्ट में उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी भीषण आग के कारणों का खुलासा किया गया है। इस अग्निकांड ने 25 लोगों का जीवन लील लिया। यह नाइट क्लब अग्निशमन विभाग के वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बगैर चल रहा था। स्थानीय पंचायत ने बिना लाइसेंस वाले ढांचे को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। उक्त इमारत में सुरक्षा संबंधी जरूरी बुनियादी ढांचा नदारद था और इसके लकड़ी के पैनल एवं सजावट तथा अपर्याप्त रूप से हवादार तहखाने के कारण आग तेजी से फैल गई और पीड़ितों को जहरीले धुएं व ऑक्सीजन की कमी का शिकार होना पड़ा। गोवा में हुए घातक अग्निकांड का दुर्भाग्यपूर्ण ढर्रा इस तथ्य को उजागर करता है कि भारत में ऐसी त्रासदियां कोई अपवाद नहीं हैं। तमिलनाडु के विरुधुनगर स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, कोलकाता के खतरनाक पुरानी इमारतों में लगी आग, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक स्लीपर बस में लगी आग तथा देश भर के विभिन्न अस्पतालों में हुए अग्निकांड जैसी त्रासदियों में एक ही बात आम है, नियामक प्रवर्तन की अपर्याप्तता। बार-बार होने वाली आपदाओं द्वारा एक ही किस्म की गलतियों की ओर इशारा किए जाने के बावजूद नियामकों और प्रशासकों के लिए अग्नि सुरक्षा कम प्राथमिकता वाली चीज बनी हुई है। मसला कानूनों की कमी का नहीं, बल्कि उनके ढीले कार्यान्वयन या नतीजा भुगतने के डर के बिना जानबूझकर उनका उल्लंघन करने का है। भवन संहिता, अग्नि सुरक्षा मानदंड एवं लाइसेंसिंग संबंधी अनिवार्यताएं सिर्फ कागज पर ही मौजूद हैं और भ्रष्टाचार, राजनीतिक प्रभाव, नौकरशाही की जड़ता तथा कभी-कभी अक्षमता की वजह से भी एक ऐसा परिवेश बन गया है, जहां उल्लंघन आम बात और प्रवर्तन ही अपवाद है। ऐसे माफिक माहौल में, अरपोरा जैसे प्रतिष्ठान सुरक्षा के बनिस्बत मुनाफे को तरजीह देते हैं। गोवा, जोकि एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है, में नाइट क्लबों की बढ़ती तादाद की अतिरिक्त समस्या भी है। इनमें से कई अवैध हैं। बिना लाइसेंस के इन क्लबों का संचालन राजनीतिक संरक्षण के बगैर संभव नहीं है।

## न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना



मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी, मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है।

–द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# जलवायु परिवर्तन: हर वर्ष और देरी से शुरू होता सर्दियों का मौसम





एम. इमरान

भारत में 2025 की आने वाली सर्दियों के दिनों को लेकर लोगों में स्वाभाविक रूप से उत्सुकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में मौसम के पैटर्न तेजी से बदलते दिखाई दिए हैं। कभी असामान्य ठंड, कभी बिल्कुल कम ठंड, कभी जनवरी में बारिश और ओलावृष्टि, तो कभी नवंबर-दिसंबर में भीषण ठिठुरन, इन सबने भारतीय मौसम को पहले से कहीं अधिक अप्रत्याशित बना दिया है।

2025 की सर्दियों के बारे में विचार करते समय यह समझना आवश्यक हो जाता है कि मौसम केवल तापमान का मामला नहीं, बल्कि हवा की दिशा, बादलों की नमी, पश्चिमी विक्षोभ, समुद्री प्रभाव, पर्वतीय बर्फबारी और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से भी प्रभावित होता है। आने वाले दिनों में ठंड का स्वरूप कैसा हो सकता है, लोग किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और समाज, किसान तथा शहरों का दैनिक जीवन किस तरह प्रभावित होगा इन सब पर विस्तृत दृष्टि डालना महत्वपूर्ण है। भारत में सर्दियों की शुरुआत आमतौर पर अक्टूबर के अंत या नवंबर की शुरुआत से मानी जाती है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में सर्दी का आगमन देर से होते देखा गया है। 2025 में भी यही सब होता दिखाई दे रहा है। नवंबर के अंतिम सप्ताह से हवा की दिशा बदलने लगती है और उत्तर-पश्चिमी हवाएं धीरे-धीरे अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। इन हवाओं के कारण रात के तापमान में गिरावट शुरू होती है और सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस होने लगती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह ठंड और जल्दी महसूस होती है क्योंकि वहां शहरों जैसी ऊष्मा-संग्रहित संरचनाएं नहीं होतीं। दिसम्बर 2025 का महीना उत्तरी भारत में अपेक्षाकृत अधिक असरदार ठंड लेकर आ सकता है। हिमालई क्षेत्रों में जल्दी बर्फबारी के संकेत मिलना संभव है, जिससे मैदानों में ठंडी हवाएं और तेजी से पहुंचेंगी। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोहरा अधिक गहराई के साथ छा सकता है। पिछले वर्षों की तरह प्रदूषण और कोहरे का दुगना प्रभाव दृश्यता को कम करेगा। यह वह समय होगा जब सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अधिक सतर्क रहना होगा। सड़क दुर्घटनाओं का खतरा, ट्रेन देरी, फ्लाइट रद्द होने जैसी समस्याएं आम हो सकती हैं। शहरों में स्कूलों पर भी प्रभाव पड़ सकता है और देर से खुलने का निर्णय कई बार लिया जा सकता है। पूर्वी भारत में पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड की सर्दियां आम तौर पर मध्यम रहती हैं। परंतु 2025 में यहां भी ठंड का असर थोड़ा अधिक महसूस हो सकता है, विशेष रूप से दिसंबर के तीसरे सप्ताह से जनवरी के दूसरे सप्ताह तक। इन दिनों में कोहरा बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मैदानी भागों में गहराई से फैलेगा। इससे कृषि पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि आलू, सरसों और सब्जियों की फसलें अत्यधिक ठंड और ओस के कारण प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि यदि ठंड संतुलित रहे तो रबी की फसलों विशेषकर गेहूं के लिए यह अनुकूल भी साबित हो सकता है।

दक्षिण भारत की सर्दियां उत्तर की तुलना में बहुत हल्की होती हैं, लेकिन पिछले वर्षों में यहां भी तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली है। 2025 की सर्दियां तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में कुछ अधिक शुष्क रह सकती हैं। दिसंबर-जनवरी के महीनों में सुबह और देर शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है। बेंगलुरु और मैसूर जैसे शहरों में तापमान सामान्य से कुछ कम जा सकता है। इसी समय में उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिशें भी दक्षिण-पूर्वी राज्यों में जारी रहने की संभावना रहती है, लेकिन 2025 में यह बारिश कुछ कम हो सकती है। इससे उन क्षेत्रों में जल उपलब्धता और कृषि पैटर्न पर हल्का प्रभाव पड़ सकता है।

पश्चिमी भारत विशेषकर राजस्थान और गुजरात में 2025 की सर्दियां दो तरह से प्रभाव दिखा सकती हैं। एक ओर थार रेगिस्तान की ठंडी रातें सामान्य से अधिक ठंडी हो सकती हैं, वहीं दूसरी ओर दिन में धूप सामान्य से गर्म महसूस हो सकती है। यह तापमान का बड़ा अंतर लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। गुजरात के कच्छ, सौराष्ट्र क्षेत्र और राजस्थान के बीकानेर तथा जैसलमेर क्षेत्र में तापमान कई बार 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। वहीं शहरी क्षेत्रों जैसे जयपुर और अहमदाबाद में प्रदूषण की वजह से सुबह के समय हवा भारी होगी और ठंड के साथ धुंध का भी अनुभव होगा। मुंबई और कोस्टल महाराष्ट्र में भी हल्की से मध्यम ठंड की संभावना रहेगी, लेकिन समुद्री हवाएं ठंड को अधिक कठोर नहीं होने देंगी। पूर्वोत्तर भारत की सर्दियां कुछ अलग ही ढंग की होती हैं। इस क्षेत्र में पहाड़ी इलाकों में दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड होती है, जबकि मैदानी इलाकों में हल्की ठंड रहती है। 2025 में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय और मणिपुर के कई उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की संभावना है। इससे पर्यटन के लिए यह समय आकर्षक बन सकता है, लेकिन साथ ही सड़क अवरोध, परिवहन बाधित होने और बिजली कटौती जैसी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हल्की से मध्यम ठंड रहेगी और सुबह के समय कोहरा अधिक फैलेगा। सर्दियां केवल तापमान ही नहीं, बल्कि जीवन की गतिविधियों को भी प्रभावित करती हैं। 2025 की सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। ठंड से संबंधित बीमारियों जैसे फ्लू, सर्दी-जुकाम, खांसी, अस्थमा और हृदय रोग के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। प्रदूषण और ठंड का संयुक्त प्रभाव बुजुर्गों और बच्चों पर अधिक पड़ सकता है। सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं को इस अवधि में अतिरिक्त तैयारियां रखनी पड़ सकती हैं। कई शहरों में एयर क्वालिटी सामान्य से खराब है, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलने में तकलीफ हो रही है। कृषि क्षेत्र में सर्दियों का महत्व सबसे अधिक होता है, क्योंकि यह रबी फसलों का मुख्य मौसम है। गेहूं, चना, मसूर, मटर, सरसों जैसी फसलें अच्छी ठंड पर निर्भर करती हैं। 2025 में यदि ठंड सामान्य से थोड़ी अधिक रहती है, तो गेहूं की पैदावार अच्छी होने की संभावना है, लेकिन अगर अत्यधिक ठंड या पाला पड़ता है, तो फसलों को नुकसान भी हो सकता है। किसानों को इस दौरान रात के तापमान पर लगातार नजर रखनी होगी। सिंचाई का समय, खाद का सही उपयोग और खेतों में नमी की देखभाल करना बहुत आवश्यक होगा। कोहरे की वजह से कई फसलों में रोग लगने की संभावना भी रहती है, इसलिए सावधानी जरूरी होगी। शहरों में रहने वाले लोगों के लिए 2025 की सर्दियां कई तरह की जीवनशैली संबंधी चुनौतियां लेकर आएंगी। ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ेगी, कार्यालयों में देरी बढ़ेगी, स्कूल-कॉलेजों में समय परिवर्तन होगा। घरों और दफ्तरों में हीटर का उपयोग बढ़ सकता है, जिससे बिजली की खपत बढ़ेगी। कई शहरों में शीत लहर के कारण रैन बसेरों की संख्या और सुविधाएं बढ़ानी पड़ सकती हैं। गरीब और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से कठोर रहता है, क्योंकि उनके पास ठंड से बचने के पर्याप्त साधन नहीं होते। सरकार और सामाजिक संगठनों को इन क्षेत्रों में कंबल वितरण और अस्थाई आश्रयों की तैयारी करनी पड़ सकती है। भविष्य की सर्दियां केवल वर्तमान तापमान का ही संकेत नहीं देतीं, बल्कि आने वाले वर्षों के जलवायु परिवर्तन की संभावित दिशा भी बताती हैं। 2025 की सर्दियां इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो सकती हैं कि यह दिखाएंगी कि वैश्विक तापमान वृद्धि के बीच भारत की ठंड किस रूप में विकसित हो रही है। यदि सर्दी कम होती है, तो यह पर्यावरणीय चिंता का संकेत होगा। यदि सर्दी असमान रूप से बढ़ती है, तो यह भी जलवायु के असंतुलन का संकेत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आसानी से कर सकते हैं माइग्रेन का इलाज

वर्तमान समय में सिरदर्द की परेशानी एक आम समस्या है। सिरदर्द के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं। लेकिन लंबे समय तक तनाव में रहने या फिर तनावपूर्ण माहौल में काम करने जैसी स्थिति बनने पर वर्किंग प्रोफेशनल्स को सिरदर्द की समस्या होती है। हालांकि आजकल अधिक लोगों में माइग्रेन की समस्या को भी देखा जा रहा है। जो आगे चलकर चिड़चिड़ेपन और गुस्से का कारण बनती है।

माइग्रेन होने पर यह आपके जीवन के बाकी हिस्से को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइग्रेन के दर्द से राहत पाने के कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## दो प्रकार का होता है माइग्रेन का दर्द

आपको बता दें कि माइग्रेन की स्थिति दो प्रकार की होती है। इसमें एक क्लासिक माइग्रेन और दूसरा नॉन क्लासिक माइग्रेन है। क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में तेज दर्द होने से पहले कई लक्षण देखने को मिलते हैं। जैसे धुंधला दिखाई देना और हल्का सिरदर्द होना आदि। वहीं नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में समय-समय पर सिर में तेज दर्द होता है। नॉन क्लासिक माइग्रेन की स्थिति में इसके अलावा अन्य कोई लक्षण देखने को नहीं मिलता है।

## माइग्रेन के लक्षण

**आंखों में दर्द होना**



**गैस्टिक होना**

**सिरदर्द**

**मितली**

**उल्टी**

**माइग्रेन का घरेलू इलाज**

**लौंग का पाउडर**

अगर आपको माइग्रेन के कारण कभी तेज सिरदर्द होता है, तो आपके लिए लौंग का पाउडर बहुत फायदेमंद है। लौंग के पाउडर में नमक मिलाकर उसे दूध के साथ पिएं। इससे आपको फौरन आराम मिलेगा।

## अदरक

अदरक कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। अदरक के सेवन से आप माइग्रेन के दर्द में फौरन राहत पा सकते हैं। इसके लिए आप अदरक के रस का शहद के साथ सेवन करें। वहीं किसी भी रूप में अदरक का सेवन आपको फायदा पहुंचाएगा।

## दालचीनी

माइग्रेन के दर्द में दालचीनी काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। लेकिन कई लोग दर्द के दौरान दालचीनी को खाने की गलती करते हैं। दर्द होने पर आप दालचीनी को पानी के साथ पीसकर आधे घंटे तक माथे पर रखें। इससे आपको आराम मिलेगा।

## गर्म तेल की मालिश

माइग्रेन के दर्द से आराम पाने के लिए सरसों या नारियल के तेल को गर्म कर सिर की मसाज करें। सिर के अलावा आप अपने हाथ-पैरों और कंधे की मालिश भी करवाएं। यह तनाव को कम करने के साथ माइग्रेन के दर्द में भी राहत देता है।

## बर्फ की सिकाई

**हालांकि माइग्रेन होने के पीछे का असल कारण क्या है, इसके बारे में आज तक जानकारी नहीं हो पाई है। लेकिन कई बार अधिक तनाव के कारण माइग्रेन की समस्या हो जाती है। अगर आपको भी माइग्रेन में तेज दर्द होता है, तो आप राहत पाने के लिए बर्फ से सिकाई कर सकते हैं। साथ ही हीटिंग पैड से भी आपको काफी राहत मिलेगी।**

# बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ



योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थाई हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' इमरजेंसी शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया, लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे।




(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने लैब में बनाया चिकन जैसा प्रोटीन

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने एक खास प्रकार के फंगस में जीन एडिटिंग करके ऐसा प्रोटीन बनाया है, जो चिकन जैसे मांस का सस्ता और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन सकता है। यह फंगस थ्नेंतपनउ अमदमदंजनउ कहलाता है। इसका इस्तेमाल पहले से ही मीट जैसे स्वाद वाले फूड आइटम्स बनाने में होता है। अब चीनी वैज्ञानिकों ने क्रिसपर तकनीक से इस फंगस को और बेहतर बना दिया है। खास बात यह है कि इसमें किसी दूसरे जीव का डीएनए नहीं डाला गया, बल्कि इसके अपने जीन बदले गए हैं। इस फंगस से बनने वाले प्रोटीन को मायकोप्रोटीन कहते हैं।

### हाईवे पर दौड़ती कार के ऊपर प्लेन गिरा

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में सोमवार को क्रैश लैंडिंग के दौरान एक प्लेन कार से टकरा गया। यह हादसा मेरिट आइलैंड के पास हुआ, जहां हाईवे पर एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते हुए सीधा एक कार से टकरा गया। इस हादसे का वीडियो वायरल है। बीचक्राफ्ट 55 माडल के इस छोटे प्लेन में उड़ान के दौरान अचानक खराबी आ गई। दोनों इंजनों में पावर खत्म होने लगी, तो 27 साल के पायलट ने प्लेन को मजबूरन हाईवे पर ही उतारने का फैसला किया। हाईवे पर ट्रैफिक था, इसलिए उतरते समय प्लेन एक टोयोटा कैमरी कार से टकरा गया। कार को एक बुजुर्ग महिला चला रही थीं, जोकि इस घटना में घायल हो गई हैं।

### स्पेन में चार दिवसीय हड़ताल पर डाक्टर

**मैड्रिड।** स्पेन में सरकार के प्रस्तावित कानून के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी चार दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रस्तावित नए कानून के विरोध में मंगलवार से हड़ताल शुरू की। स्पेनिश कन्फेडरेशन ऑफ मेडिकल ट्रेड यूनियंस (सीईएसएम) ने कहा कि कर्मचारी एक अलग कानून की मांग कर रहे हैं जो उनके पेशे की खास जरूरतों को ध्यान में रखे।

# भारत में अमेरिकी सोयाबीन बेचने की इजाजत मिलेगी

## यूएस अफसर बोलेः पहली बार इतना अच्छा ऑफर मिला, एक साल बाद हो सकती है ट्रेड डील



■ अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही हैः ग्रीयर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका डील पर चल रही बात. चीत के दौरान ही एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अमे. रिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा ऑफर' दिया है।

अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमे. रिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है। भारत कुछ फसलों के मामले में सावधानी बरत रहा है, लेकिन इस बार भारत ने अपनी ओर से बाजार खोलने में दिलचस्पी दिखाई है। अमेरिकी ट्रेड प्रति. निधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा कि अगर भारत अमेरिकी प्रोडक्ट पर कम टैक्स लगाएगा तो अमेरिका भी कम टैक्स लगाएगा।

ग्रीयर के मुताबिक भारत, अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए एक बड़ा और नया बाजार बन सकता है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी किसानों पर चीन की मांग घटने का असर पड़ रहा है और बड़ी मात्रा में अनाज स्टाक में पड़ा है। ग्रीयर ने यह भी कहा कि ए बातचीत उस बदलाव का हिस्सा है जिसमें अमेरिका दुनियाभर में नए बाजारों तक पहुंच बनाने की को. शिश कर रहा है। उनका कहना है कि दुनिया में मिल रहे ये नए बाजार भारत जैसे बड़े देशों से होने वाली बातचीत को मजबूत बनाते हैं। ग्रीयर ने कहा कि कृषि के अलावा दोनों देशों के बीच कुछ और मुद्दों पर भी बातचीत चल रही है। 1979 एयरक्राफ्ट एग्रीमेंट के तहत विमान के पुर्जो पर जीरो टैरिफ लगाने की बात काफी आगे बढ़ चुकी है। यानी कि अगर भारत अपने बाजार में अमेरिकी सामान को कम टैक्स के आने देगा, तो अमेरिका भी बदले में भारत के लिए वही छूट देगा। सीनेट समिति के चेयरमैन जेरी मोरन ने इस दौरान कहा कि भारत अमेरिका के मक्का और सोयाबीन से बनने वाले एथेनाल का भी बड़ा खरीदार बन सकता है। ग्रीयर ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं लेकिन उन्होंने कहा कि यूरोपीय यूनियन समेत कई देशों ने अमेरिकी एथेनाल और ऊर्जा उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं और आने वाले साल में करीब 750 अरब डालर की खरीद का वादा किया है। अमेरिकी ट्रेड का यह बयान उस समय पर आया है जब अमे. रिका की एक हाई लेवल ट्रेड टीम भारत के दौरे पर आई है। यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम का नेतृत्व अमेरिकी डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि रिक स्विट्जर कर रहे हैं। अब इस दौरे का मकसद है कि दोनों देश नई द्विपक्षीय ट्रेड डील की फर्स्ट स्टेज को आखिरी रूप देने की कोशिश करें।



गुरुग्राम। सर्दी की सुबह लोग खुद को गर्म करने के लिए आग के चारों और बैठे हुए।

### थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर झड़पों के बाद शांति समझौता खतरे में

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच ताजा सीमा झड़पों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से हुआ शांति समझौता टूटता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष के फिर से भड़कने की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि वह इस संकट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा कि यह आज शुरू हुआ। मैं एक टेलीफोन पर बातचीत कर एक युद्ध को रोक दूंगा। इस ताजा झड़प ने दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय विवाद को फिर से तेज कर दिया है और शांति के सारे प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं।

# पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारी

## संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान बोलेः देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है, इससे शासन बेहतर होगा



■ भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने किया विरोध, कहाः अल्लाह के अलावा कोई सिंध प्रांत को बांट नहीं सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा। अब्दुल अलीम खान शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं।

ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है। अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए। अलीम खान की पार्टी आईपीपी पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का हिस्सा है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी ने इसका विरोध किया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने धमकी देते हुए कहा कि अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। पाकिस्तान सरकार की तरफ से अभी आधिकारिक नक्शा जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन इलाकों की चर्चा है, वे कुछ इस तरह हैं-पंजाब-उत्तर पंजाब, मध्य पंजाब, दक्षिण पंजाब, सिंध-कराची सिंध, मध्य सिंध, ऊपरला सिंध, केपी उत्तरी केपी, दक्षिणी केपी, आदिवासी केपी/फाटा रीजन, बलूचिस्तान-पूर्व बलूचिस्तान, पश्चिम बलूचिस्तान, दक्षिणी बलूचिस्तान शहबाज सरकार में शामिल बिलावल भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने साफ कहा है कि सिंध को बांटने का किसी भी कीमत पर विरोध किया जाएगा। पीपीपी लंबे समय से खासकर सिंध के बंटवारे का विरोध करती रही है। पिछले महीने सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने साफ चेता. वनी दी थी कि सिंध के हितों के खिलाफ कोई कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीपीपी अपने प्रांत या देश के हितों के खिलाफ किसी भी कदम को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि नए राज्य बनने की अफवाहें चल रही हैं। लेकिन इसे एक कान से सुनें और दूसरे से निकाल दें। अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता। नए प्रांतों की मांग पहले भी उठती रही है, लेकिन कभी मुकाम तक नहीं पहुंची। पाकिस्तान में 1947 के वक्त पांच प्रांत थे। इनमें पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब, सिंध, नार्थ वेस्ट फंटियर प्राविंस (केपी) और बलूचिस्तान शामिल थे। 1971 में पूर्वी बंगाल अलग होकर आज का बांग्लादेश गया। बाद में केपी का नाम बदलकर खैबर पख्तूनख्वा रखा गया। इस बार प्रस्ताव को कुछ थिंक-टैंक और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान जैसी पार्टियों ने भी समर्थन दिया है। पीपीपी के अलावा कई छोटे दल भी इस बंटवारे के विरोध में हैं। अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) और बलूच राष्ट्रवादी दलों ने इसे बांटो और राज करो की नीति बताया है। इन लोगों का कहना है कि छोटे प्रांत बनाने से स्थानीय पहचान और संस्कृति कमजोर हो सकती है। बड़े प्रांतों की राजनीतिक ताकत टूट जाएगी।

### नए प्रांत बनाने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी

**इस्लामाबाद।** कई पालिटिकल एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान के सत्ता ढांचे में पिछले कुछ सालों में सेना का प्रभाव बढ़ा है। ऐसे में प्रांतों को बांटने का फैसला प्रशासनिक सुधार से ज्यादा राजनीतिक कंट्रोल बढ़ाने की रणनीति भी हो सकती है। नए प्रांत बनाने के लिए संविधान में संशोधन जरूरी है और उसके लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए। अगर पाकिस्तान 12 प्रांतों में बंटता है, तो देश का प्रशासनिक ढांचा, राजनीति और संसाधन-बंटवारा पूरी तरह से बदल जाएगा। पाकिस्तान के वरिष्ठ अफसर और पुलिस अधिकारी रहे सैयद अख्तर अली शाह का कहना है कि सिर्फ प्रांत बढ़ाने से समस्याएं हल नहीं होंगी। उनका कहना है, पाकिस्तान की समस्या प्रांतों की संख्या नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था की खामियां हैं। अगर ये दुरुस्त नहीं हुई, तो नए प्रांत बनाना हालात और बिगाड़ सकता है। अली शाह के मुताबिक कमजोर संस्थाएं, कानून का असमान लागू होना, जवाबदेही की कमी और स्थानीय सरकारों को अधिकार न देना देश की असली समस्याएं हैं।

### बलूचिस्तान में आठ लोगों को जलते कोयलों पर चलने की सजा, चोरी का शक था

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान के मुसखेल जिले में 8 लोगों को नंगे पैर जलते कोयलों पर चलने की सजा दी गई। समा टीवी के मुताबिक एक जिरगा ने दुकान में चोरी के शक में लोगों को सजा सुनाई और उन्हें अपनी बेगुनाही का सबूत देने को कहा। जिरगा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के कई इलाकों में चलने वाली एक पुरानी पारंपरिक पंचायत होती है, जहां बुजुर्ग या प्रभावशाली लोग आपस में बैठकर किसी विवाद या मामले का फैसला करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना सोमवार को हुई। इलाके के लोगों के मुताबिक, एक दुकानदार ने अपनी दुकान में चोरी का आरोप लगाया और इसके बाद उसने जिरगा बुला लिया। जिरगा ने फैसला किया कि सभी संदिग्धों को अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए जलते अंगारों पर चलना होगा। इसे बेहद अमानवीय और पिछड़ी हुई परीक्षा बताया गया है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया है और कहा है कि 21वीं सदी में भी ऐसी हिंसक और पिछड़ी प्रथाएं होना बहुत चिंता का विषय है।

### अमेरिका ने जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विद. ेश विभाग ने घोषणा की है कि जनवरी से अब तक 85,000 वीजा रद्द किए गए हैं, जो आव्र. जन और सीमा सुरक्षा पर ट्रम्प प्रशासन के रुख एवं रवैए को रेखांकित करता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि जनवरी से अब तक 85000 वीजा रद्द किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रूबियो एक साधारण जनादेश का पालन कर रहे हैं और वे इस प्रक्रिया को जल्द रोकने वाले नहीं हैं। इस पोस्ट के साथ ही 'मेक अमेरिका सेफ अगेन' नारे वाले पोस्टर लगाए गए। विदेश विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, रद्द किए गए 85000 वीजा सभी श्रेणियों के हैं। ये पिछले साल रद्द किए गए वीजा की संख्या से दोगुने से भी अधिक हैं। केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) की रिपोर्ट के अनुसार, इस आंकड़े में 8000 से अधिक छात्र वीजा शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना, हमला और चोरी जैसे अपराध पिछले साल वीजा रद्द होने के मामलों में 'लगभग आधे के लिए जिम्मेदार थे। वीजा रद्द होने की इस वृद्धि ने 'प्रथम संशोधन' को लेकर भी चिंताएं बढ़ाई हैं।

# शेख हसीना की पार्टी को मिली बड़ी राहत



■ सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं

**ढाका।** बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को बड़ी राहत मिली है। बांग्लादेश की सरकार ने आवामी लीग के उन नेताओं को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है, जो साफ छवि के हैं।

हालांकि, ये नेता पार्टी के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इन्हें निर्दलीय ही मैदान में उतरना होगा। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया के मुताबिक आवामी लीग के कार्यकर्ताओं के विरोध को देखते सरकार ने यह फैसला किया है। इस फैसले के बाद अब आवामी लीग के कार्यकर्ता और नेता आसानी से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के कुछ दिनों के बाद बांग्लादेश में आवामी लीग पर बैन लगा दिया गया। प्रतिबंध की वजह से आवामी लीग चुनाव में भाग नहीं ले सकती है। यूनुस सरकार का कहना है कि आवामी लीग की बागडोर अभी भी शेख हसीना के हाथो में है। शेख हसीना पर बांग्लादेश में नरसंहार का आरोप है। ऐसे में उस पार्टी को चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। वहीं शेख हसीना ने एक बयान जारी कर इसका विरोध जताया था।

हसीना ने कहा कि अगर आवामी लीग को चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा, तो उसके कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। बांग्लादेश में अभी भी आवामी लीग के पास मजबूत जनाधार है। प्रथम आलो की हालिया सर्वे में बांग्लादेश के 26 प्रतिशत लोगों का कहना था कि आवामी लीग के खिलाफ बैन गलत है। बांग्लादेश में 14 महीने बाद चुनाव की घोषणा होने जा रही है। सरकार फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव कराने की तैयारी में है। इस चुनाव के जरिए बांग्लादेश के लोग नई सरकार को चुनेंगे।

### रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करेंगे भारत-इटली

**नई दिल्ली।** इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी भारत और इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को गति प्रदान करने के मकसद से बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। ताजानी इस साल दूसरी बार भारत के दौरे पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इटली के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी का नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। इस साल यह उनकी भारत की दूसरी यात्रा है। दिल्ली और मुंबई में उनके कार्यक्रम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

# इजरायल ने गाजा का नया नक्शा बनाया

## 50% जमीन कब्जाई, सेना प्रमुख बोलेः ट्रम्प ने सीजफायर में जो यलो लाइन बनाया, वही नया बॉर्डर




■ उससे पीछे नहीं हटेंगे

**गाजा।** इजरायल ने गाजा की 50 प्रतिशत से ज्यादा जमीन पर कब्जा करके उसे अपना इलाका घोषित कर दिया है। इजरायली सेना प्रमुख ऐयाल जमीर ने गाजा सीजफायर प्लान में जिस 'येलो लाइन' का जिक्र है, उसे नई बार्डर बताया है।

उन्होंने गाजा में तैनात सैनिकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह लाइन अब इजरायल की 'सुरक्षा सीमा' की तरह काम करेगी और सेना इससे पीछे नहीं हटेगी। जमीर ने कहा कि इजरायल अपनी मौजूदा सैन्य पोजिशन नहीं छोड़ेगा। इन पोजिशन्स की वजह से इजरायल गाजा के आधे से ज्यादा हिस्से को कंट्रोल कर रहा है। इसमें गाजा की ज्यादातर खेती की जाने वाली जमीन है। इसके अलावा इसी हिस्से में मिस्र से लगने वाला बार्डर क्रासिंग (राफा) भी शामिल है। इजरायली सरकार ने आर्मी चीफ जमीर के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक अधिकारी ने इतना कहा कि इजरायली सेना 'सीजफायर की शर्तों के अनुसार' तैनात है और आरोप लगाया कि हमास ही सीजफायर तोड़ रहा है। ट्रम्प के सीजफायर प्लान के तहत अमेरिका गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटेगा। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा। फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। इन दोनों इलाकों के बीच एक श्यलो लाइनश खींची गई है। हिंसा और हमले की वजह से ज्यादातर फलस्तीनी ये इलाके पहले ही खाली कर चुके हैं। अब लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग गाजा के पश्चिमी हिस्से की एक छोटी-सी पट्टी में रहने को मजबूर हैं। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे। यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की कोशिश कर रहा है। प्लान के मुताबिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी।

# यूक्रेन के पास अमेरिकी हथियार खरीदने के पैसे नहीं

## 6840 करोड़ कम पड़े, जेलेंस्की आज अमेरिका को नया शांति प्लान पेश करेंगे



■ अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर (लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये) की जरूरत है

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि इस साल अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए करीब 6800 करोड़ रुपये कम पड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह फंडिंग यूरोपीय देशों से आनी थी, लेकिन समय पर पैसे नहीं मिल सके। जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी हो सकती है। जेलेंस्की ने यह बात लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद कही।

उन्होंने कहा कि नाटो की प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) पहल के तहत हथियार खरीद जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत है, लेकिन अमेरिका ने भी मदद देना कम कर दिया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी हथियार खरी. दने के लिए यूक्रेन को लगभग 15 अरब डालर (लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये) की जरूरत है। वहीं, जेलेंसेकी आज अमे. रिका को एक संशोधित शांति प्लान सौंपेंगे। यह प्लान ट्रम्प के 28 पाइंट प्लान को घटाकर 20 प्वाइंट में बदली गई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बैठक की मेजबानी करते हुए साफ कहा कि शांति प्रक्रिया में यूक्रेन को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दावा किया कि यूरोपीय देशों के लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। वहीं, जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिका के रुख पर शक जताते हुए कहा कि कुछ पहलुओं पर यूरोपीय देशों में गंभीर चर्चा जरूरी है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया। प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन (पीयूआरएल) यूक्रेन की जंग में सैन्य मदद के लिए बनाया गया था। यह नाटो की पहल है, जो यूक्रेन को लोन के रूप में फंडिंग देती है। यह रिलीफ लोन है, यानी आपदा राहत के लिए उधार। इसकी शुरुआत जुलाई 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक में हुई थी। इस बार यूरोपीय देशों से जो फंडिंग नहीं मिली, वह किन-किन देशों से आनी थी और क्यों अटकी इसके बारे में जेलेंस्की ने ज्यादा जानकारी नहीं दी।

